राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 27 हजार कर्मचारियों को निकालने का फैसला बहुत कठिन था ...

साइ के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में खेल सुविधाओं का विस्तार किया ... 11

वर्ष : 10 | अंक : 330 | पटना, शनिवार, 15 अप्रैल, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 41.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

गंगा नदी में डूबने से दो युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मनेर में गंगा नदी में डूबने से दो लोगों की मौत का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों शुक्रवार को सतुआनी के अवसर पर गंगा में स्नान करने आए थे।

जहां स्नान के क्रम में डूबने से दोनों की मौत हो गई। यह घटना मनेर के दो घाटों पर हुई है। जहां नदी में डूबने से दो युवक की मौत हो गई है। पहली घटना मनेर के लोदीपुर घाट की है। जहां बिहटा थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव निवासी नवीन कुमार अपनी पत्नी एवं माता – पिता के साथ सतुआनी के अवसर पर मनेर के लोदीपुर घाट पर स्नान करने पहुंचा था। अचानक गहरे पानी मे चले जाने से नवीन नदी में समा गया। पास में स्नान कर रही नवीन की पत्नी आरती देवी जब नवीन को डूबते देखी तो तो वह जोर – जोर से चिल्लाने और रोने लगी। पत्नी और माता – पिता के आंखों के सामने ही नवीन गहरे पानी मे समा गया। युवक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव निवासी राधा मोहन

वर्मा का 32 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार के रूप में हुई है। दूसरी घटना मनेर के रतन टोला घाट की है। यहां नदी में स्नान करने के क्रम में भीम कुमार बिंद ((35) नदी में डूब गया। भीम कुमार महीनवां गांव का रहने वाला है। दोनों की डूबने की सूचना मिलने के बाद में परिजनों में कोहराम मच गया है।घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम ने गंगा नदी से दोनों को खोजने में जुटी हुई है। वहीं, मनेर के अंचलाधिकारी दिनेश सिंह ने दो लोगों के डूबने की पुष्टि करते हुए बताया की दोनों को खोजने के लिए स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ को नदी में उतारा गया है। बताया जाता है कि नदी से बालू माफियाओं के द्वारा बालू निकाले जाने के बाद नदी में जगह – जगह पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं।जिससे आए दिन नदी में डूबने से लोगों की मौत होती रहती है। लेकिन करवाई के नाम पर पुलिस प्रशासन चुपी साध लेती है। बता दें कि, मृत नवीन कुमार कन्हौली बाजार पर छोटा सा दुकान चला कर परिवार का भरण पोषण करता था। वहीं 2015 में मृत अनिल की शादी हुई थी। उसका एक मासूम लड़का भी है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी आरती देवी एव मां सीमा वर्मा का रो रो कर बुरा हाल है। पत्नी बेहाल एवं बेसुध पड़ी है।

वहीं, पटना के एलसीटी घाट पर भी दो युवक की मौत की खबर है। गोताखोर डूबे युवक की खोज में जुटे है।

बड़े पैमाने पर शिक्षकों की होगी बड़ी बहाली : नीतीश

राष्ट्रनिर्माण में डॉ भीमराव अंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि हमारी सरकार सभी तबके के लोगो के लिए काम कर रही है और सभी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चिकित्सा शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों का विकास किया गया। हमलोगों ने बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं शिक्षकों की बहाली की हम सभी सात पार्टी एक साथ हैं और सबने यह तय किया है कि अब बिहार में शिक्षकों की सरकारी बहाली की जायेगी। इसी वर्ष बड़े पैमाने पर जल्द ही शिक्षकों की बहाली की जायेगी। अब शिक्षक सरकारी नौकरी में आयेंगे। कुछ लोग सरकारी शिक्षक की बहाली पर अनाप–शनाप बोलने में लगे हुए हैं। पहले से जो शिक्षक है उनकी भी आमदनी बढ़ाई जायेगी। वहीं, दिल्ली में बैठी सरकार कुछ काम नहीं कर रही है। उनका काम सिर्फ प्रचार और विपक्षी नेताओं को परेशान करना है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने सविंधान की रचना कर राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया और उनके इस योगदान को कभी भूलना नहीं चाहिए। डॉ भीमराव अंबेडकर की योग्यता इसी बात से सिद्ध होती है कि वे एक मध्यम परिवार से आने के बावजूद भी भारत के महान सविंधान की रचना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दलित, पिछड़े, अतिपिछड़े व अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए ढ़ेर सारा काम किया है। हमारी पार्टी महात्मा गांधी, डॉ भीमराव अंबेडकर, जयप्रकाश नारायण, राममनोहर लोहिया, कपूर्री ठाकुर के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। आगे उन्होंने कहा कि हमनें बिहार की महिलाओं को पंचायतीराज में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया, जिसकी वजह से आज बिहार की महिलाएं सशक्त बन रही है। जीविका के माध्यम से भी आज लाखों महिलाएं लाभान्वित हो रही है। महिला शिक्षा के लिए हमनें बेहतर कार्य किया है। प्रारम्भ से ही हम समाज में प्रेम और भाईचारे के समर्थक रहे है। कुछ लोग भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमलोगों ने विकास के कार्यक्रम तय किये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, मुस्लिग, अतिपिछड़ा, पिछड़ा सामान्य वर्ग और महिलाओं समेत सभी के उत्थान के लिए एक–एक कान किये गये। इनारी पार्टी में सभी जाति से जुड़े नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हैं। सबलोग एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बाएं दाएं करने की कोशिश करते रहते हैं, ऐसे लोगों से सचेत रहने की जरूरत है। उन सभी का कर्तव्य है कि बिहार को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर काम करें। आप सभी लोगों के बीच में जाकर बात करें बिहार को आगे बढ़ाने के लिए जिन नई योजनाओं की जरूरत होगी, उसे शुरू की जायेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने कहा कि डॉ आंबेडकर एक समाजवादी विचारधारा के व्यक्ति थे। उन्होंने समाज के गैरबराबरी को खत्म करने के लिए आजीवन सँघर्ष किया और आरक्षण के माध्यम से दलीत, शोषित व वंचित वर्गो को सशक्त बनाया। आगे उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में भारत के सविंधान और इतिहास की धज्जियां उड़ाई जा रही है और सवैंधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिन राज्यों में गैरभाजपाई सरकार है उन्हें अस्थिर करने की हरसंभव कोशिश की जाती है। महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है। किसान मजदूर त्राहिमाम कर रहे हैं।

हम सब एक साथ मिलकर लड़ेंगे तभी देश सुरक्षित रहेगा

पटना। मुख्यमंत्री ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि इतिहास बदलने की कोशिश हो रही है। हमारा उद्देश्य यह है कि देश का विपक्ष एकजुट होकर चुनाव लड़े, सभी पार्टियों के साथ हमारी सहमती बन रही है। आगे भी अन्य लोगों से बातचीत होगी। बहुत जल्द ही सारी बातें सामने आ जायेंगी।

हमारा उदेश्य है कि अधिक से अधिक लोग एक साथ आये फिर सब साथ बैठकर आगे की रणनीति तय करेंगे। हम सब एक साथ मिलकर लड़ेंगे तभी देश सुरक्षित रहेगा। श्रदेय अटल विहार बाजपेयी जी के कार्यकाल में हम छह साल केंद्र में मंत्री रहे थे वे हमें काफी मानते थे श्रद्धेय अटल जी के समय में जो काम तय थे, वे आज तक बिहार में पूरे नहीं हुये। आज कल हर चीज पर नियंत्रण किया जा रहा है। अपने ढंग से दो लोग नियंत्रण करने में लगे हैं। कुछ लोग मेरे खिलाफ बोल रहे हैं ताकि दिल्ली से उन्हें पारितोषिक मिल जाएगा। वे लोग डरे हुए हैं कि कहीं उनका टिकट न कट जाए। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी मेरे लिए नारा मत लगाइए।

हम सभी को एकजुट करने में लगे हुए हैं। आप सभी एकजुट रहें सर लोग एक-दूसरे का साथ दें हम सभी पार्टियों मिलकर बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। देश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक बल एकजुट हो रहे हैं सब लोग एकजुट हो जायेंगे तो देश आगे बढ़ेगा और गरीबी दूर होगी। आप तभी आपस में प्रेम एवं भाईचारे का भाव कायम रखें। यह आप सभी को जिम्मेवारी है कि देश को आगे बढ़ाने में मिलकर योगदान दें।

अम्बेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व. डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन, विधि मंत्री शमीम अहमद, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, पूर्व मंत्री श्याम रजक, पूर्व मंत्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य नंदकिशोर कुशवाहा, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद, जदयू नेता ओमप्रकाश सेतु सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने भी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

संक्षिप्त खबरें

सीआरएस ने रेल खंड का किया निरीक्षण

पटना। पूर्वी सर्कल रेलवे संरक्षा आयुक्त सुवोमॉय मित्रा ने शुक्रवार को झारोखास से रेणुकूट तक निरीक्षण ट्रेन के साथ गति परीक्षण निरीक्षण किया। झारोखास से रेणुकूट तक नई दोहरीकरण लाइन का निरीक्षण व स्पीड ट्रायल भी हो चुका है। स्पीड ट्रायल 120 किमी/घंटा की रफ्तार से किया गया! झारोखास से रेणुकूट तक नई दोहरीकरण लाइन का भी निरीक्षण किया गया। झारोखास से रेणुकूट स्टेशन तक नई दोहरीकरण लाइन से ट्रेनों के परिचालन में हो रही देरी से निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने दी है।

एनएमसीएच के 7 नमूने की जांच में 3 पॉजिटिव

पटना सिटी। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 283 नमूना का जांच किया गया, जिसमें तीन कोविड संक्रमित पाया गया। नोडल पदाधिकारी डॉमुकुल कुमारसिंह एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि एनएमसीएच से सात नमूना जांच के लिए भेजा गया। इसमें तीन में पॉजिटिव पाया गया। वहीं तीनों एनएमसीएच के संक्रमित पाए गए। वहीं वैशाली जिला से 276 नमूना जांच के लिए आया। इसमें कोई भी पॉजिटिव नहीं पाया गया।

प्री स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर छुट्टी का समय बदला

पटना। राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 42 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में पटना जिला प्रशासन ने जिले के स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया है। पटना डीएम डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह की ओर से इस संबंध में शुक्रवार को निर्देश जारी किया गया है और निर्देशित किया गया है कि जिले के सभी विद्यालयों (प्री स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों सहित में 11:45 बजे के बाद कक्षाओं का संचालन नहीं होगा और किसी प्रकार की कोई शैक्षणिक गतिविधि नहीं होगी। पटना डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले में रह रहे अधिक तापमान और विशेष रूप से दोपहर के समय अधिक गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जिले के सभी विद्यालयों में 11:45 बजे के बाद शैक्षणि गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। इस निर्देश के आलोक में विद्यालय प्रबंधन आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियो को पुनः निर्धारित करने की सूचना दी गई है। यह आदेश 15 अप्रैल से लागू होगा।

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 20 मरीजों की मौत

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 20 मरीजों की मौत हुई है और संक्रमण के 4,624 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 467 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,25,120 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 49,622 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,97,269 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,064 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 6,456 बढ़कर 4,42,16,583 पर पहुंच गया है।

भारतीय नागरिकों को बांटने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने वाले असली राष्ट्र विरोधी : सोनिया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि सत्ता का दुरुपयोग और संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने यह दावा भी किया कि भारतीय नागरिकों को धर्म, जाति, भाषा और लिंग के आधार पर बांटने एवं उन्हें एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने वाले ह्यअसली राष्ट्र विरोधी हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने लोगों का आह्वान किया कि वे सुनियोजित ढंग से हो रहे हमले से संविधान को बचाने के लिए कदम बढ़ाएं। आंबेडकर जयंती पर समाचार पत्र ह्यद टेलीग्राफ में लिखे एक लेख में सोनिया गांधी ने कहा, ह्यह्यआज हम बाबासाहेब की विरासत का सम्मान

करते हैं। इसके साथ ही हमें उनकी उस चेतावनी को भी याद रखना होगा कि संविधान की सफलता उन लोगों के व्यवहार पर निर्भर करती है जिन्हें शासन करने का उत्तरदायित्व मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार सत्ता का दुरुपयोग, संविधान को नष्ट कर रही है तथा न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता की बुनियादों को कमजोर कर रही है।

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने यह आरोप भी लगाया कि लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के बजाय उन्हें प्रताड़ित करने के लिए सत्ता दुरुपयोग किया जा रहा जिससे स्वतंत्रता को खतरा पैदा हुआ है तथा ह्यचुनिंदा मित्रों को फायदा पहुंचाने वाले व्यवहार से समता की बुनियाद को आघात लगा है। उन्होंने दावा किया कि भारतीय नागरिकों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करने और नफरत का माहौल पैदा करने से बंधुता का भी क्षरण हुआ है तथा सतत अभियान के जरिये न्यायपालिका पर दबाव बनाकर अन्याय बढ़ाया जा रहा है। सोनिया गांधी ने कहा, अपने आखिरी भाषण में डॉक्टर आंबेडकर ने जाति व्यवस्था को बंधुता की बुनियाद पर हमला बताया था और इसे राष्ट्र विरोधी करार दिया था। उन्होंने आरोप लगाया, आज असली राष्ट्र विरोधी वह लोग हैं जो भारतीय नागरिकों को धर्म, जाति, भाषा और लिंग के आधार पर बांटने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा, शुक्र है कि सत्ता के प्रयासों के बावजूद भारतीय नागरिकों में बंधुता की भावना की जड़ें गहरी हैं।

छापेमारी के बाद सरकारी अधिकारी सहित सात को ईडी ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण

रांची/ एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित रूप से जमीन हड़पने के एक मामले में धनशोधन संबंधी जांच के सिलसिले में झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में छापेमारी के बाद एक सरकारी अधिकारी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अफशर अली, इम्तियाज अहमद, प्रदीप बागची, मोहम्मद सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, भानु प्रताप प्रसाद और फैयाज खान के रूप में की गई है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रसाद झारखंड सरकार में मंडल निरीक्षक हैं, जबकि बाकी छह मामले में शामिल बिचौलिये बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, सातों लोगों को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में बृहस्पतिवार को कुल 22 स्थानों पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान, 2011 बैच के झारखंड काडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी छवि रंजन के परिसरों पर भी छापे मारे गए थे। रंजन पहले झारखंड की राजधानी रांची में उपायुक्त के तौर पर पदस्थ थे। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी ने उनसे पूछताछ भी की थी। छापेमारी की कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई और एजेंसी कथित रूप से रक्षा भूमि सहित अन्य जमीन को हड़पने के दर्जन भर से अधिक मामलों की जांच कर रही है। आरोप है कि इन जमीन सौदों के तहत भू माफिया, बिचौलियों और नौकरशाहों के एक समूह ने कथित तौर पर ह्यसांठगांठह्ल की और 1932 और उसके बाद की अवधि में जमीन के जाली कागजात और दस्तावेज बनाए। ईडी के सूत्रों ने कहा कि इस घोटाले के तहत गरीबों और वंचितों की जमीन को हड़पा गया। जांच एजेंसी ने स्थानीय नगर निगम द्वारा कुछ व्यक्तिगत पहचान दस्तावेजों की जालसाजी के आरोप में दर्ज कराई गई एक प्राथमिकी को संज्ञान में लेते हुए मामले की पीएमएलए के तहत जांच शुरू की थी। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान ईडी ने कई फर्जी मुहर, जमीन दस्तावेज और रजिस्ट्री दस्तावेज बरामद किए हैं।

दलाई लामा के खिलाफ चीन समर्थकों ने साजिश रची : सीटीए के नेता

नई दिल्ली/ एजेंसी। भारत में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के एक शीर्ष राजनेता पेनपा सेरिंग ने कहा कि दलाई लामा और एक लड़के से जुड़े हालिया वीडियो को लेकर किए गए आक्षेपों से तिब्बती लोग आहत हैं। उन्होंने इन आक्षेपों को आध्यात्मिक नेता की छवि को खराब करने की चीन समर्थकों की साजिश करार दिया। फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया की एक बैठक को बृहस्पतिवार को संबोधित करते हुए केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (निर्वासित सरकार) के सिक्योंग (राजनीतिक नेता) पेनपा सेरिंग ने आरोप लगाया कि चीन जबरन तिब्बत पर शासन कर रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वैधता हासिल करने की कोशिश कर रहा है। सेरिंग ने दलाई लामा और एक लड़के से जुड़े हालिया वीडियो सहित कई मुद्दों पर लोगों के सवालों के जवाब दिए। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने 10 अप्रैल को इस मामले पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि अगर उनके शब्दों से भावनाएं आहत हुई हैं, तो वह एक बच्चे, उसके परिवार और दोस्तों से माफी मांगते हैं। गौरतलब है कि वीडियो में तिब्बती आध्यात्मिक नेता बच्चे से कथित तौर पर अपनी जीभ चूसने के लिए कह रहे हैं। वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद इसे लेकर विवाड़ खड़ा हो गया था। सेरिंग ने इसे घर के किसी बड़े का प्यार भरा आचरण बताया और कहा कि ऐसा कहने के बाद दलाई लामा ने खेल–खेल में जीभ के साथ एक शरारत भी की।

उद्घाटन प्रधानमंत्री ने एम्स गुवाहाटी व तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को किया समर्पित

वंशवाद, क्षेत्रवाद, भ्रष्टाचार व अस्थिरता की राजनीति विकास में बाधक : मोदी

प्रात : किरण संवाददाता

गुवाहाटी/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वंशवाद और क्षेत्रवाद की नीति पर शुक्रवार को करारा प्रहार करते हुए कहा कि उनकी सरकार कोई भी निर्णय किसी निजी स्वार्थ या वोट बैंक की राजनीति से नहीं बल्कि देश और देशवासियों के हित को ध्यान में रख कर करती है। उन्होंने कहा, जब वंशवाद, क्षेत्रवाद, भ्रष्टाचार और अस्थिरता की राजनीति हावी होने लगे तो विकास असंभव हो जाता है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों से महिलाओं को भी बड़ा फायदा हुआ है। श्री मोदी असम के के दौरे पर यहां एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर राज्य में 3,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। समारोह में असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री हिमंत बिश्वशर्मा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया, राज्य मंत्री डॉ. भारती पवार, राज्य सरकार के कई मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री मोदी ने कहा हमारी सरकारों में नीति, नियत और निष्ठा किसी स्वार्थ से नहीं बल्कि– राष्ट्र प्रथम, देशवासी प्रथम की भावना से तय होती है। उन्होंने कहा, हमने वोट बैंक के बजाय देश की जनता की मुश्किलों को कम करने पर फोकस किया है। उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर के लोगों ने विकास की बागडोर आगे बढ़कर खुद संभाल ली है। वे पूर्वोत्तर के विकास से भारत के विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। देश में स्वास्थ्य सेवाओं और गरीबों के स्वास्थ्य बीमा की योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि महिलाओं को उपचार के लिए दूर न जाना पड़े और गरीबों को पैसे के अभाव में

अपना इलाज न टालना पड़े। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने जो भी योजनाएं शुरू कीं, उसका बहुत बड़ा लाभ महिलाओं की सेहत को हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान ने महिलाओं को बहुत सारी बीमारियों से बचाया, उज्जवला योजना के तहत मिले गैस कनेक्शनों ने महिलाओं को जानलेवा धुएं से बचाव हुआ और मिशन इंद्रधनुष ने करोड़ों मिलओं का मुफ्त टीकाकरण करके दिलायी, जलजीवन मिशन ने उन्हें दूषित जल जनित बीमारियों से बचाया। श्री मोदी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को समर्पित किया तथा आपके द्वार आयुष्मान अभियान शुरू किया, असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखी। इस तरह पूर्वोत्तर क्षेत्र को आज पहला एम्स मिला है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर में सामाजिक बुनियादी ढांचे में काफी सुधार हुआ है, हम लोगों के लिए सेवा भाव के साथ काम करते हैं। हमारी सरकार 21वीं सदी की जरूरतों के हिसाब से भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र का आधुनिकीकरण कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने रोंगाली बिहू के शुभ अवसर पर लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की कि असम और उत्तर पूर्व के स्वास्थ्य ढांचे को नई ताकत मिली है, क्योंकि पूर्वोत्तर को अपना पहला एम्स मिला है और असम राज्य को तीन नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भौतिक बुनियादी ढांचे के साथ–साथ सामाजिक बुनियादी ढांचे को भी इस क्षेत्र में भारी बढ़ावा मिला है, क्योंकि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व तरीके से विस्तार किया गया है।

पीएम ने लोगों से वृत्तचित्र धरोहर भारत की देखने का किया आग्रह

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लोगों से सरकार की उपलब्धियों पर बने वृत्तचित्र ह्यधरोहर भारत कीह्ल देखने का आग्रह किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी करके कहा कि इस वृत्तचित्र में देश की सांस्कृतिक एकता और गौरव भावना को पुनर्जीवित करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में भारत द्वारा प्राप्त की गई बड़ी प्रगति और उपलब्धियों को दशार्या गया है। दो भागों में बने इस वृत्तचित्र का प्रसारण डीडी नेशनल पर 14 और 15 अप्रैल को रात आठ बजे किया जाएगा। दूरदर्शन द्वारा किए एक ट्वीट के जवाब में श्री मोदी ने कहा, ह्लहमारी विरासत, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया और वर्दी में सेवा करने वालों की वीरता को श्रद्धांजलि।ह्व प्रधानमंत्री ने कहा कि डीडी नेशनल पर दो भागों वाली इस वृत्तचित्र को 14 और 15 अप्रैल को जरूर देखें।

संक्षिप्त खबरें

अंबेडकर जयंती पर भाकपा माले ने निकाला सदभावना व एकजुटता मार्च

मसौढ़ी। लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ भगत सिंह अंबेडकर के सपनों का भारत बनाओ महान सामाजिक शैक्षणिक सुधारक ज्योति राव फुले और संविधान निमार्ता भारत रतन भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सांप्रदायिक उन्माद व हिंसा के खिलाफ सद्भावना एकजुटता मार्च निकाला गया मसौढ़ी अनुमंडल सहित पूरे जिले में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया यह मार्च भाकपा माले कार्यालय से निकलकर मसौढ़ी कोट पहुंचा और कार्यकताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इस कार्यक्रम की अगुवाई भाकपा माले के प्रखंड सचिव राकेश कुमार, जिला कमेटी सदस्य नागेश्वर पासवान, बि नेश चौधरी, संजय पासवान ,बाजन पासवान, सुदामा पासवान ,शशि यादब ,श्री भगवान सिंह, बिनेश्वर यादव, कपिल पासवान ,कृष्णा दास धर्म शिला देवी, सहित सैकड़ों लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

सीता राम, जय-सिता राम के जयघोष के साथ 48 घंटे का अखंड कीर्तन हुआ शुरू

मसौढ़ी, स्थानीय नगर के तारेगना गोला रोड मसौढी.स्थित श्री श्री काली मंदिर के प्रांगण में सिता राम जय सिता राम का जयघोष के साथ 48घंटे का अखंड कीर्तन शुक्रवार से शुरू हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अखंड कीर्तन की शुरूआत हुई। सालों से चली आ रही इस परम्परा के युवा निभा रहे हैं। इस अखंड कीर्तन के श्रोता वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार एवं गोल्डी पटेल ने बताया कि भक्ति रस में गोता लगाने के लिए स्थानीय लोगों के अलावे आस-पास का गांव के कई कीर्तन मंडली भी श्री श्री काली मंदिर पहुंची। सुबह से ही श्रद्धालु महिला व पुरूषों की मंडली मंदिर परिसर में जमा थी। अखंड कीर्तन का समापन 16 तारीख रविवार को भंडारे के साथ समाप्त होगा वहीं इस मौके पर मंदिर कमेटी के रामनरेश सिंह, नीरज गुप्ता ,मुन्ना केसरी ,विकास ,लव गुप्ता ,सीता कुमार अमित ,आशुतोष मुकेश, सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

कार्य की सराहना करते हुए किया सम्मानित

पटना सिटी. अनुमंडल के निवर्तमान एसडीओ मुकेश रंजन का अभिनंदन समारोह शुक्रवार महाशिवरात्रि शोभायात्र समिति की ओर से किया गया। संयोजक राजेश साह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में शक्तिपीठ बड़ी पटनेदवी के महंत विजय शंकर गिरि ने माता का चुनरी आशीष के तौर पर दी। इसके बाद अंग वस्त्र व प्रसाद देकर सम्मानित किया। महाशिवरात्रि शोभायात्रा समिति की ओर से राजेश साह, सुरेश सिंह पटेल, दिलीप चौधरी ने प्रतीक चिह्न व बुके देकर सम्मानित किया। रोटेरियन व पत्रकार संघ की ओर से भी निर्वतमान एसडीओ को सम्मानित किया गया। महंत व संयोजक ने एसडीओ के कार्यकलाप को रेखांकित करते हुए सराहा।

पति और पत्नी ने ट्रेन से कटकर दी जान

दानापुर। खगोल नगर के अंतर्गत शुक्रवार की अहले सुबह दानापुर स्टेशन के पश्तिमी यार्ड में पति ने अपनी गर्वभती पत्नी के साथ ट्रेन से कटकर जान दे दी। मृतक की पहचान आदमपुर निवासी सुमन कुमार उर्फ रुदल एवं पूजा कुमारी है। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में पति और पत्नी ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वहीं दानापुर जीआरपी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियाहै। मिली जानकारी के अनुसार आदमपुर गांव में रहने वाले ग्रामीणों के अनुसार मृतक सुमन अपने तीन छोटे भाई बंटी राय, बसंत राय, बाल्मिकी राय के साथ रहता। ज्यादातर मृतक सुमन भारी वाहन चलाने के लिए ज्यादातर राज्य से बाहर रहता है। तीनों भाईयों द्वारा पैसे के बंटवारे, हिस्लेदारी नहीं देने व आदमपुर गांव में भी पुस्तैनी घर से बाहर निकल जाने को लेकर गाली गलौज व मारपीट करते थे। गुरूवार की शाम मृतक पंचायत के कुछ जन प्रतिनिधियों के घर जाकर हिस्सेदारी व घर के बंटवारे के लिए पंचायत रखने की गुहार लगाई थी। मगर भाईयों की इस प्रताड़ना से नाराज दोनों पति पत्नी घर निकल गये और ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। दानापुर जीआरपी दाल बल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को पटरी से बाहर हटाया गया। रेल पुलिस ने उनके जेब से मिले सामान को सुरक्षित रख लिया है। एक आई कार्ड सुमन की जेब से प्राप्त हुआ है। जीआरपी दानापुर के प्रभारी ने बताया कि महिला गर्भवती थी और उन दोनों ने आत्महत्या क्यों की इस बात का खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है लेकिन उन्होंने कहा कि परिवार वालों का यह मानना है कि आपसी परिवारिक कलह के कारण उन दोनों ने आवेश में आकर इस तरह के कदम उठाए हैं।

बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प: डॉ विनय कुमार

विद्या निकेतन हाई स्कूल में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। शेखपुरा बगीचा स्थित विद्या निकेतन हाई स्कूल के प्रागंण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के नेदशक डॉ. विनय कुमार सिन्हा द्वारा बाबा साहब

डॉ. भीमराव अंबेडकर की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। साथ ही साथ विद्यालय के सभी बच्चों ने भी बाबा साहब अंबेडकर की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाए। विद्या निकेतन हाई स्कूल के निदेशक डॉ. विनय कुमार सिन्हा संबोधित करते हुए बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान के निमार्ता रहे। संविधान को लिखने में उनकी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बाबा साहब की जयंती जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने के रूप में भी मनाया जाता है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समाज से छुआछूत मिटाते हुए समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। बाबा साहब बहुत ही सरल स्वभाव व उच्च विचार रखते थे हम सभी को उनके पद चिन्हों पर ही चलना चाहिए ताकि समाज को एक सूत्र में पिरोया जा सके।

उन्होंने जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने का काम किया समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। और विषम परिस्थितियों में ही शिक्षा प्राप्त की और उन्होंने समाज को समता का अधिकार दिया। इसी वक्तव्य के साथ विद्यालय के निदेशक डॉ. विनय कुमार सिन्हा ने सभी बच्चों को उनके पद चिन्हों पर चलने को प्रेरित किया । इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक, प्रिंसिपल सभी शिक्षक शिक्षिका सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया नालंदा के जिला पदाधिकारी से मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तुफैल खान कादरी ,मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक सरवर जमाल मोर्चा के उपाध्यक्ष सैयद नौशाद अहमद ने पटना से नालंदा (बिहार शरीफ) जाकर जिला अधिकारी से मुलाकात की जिला अधिकारी से मांग किया कि पिछले दिनों जो असामाजिक तत्वों के द्वारा बिहारशरीफ में घटनाएं घटित हुई थी उस घटना में कोई बेकसूर को ना पकड़ा जाए बेकसूर पर कोई कार्रवाई न की जाए तथा तुफैल खान कादरी ने जिला अधिकारी से कहा कि निष्पक्ष जांच की मैं उम्मीद करता हूं निष्पक्ष जांच कर जो भी दोषी हो उन पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए श्री खान ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बिहारशरीफ में एक विशाल धरना प्रदर्शन करेगी और यह मांग करेगी कि निष्पक्ष जांच करके जो भी दोषी हैं उन पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा श्री खान ने जिलाधिकारी से कहा कि पूरे बिहार में महागठबंधन के नेता बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के द्वारा कब्रिस्तान की घेराबंदी की गई परंतु बिहारशरीफ की इस कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं कराने का क्या मतलब बनता है जबकि हमेशा उसी कब्रिस्तान के समीप दोनों समुदाय में झड़प होता रहता है अगर उस कब्रिस्तान की घेराबंदी करा दी गई होती तो इतनी बड़ी घटनाएं घटित नहीं होती वही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक सरवर जमाल ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि जो डीएसपी महोदय घटना के दिन घटनास्थल पर मौजूद थे। उनके समक्ष दोनों समुदाय आपस में भिड़े हुए थे और वह चुपचाप खड़े होकर घटने का मुख दर्शक बने हुए थे उन्हीं से बिहार सरकार जांच करवा रही है मुझे नहीं लगता की उचित जांच हो पाएगा ,दागी चाहे कोई भी पदाधिकारी हो उस पदाधिकारी को तत्काल लाइन हाजिर करना चाहिए श्री जमाल ने कहा कि भारत सभी के साथ चलकर विश्व गुरु बनने के तत्पर है इसी में उन्माद फैलाने वाले उन्माद फैला रहे हैं महागठबंधन सरकार लगातार बिहार में हिंदू मुस्लिम को खंड खंड में बांटने का काम कर रही है बिहार के विधानसभा अध्यक्ष श्री अवध बिहारी चौधरी जी के गृह जिला में ही एक अंसारी को दबंगों ने मार मार कर जान ले लिया विधानसभा अध्यक्ष अभी तक मौन बने हुए हैं और उस परिवार को कोई भी मुआवजा नहीं मिला ऐसा ही आज देखने को मिला कि बिहार के छपरा जिला में अपराधियों के द्वारा एक बैंक को टारगेट करके 1200000 रुपए की लूट की गई परंतु बिहार सरकार कुछ नहीं कर पा रही है, प्रशासन मोहन बनी हुई है नीतीश कुमार बिहार से बाहर जाकर मौज मस्ती में लगे हुए हैं और बिहार के हालात रोज बदतर होते जा रहा है ऐसा रहा तो बिहार बहुत पीछे हो जाएगा इसी के साथ मोर्चा के उपाध्यक्ष सैयद नौशाद अहमद ने कहा कि हम जिला अधिकारी से मांग करते हैं के बिहारशरीफ में दोबारा इस तरह की घटना घटित ना हो इस तरह कि यहां माहौल बनाया जाए।

दहेज के खातिर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

प्रात : किरण संवाददाता

मसौढ़ी। दहेज में पांच लाख रुपये के लिए वविवाहिता महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।इस मामले में पुलिस ने पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के ब्रह्मर्षि कॉलोनी निवासी पंकज कुमार उर्फ बिट्टू की पत्नी खुशबू कुमारी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि हमारी शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 23 जुलाई 2011 को ब्रह्मर्षि कॉलोनी निवासी सहजानंद शर्मा के पुत्र पंकज कुमार उर्फ बिट्टू के साथ हुआ था।विवाह के कुछ दिन बाद से ही उसका पति पंकज कुमार उर्फ बिट्टू सास संजू देवी ससुर सहजानंद शर्मा कम दहेज लाने को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। साथ ही उस पर मायके से पांच लाख रुपए लाने का दबाव बनाने लगे।पीड़ित विवाहिता खुशबू कुमारी ने बताया कि मेरे पिता जी ने पूर्व में अपने बेटी की खुशी के लिए दो लाख रुपए देकर मेरे पति को पटना बेउर में साइबर कैफे की दुकान खुलाया था, इसी बीच मेरे पिता द्वारा कई बार मेरे पति को पैसा दिया गया। सता साल दुकान चलाने के बाद मेरे पति दुकान बेच दिया।और मुझसे पैसे के लिए मारपीट करने लगे,01 अप्रैल 2023 को ससुरालियों ने दहेज के लिए उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह अपने मां के साथ मायके आ रही थी तो इन सभी लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की,जिससे वह घायल हो गई।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जाबी तड़के की संगत में गायक कंवर ग्रेवाल ने बांधा समा

इतिहास व संस्कृति को जोड़ता महोत्सव जोड़ता है : नंदकिशोर

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिट। पर्यटन विभाग व जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को राजकीय उच्च विद्यालय पटना सिटी के मैदान में आयोजित दो दिनों के पटना साहिब महोत्सव का उद्घाटन करते हुए

पूर्व मंत्री सह विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि इतिहास व संस्कृति को यह महोत्सव जोड़ता है। समारोह को महापौर सीता साहू, तख्तश्री प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, बाललीला गुरुद्वारा के बाबा गुरविंदर सिंह, दीपक लांबा, जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, उप विकास आयुक्त तनय सुल्तानियां, एडीएम संतोष झा, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र, एसडीओ गुंजन सिंह, डीसीएलआर प्रवीण कुंदन, रेडक्रास के चेयरमैन गोविंद कानोडिया, पूर्व उप महापौर संतोष मेहता, संजीव यादव आदि अन्य उपस्थित थे. गुरुवाणी की स्तुति से आरंभ महोत्सव में बिहार गौरव गान के बाद कलाकारों ने भागंड़ा की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इसके बाद नालंदा संगीत कला विकास संस्थान की ओर से लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। पंजाबी तड़के की संगत में गायक कंवर ग्रेवाल ने अपने गीतों से समा बांध दिया। इस दौरान टिकटा दो ले ले, छल्ला, फकीरा, सुख खलील, इश्क बुल्ले को नच गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को मुग्ध कर दिया।

सतुआनी पर किया गंगा स्नान, लगा पंजरभोंकवा मेला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सतुआनी पर भक्तों ने गंगा में डुबकी लगायी और त्योहार को परंपरागत रूप से मनाया गया। इस दौरान भक्तों की भीड़ गंगा स्नान के लिए विभिन्न घाटों पर जुटी थी। गंगा स्नान के बाद पूजा-अर्चना श्रद्धालु नर-नारियों ने सत्तू व मिट्टी का घड़ा और मौसमी फल के साथ अन्य सामग्री दान किया। सत्तू व गुड़ का प्रसाद ग्रहण किया गया। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी और विवेक द्विवेदी की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान हुए। दूसरी ओर बभनगामा स्थित सती सावित्री के मंदिर में सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। धार्मिक आयोजन के तहत अखंड कीर्तन 24 घंटे का आयोजन शुरू हुआ। आयोजन में सती सावित्री सत्यवान मंदिर के जीर्णोद्वार के लिए समिति संरक्षक रामजी योगेश, अध्यक्ष अंजू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिन्हा व महासचिव रजनीश कुमार राय ने बताया कि शनिवार को यहां संगीत और चैतार प्रतियोगिता होगा। इसी रात यमुनापुर व धवलपुरा से अलग-अलग खप्पड़ लेकर लोग रानीपुर के बभनगामा स्थित सावित्री व सत्यवान मंदिर पहुंचेंगे। रविवार को तड़के पंजर भोंकवा नृत्य होगा।

अंबेडकर को याद कर दी श्रद्धांजलि

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राजकीय अम्बेडकर कल्याण छात्रवास थियोसाफिकल, महेन्द्रू में बाबा साहब की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम अनेक नेता पहुंचे। अम्बेडकर कल्याण छात्रवास महेन्द्रू में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में दलित समाज के मंत्री, सांसद, विधायक, छात्र-युवाओं को एकजुट करने का एक छोटा सा प्रयास है। अम्बेडकर जी की नीति शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। अगर अम्बेडकर जयंती के दिन भी न हो तो जयंती बेकार है।अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस, सांसद चिराग पासवान, प्रिंस राज पासवान, अनिल कुमार, जन अधिकार पार्टी के पप्पू यादव, महेश्वर हजारी, उपाध्यक्ष, बिहार विधानसभा एवं अन्य गण्यमान्य अतिथि शामिल हुए। सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स एक कदम मानवता की ओर, के तत्वावधान में घघा गली स्थित कार्यालय में संगठन के अध्यक्ष अश्विनी राज यादव की अध्यक्षता तथा सचिव ऋषभ यादव के संचालन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। मौके पर संगठन के सदस्यों द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर संगठन के संरक्षक अजय यादव, कोषाध्यक्ष दीपांशु कृष्णा, उपाध्यक्ष विकाश कुमार साहू, राजू कुमार, प्रिंशु राज, विकास गांधी, गौरव पटेल, गुंजन कुमार, मुरारी कुमार, राजन राज, शुभम कुमार आदि मौजूद थे। भाकपा माले सिटी कमेटी ने सद्भावना व एकजुटता दिवस को ले शरीफागंज मालसलामी में कार्यक्रम किया। इससे पहले संविधान बचाओ मार्च निकाला गया। सचिव अनय मेहता के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में शंभूनाथ मेहता, नसीम अंसारी, महेश चंद्रवंशी व पार्षद संध्या यादव ने अपने विचार रखे। भाजपा पश्चिम द्वार मंडल में मंडल अध्यक्ष बद्रीनाथ की अध्यक्षता महामंत्री विनोद शौंडिक के संचालन में आयोजित समारोह में अमरजीत सिंह, महामंत्री विनय केसरी, जितेंद्र, राकेश, नवरंग, बीरू, रवि पांडेय, देवी, जगत आदि शामिल हुए। गुड़ की मंडी स्थित बाबा साहिब के प्रतिमा पर राजद की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप मेहता व संचालन डॉ एकबाल अहमद ने किया।

लावारिस अवस्था में विदेशी शराब बरामद

दानापुर खगौल। शुक्रवार की सुबह जीआरपी पुलिस ने संघमित्रा डाउन ट्रेन से लावारिस अवस्था मैं फुट ओवर ब्रिज के पास के बैग में रखें विदेश शराब बरामद किया गया है। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि 6 पीस रॉयल स्टैग बोतल विदेशी शराब फुट ओवर ब्रिज के पास से एक बैग में रखा हुआ बरामद किया गया है।

रोजेदारों ने अता की जुम्मे की नमाज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

माह-ए-रमजान के जुम्मे की नमाज रोजेदारों ने अकीदत से अता की। नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में लोगों की भीड़ जुटी थी। आलमगंज, सुल्तानगंज, दादरमंडी, लोदी कटरा, सदर गली, खाजेकलां, बटाऊकुआं आदि में स्थित मस्जिद के साथ तारणी प्रसाद लेन स्थित जामा मस्जिद, झाऊगंज स्थित अंबर की मस्जिद के साथ अन्य छोटे -बड़े मस्जिदों में भी नमाजियों की भीड़ नमाज अदा करने को पहुंची थी। नमाज के दौरान तकरीर का भी आयोजन किया गया। खानकाह मुनएमिया, मितन घाट दरगाहशरीफ के सज्जदानशीं सैयद शाह शमीमउद्दीन मुनएमी, दरगाह शाह अरजानी के गद्दनशीं सैयद प्रो शाह हसीन अहमद, खानकाह मंगल तालाब के गद्दीनशीं सैदय शाह मिसबाह उल हक एमादी व खानकाह फैयाजिया सिमली मालसलामी के सज्जादानशीं सैयद शाह फैयाज हुसैन फैयाजी, वारगाहे-ए-इश्क तकियाशरीफ गद्दीनशीं आमिर शाहिद की देखरेख में नमाज व तकरीर हुई। शिया समुदाय की ओर से बावली इमामबाड़ा स्थित शिया मस्जिद में मौलाना सैयद मुजफ्फर रजा और शाही संगी पत्थर की मस्जिद के इमाम सैयद दिलबर रजा ने कहा कि रोजा इबादत करने और गुनाहों से बचने का मार्ग है। नमाज अता करने आए लोगों की भीड़ जुटी थी। इस दौरान छोटे बच्चों ने भी रोजा रखा।

श्रद्धापूर्वक जयंती पर याद किए गए संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। शहर में भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। बांकीपुर गोरख में लोजपा (रामविलास) के पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती मनाई गई। मौके पर महिला जिला अध्यक्ष निभा पासवान, युवा जिला अध्यक्ष शशी चौरसिया, नगर अध्यक्ष अनिल चन्द्रवंशी, रू/२३ नगर अध्यक्ष आंनद पासवान, युवा प्रधान महासचिव नगर ईतेन्द्र पासवान, जिला सचिव दीपक राज, जिला सचिव प्रमोद पासवान, दिलीप पासवान, अरूण पासवान, विशाल पासवान, विमला देवी, सुजीत सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं मकसूदपुर के गांधी टोला में बाबा भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सैंकड़ों लोगों की उपस्थित थी। संगोष्ठी के संचालन भाकपा माले के स्थानीय नेता राम प्रवेश दास ने किया। संगोष्ठी को भाकपा माले के प्रखंड सचिव कॉमरेड शैलेंद्र यादव, बामसेफ के दीनानाथ पासवान, धुरी दास, बबन यादव(उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि), भाकपा माले नेता पंकज यादव, दीनानाथ साव, महिला नेत्री संगीता देवी, सुदामा दास, स्थानीय पार्षद अशोक कुमार ने संबोधित किया।

संगोष्ठी में सैंकड़ों महिला पुरुष और युवा शामिल हुए। इस अवसर पर गांधी टोला से सैंकड़ों लोगों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर जुलुस निकाल कर शहर भ्रमण किया। दूसरी ओर शहर में चौराहा स्थित वाणी पुस्तकालय में भी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता नगर राजद अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार ने किया। मौके पर मृत्युंजय कुमार यादव प्रवक्ता पटना जिला राजद, मनोज यदुवंशी उपाध्यक्ष पटना जिला राजद, भोला सिंह, दीनानाथ यादव, अमरनाथ प्रसाद, समाजसेवी सुधीर कुमार, नागरिक समिति के महामंत्री कृष्ण प्रसाद सिंह, नेमन सिंह, मोहम्मद कुद्दूस, ऋषिकेश प्रसाद, टुनटुन कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा दरियापुर कटैया घाट के पास मनाया गया। जिसमें अरविंद यादव, सुधीर यादव, भास्कर लाल पटवा, अनामिका अग्रवाल, पूनम केशरी, रंजना गुप्ता, रंजीत साह, अरूण झा, राणा पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सतवानी पर लोगों के बीच सत्तू शरबत का वितरण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। राधे श्याम परिवार ने श्री नीलकमल सत्तू के सौजन्य से सतुआनी पर लोगों के बीच शरबत का वितरण किया। चौक स्थित मिरचाई गली मोड़ पर आम जनों के बीच मसाला सत्तू शरबत का वितरण किया गया। करीब 15 सौ लोगों ने शरबत ग्रहण किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन नील कमल सत्तु के प्रबंधक प्रशांत बागला एवं संस्थापिका श्रीमती शोभा गुप्ता ने किया। अतिथियों का स्वागत व्यवस्थापक चक्रेश अग्रवाल ने किया। आयोजन में संयोजक आलोक गुप्ता, उज्जवल चौधरी, अमित पाण्डेय, विपुल, दीपक गोयनका, सीमा शर्मा आदि सक्रिय थीं।

पटना साहिब महोत्सव में स्थानीय कलाकारों की अनदेखी

पटना सिटी (प्राकि)। इस बार पटना साहिब महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को मौका नहीं दिया गया इससे इन शब्दों में मायूस आई हुई है। हालांकि बाहर से आए कलाकारों का पटना साहिब महोत्सव में इन सबों ने कलाकारों का हृदय से स्वागत किया। पिछले साल स्थानीय कलाकारों को मौका दिया गया था। इससे उम्मीद थी कि अब यह सिलसिला जारी रहेगा, पर उन्हें दरकिनार करने से कलाकारों में रोष है कसंस्था स्वरांजलि के महासचिव डा ध्रुव कुमार ने कहा स्थानीय कलाकारों की उपेक्षा ठीक नहीं है, जबकि अनुमंडल पदाधिकारी को भी इस बार चयन समिति में रखा गया था। प्रबंधक कमेटी की भी सहभागिता थी कलाकारों के चयन के लिए।

खालसा पंथ की साजना दिवस पर तख्तश्री में सजा विशेष दीवान

शबद कीर्तन से संगत निहाल, अनेक छका अमृतपान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खालसा पंथ की साजना दिवस पर शुक्रवार को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में विशेष दीवान सजा। इसके पूर्व दो दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह और ज्ञानी सतनाम सिंह ने कथा कही। दोनों ने खालसा की स्थापना के उद्देश्य को रखते हुए कहा कि खालसा पंथ की नींव धर्म से परे हो कर, जीवन जीने के लिए रखा है। रागी जत्था में भाई जोगिंदर सिंह, जम्मू से आए भाई रणधीर सिंह और आनंदपुर साहिब वाले गुरविंदर सिंह ने शबद कीर्तन पेश किया।

कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने अरदास व हुकुमनामा के साथ विशेष दीवान की समाप्ति की। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चला। इससे पहले सुबह में आशा जी दी वार से आरंभ हुए धार्मिक कार्यक्रम में भाई जोगिंदर सिंह ने इसकी शुरूआत की। फिर कविंदर सिंह ने शबद कीर्तन किया। शाम में रहिरास साहिब का पाठ, आरती, अरदास व हुकुमनामा के साथ सोदर कीर्तन भाई कविंदर सिंह ने की। कथावाचक ज्ञानी सतनाम सिंह ने गुरु इतिहास पर कथा कही। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद अमृत बांटा में दर्जनों लोगों ने अमृत छक सिख पंथ की दीक्षा ली। आयोजन में तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, गुरविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सूरज सिंह नलवा, मनोहर सिंह बग्गा, दीपक लांबा, लकी बग्गा एवं बड़ी संख्या में संगत मौजूद थीं। दूसरी ओर बाललीला गुरुद्वारा में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन हुआ। इसके बाद बाबा गुरविंदर सिंह ने विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास किया। मौके पर बाबा मिंटा सिंह, बाबा गुरबंत सिंह, राजन सिंह आदि मौजूद थे।

पालीगंज के खिरिमोड थाना क्षेत्र में नही रुक रही चोरों का तांडव, ग्रामीणों में दहशत

पालीगंज/ खिरिमोड थाना क्षेत्र में चोरों का तांडव रुकने का नाम नही ले रही है। एक तरफ चोर चोरी की घटना का अंजाम देने पर तुली है तो दूसरी तरफ पुलिस किसी भी चोरी की घटना का खुलासा नही कर पा रही है। वही सरकार व प्रशासन के आला अधिकारी शुरक्षा की वादा कर रही है तो निचले तबके के अधिकारी शुरक्षा मुहैया कराने में असफल दिखाई पड़ रही है। जिससे आम जनता का विश्वास पुलिस से उठने लगी है। ऐसा ही मामला शुक्रवार को खिरिमोड थाना क्षेत्र सह पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के कटक पैगम्बरपुर पंचायत से प्रकाश में आया है। जहां के मुखिया ज्ञानबर्द्धन शर्मा व रोजगार सेवक ने खिरिमोड थाने में एक आवेदन सौंप खिरिमोड पुलिस को बताया कि पंचायत में कचड़ा प्रबंधन को लेकर कार्य कि जा रही है। वही कार्यस्थल से बुधवार की रात अज्ञात अप्रशियो द्वारा कार्यस्थल से हैण्डपम्प, चापाकल का हेड व मोटर सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली गयी। जिसकी सूचना सम्बंधित अधिकारियों को भी दे दी गयी है। वही मुखिया व रोजगार सेवक ने मामले की तहकीकात कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाई करने की मांग किया है। ज्ञात हो कि पिछले 7 दिनों पूर्व खिरिमोड थाना से महज 3 सौ मीटर की दूरी पर एक बच्ची की शव बरामद हुई थी। वही 15 मार्च को खिरिमोड थाना क्षेत्र के निरखपुर गांव में एक साजिश के तहत पत्रकार वेद प्रकाश के पुत्र आकाश राज की हत्या की गई। जहां भी पुलिस तीन दिनों बाद घटनास्थल पर पहुंची। वही दो महीने के अंदर अटौलह गांव में एक ही रात तीन घरों में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। उसके कुछ ही दिनों बाद मुंगीला गांव के तीन घरों में एक ही रात तीन घरों में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। साथ ही एक महीने के अंदर खिरिमोड थाना से महज एक किलोमीटर दूर तरणपुर व मनकुढा गांव स्थित सात घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

रालोजपा ने मनाई बाबा साहब की 153वीं जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। आज राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 153वीं जयंती प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रिंस राज की अध्यक्षता में उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर धूमधाम से मनाई गई। आगे प्रदेश प्रवक्ता चन्दन कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने बाबा साहब के बारे में कहा कि बाबा साहब एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे, उन्होंने दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। बाबा साहब स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमाताओं में से एक थे। प्रवक्ता चन्दन कुमार ने कहा कि बाबा साहब की जयंती

जातीय गणना को लेकर भाजपा की नीयत साफ नहीं : अशोक

बाबा साहेब के संविधान को कुचलने की हो रही कोशिश : उमेश

- जदयू कार्यालय में पार्टी नेताओं ने जयंती पर बाबा साहेब को किया नमन

प्रात : किरण संवाददाता

मनाई गई बाबा पटना। जदयू मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह मनाई गई और सभी नेताओं ने उनकी तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया। इस अवसर पर जदयू द्वारा बाबा साहेब के जीवनी पर बनी वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी जारी की गई। इस अवसर पर बिहार प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि कहा कि देश का लोकतंत्र और सविंधान खतरे हैं, बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान को कुचलने की कोशिश हो रही लेकिन हम भाजपा की मानसिकता को कभी सफल नहीं होने देंगे। देश का विपक्ष मुख्यमंत्री नीतीश सरकार के नेतृत्व में एकजुट हो रहा है, और इससे भाजपा डरी और घबराई हुई है। आगमी लोकसभा चुनाव में हम मुख्यमंत्री नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को एक एक सीट के लिए तरसा देंगे। बाबासाहेब ने धर्म के नाम पर प्रचारित अंधविश्वासों और आडंबरों से दूर रहने की सलाह दी थी लेकिन आज युवाओं को धार्मिक उन्माद में धकेला जा रहा है। शराबबंदी जैसे समाज-सुधार के अभियान को लेकर भी कुछ लोगों को दिग्भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। उन्हें आने वाली पिढ़ियों की चिन्ता नहीं हर कीमत पर बस उनका स्वार्थ पूरा होना चाहिए। कहा कि जदयू एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर प्रदेशभर के सभी पंचायतों में भीम चैपाल आयोजित कर 25 लाख लोगों के साथ उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि जदयू द्वारा आयोजित भीम संवाद और भीम चैपाल से सामाजिक चेतना की जागृति पैदा हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने समाजिक विखंडन को दूर करने का काम किया है और आज प्रदेश के अंदर सभी लोगों के बीच सौहार्दपूर्ण वातारण है, आगे उन्होंने कहा कि शराबबंदी लागूकर डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिज्ञा को धरातल पर उतारने का काम किया है। जातीय गणना को लेकर भाजपा की नीयत कभी साफ नहीं रही। उसने हमेशा इसमें अडंगा डालने का प्रयास किया। बिहार में ये काम हमलोग अपने स्तर से करा रहे हैं। हमारा स्पष्ट मानना है कि जातीय गणना राष्ट्रीय स्तर पर होनी चाहिए। हमलोग इसके लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष और संचालन संतोष कुमार निराला ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालो में उर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद, मंत्री सुनील कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंगनी लाल मण्डल, राष्ट्रीय महासचिव दसई चैधरी, पूर्व विधायक अरुण मांझी थे।। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधान पार्षद सजंय कुमार सिंह गांधी, विधान पार्षद ललन सर्राफ, विधान पार्षद सह सचिव रविंद्र प्रसाद सिंह पूर्व मंत्री मुनेश्वर चैधरी, मुन्ना चैधरी, डॉ धर्मेंद्र चंद्रवंशी एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन पार्टी के प्रदेश सचिव सविता नटराजन ने किया।

भाजपा कभी आरक्षण विरोधी नही रही : सम्राट

- कोई आरक्षण समाप्त नहीं कर सकता : मोदी
- भाजपा कार्यालय में मनी बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती

पटना। बिहार में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी सहित तमाम नेताओं ने महामानव बाबासाहेब के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें याद किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा कभी भी आरक्षण विरोधी नही रही है। उन्होंने कहा कि जब देश का संविधान बना तब भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आरक्षण का समर्थन किया। इसके बाद अटल बिहार वाजपयी जी की सरकार में प्रमोशन में आारक्षण की व्यवस्था लागू की। इसके बाद 2016 में जब सर्वोच्च न्यायलय ने एससी एसटी अत्याचार अधिनियम को शिथिल करने की कोशिश की गई, तो भाजपा की नरेंद्र मोदी की सरकार ने ही उसे री-स्टोर किया। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद के नेता आज संविधन की रक्षा करने और आरक्षण बचाने की बात करते है, लेकिन हकीकत है कि 15 साल के शासनकाल में राजद ने किसी को आरक्षण नहीं दिया। श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि भाजपा आरक्षण के साथ खडी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को सत्ता जाने के बाद दलितों की याद आती है। श्री चौधरी ने कहा कि अगर बिहार में आज जातीय गणना का काम हो रहा है, तो उसमें भी भाजपा का बहुत बड़ा योगदान है। समरेह में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक गैर बराबरी है तब तक कोई भी आरक्षण समाप्त नहीं कर सकता है। उन्होंने कांग्रेस को दलित विरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस प्रारंभ से ही दलित विरोधी रही है। कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद बाबासाहेब को भारत रत्न का सम्मान नहीं दिया गया। जब भाजपा के समर्थन वाली वी पी सिंह की सरकार देश में बनी तब उन्हें सर्वोच्च सम्माान से नवाजा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने तो संसद के सेंट्रल हॉल में बाबासाहेब की मूर्ति नहीं लगने दी। वी पी सिंह की सरकार के दौरान उनकी मूर्ति सेंट्रल हॉल में लगाई गई। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान ने कहा कि अंबेडकर साहब के विचारों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार ऋषि व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष अजीत कुमार चौधरी ने कहा कि भारत रत्न अंबेडकर साहब ने वंचित शोषित समाज को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया। अंबेडकर साहब को भारत रत्न भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देने का काम किया इस सम्मान को देश का यह समाज सदा याद रखेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया, भाजपा विधान पार्षद संतोष कुमार सिंह,, प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

अर्थशास्त्री प्रभात पी घोष का निधन अपूरणीय क्षति : माले

पटना। भाकपा-माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और आद्री पटना के निदेशक प्रोफेसर प्रभात पी घोष के निधन पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने ट्वीट कर अपने शोक संदेश में कहा है कि आद्री को एक प्रतिष्ठित शोध संस्थान बनाने और संवारने में बिहार के बड़े विद्वान व लेखक अरविंद एन दास और अर्थशास्त्री शैवाल गुप्ता के साथ-साथ प्रोफेसर पीपी घोष अपने महान योगदान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे. शोक की इस घड़ी में उनके सभी प्रियजनों और करीबियों के प्रति गहरी संवेदनाएं। पोलित ब्यूरो सदस्य व खेग्रामस महासचिव धीरेन्द्र झा ने भी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि बिहार को उसके ऐतिहासिक पिछड़ेपन से निकालने के उपायों के अकादमिक कार्य में उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी लगा दी। बिहार में भूमि प्रश्नों पर उनकी खास दिलचस्पी थी। उनका मानना था कि भूमि प्रश्नों को हल किए बिना बिहार को गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकालना संभव नहीं है। उन्होंने बदले समय में हाउसिंग राइट को मजबूती देने पर बल दिया था। इस दौर में उनका निधन पूरे बिहार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

सदाकत आश्रम में मनी बाबा साहेब की जयंती

पटना। भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेव डा भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयन्ती शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्ब मंत्री संजीव प्रसाद टोनी ने की । इस अवसर पर पूर्ब मंत्री संजीव प्रसाद टोनी ने कहा कि डा अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की संरचना कर अद्वितीय कार्य किये है। डा अम्बेडकर हमेशा देश के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा उनकी विचार धारा का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश में जब पंडित जवाहर लाल नेहरू के मंत्रिमंडल का गठन हुआ, उस समय डा भीमराव अम्बेडकर को कांग्रेस का सदस्य नहीं होने के बाबजूद उन्हें देश का विधि मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माण में डा अम्बेडकर के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है तथा आज कृतज्ञ राष्ट्र उनकी स्मृति को शत-शत नमन करती है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक,नरेन्द्र कुमार, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, डा हरखू झा, लाल बाबू लाल, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मल वर्मा, आलोक हर्ष, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, प्रमोद कुमार सिंह, आनन्द माधव, कमलदेव नारायण शुक्ला, शशिकांत तिवारी, आसिफ गफूर, संजीव कुमार कर्मवीर, शंकर स्वरूप, अरविन्द लाल रजक, कुमार आशीष, शशि रंजन, आशुतोष शर्मा, राज किशोर सिंह, उदय शंकर पटेल, मृणाल अनामय, संजय कुमार पाण्डेय, वैद्यनाथ शर्मा, अनूप कुमार,मोहन शर्मा, निधि पाण्डेय, रूमा सिंह, रेणु सिंह, पंकज यादव, अजय कुमार पासवान, निरंजन कुमार, प्रियंका सिंह, खुशबू कुमारी, प्रमोद राय,वसीम अहमद, सत्येन्द्र कुमार, नलिनी रंजन झा ,राजेंद्र चौधरी,शैलेन्द्र चौधरी,गोरखनाथ सहित अन्य कांग्रेसजनों ने डा0 भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा वाले मनुस्मृति की व्यवस्था को ही लागू करना चाहते हैं : जगदानंद

- राजद कार्यालय में जयंती पर बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर का 132वीं जयन्ती प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह जी की अध्यक्षता में मनायी गई। इस अवसर पर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब की जयंती का ढोंग रचने वाली भाजपा एवं आरएसएस को बताना चाहिए कि हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना, वर्णव्यवस्था, मनुस्मृति एवं भारत के संविधान पर बाबा का दृष्टिकोण क्या था? क्या भाजपा उसी दृष्टिकोण के रास्ते पर चल रही है या ठीक उसके विपरित। बाबा साहब ने 25 दिसम्बर, 1927 को सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति को जलाया था जबकि भाजपा वाले मनुस्मृति की व्यवस्था को ही लागू करना चाहते हैं। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी, उदय नारायण चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, श्याम रजक, बिहार सरकार के मंत्री प्रो चन्द्रशेखर, डॉ शमीम अहमद, विधायक सतीश कुमार दास, संगीता कुमारी, रामवृक्ष सदा, मुन्नी देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, सुरेश पासवान, विनोद श्रीवास्त, मुजफ्फर हुसैन राही, पूर्व विधायक राजेन्द्र राम, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध कुमार मेहता, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन, शक्ति सिंह यादव, सारिका पासवन, डॉ उर्मिला ठाकुर, अनिल कुमार साधु, कुमर राय, अशोक कुमार गुप्ता, राजेश यादव, निर्भय अम्बेदकर, ओमप्रकाश राणावत सहित अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

26 अप्रैल से 02 मई 101 अनुमंडलों में अम्बेडकर परिचर्चा का आयोजन : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि 26 अप्रैल से 02 मई, 2023 तक राज्य के 101 अनुमंडलों में अम्बेडकर परिचर्चा का आयोजन कर बाबा साहब के विचारों पर चलने एवं उनके विचारों के विरोधी मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जायेगा। अगले चरण में राज्य के सभी 8471 पंचायतों में अम्बेडकर परिचर्चा का आयोजन कर बाबा साहब के जीवन एवं दर्शन पर प्रकाश डालते हुए संविधान रक्षा का संकल्प दुहराया जायेगा। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा प्रकाश कुशवाहा, आजाद गांधी, मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, देवकिशुन ठाकुर, प्रो कुमार चन्द्रदीप,ई अशोक यादव, प्रमोद कुमार राम, निराला यादव, अभिषेक कुमार, भाई अरूण कुमार, धर्मेन्द्र पटेल, पप्पू राय, मो अफरोज आलम, निरंजन कुमार चन्द्रवंशी, ओम प्रकाश चैटाला, जेम्स कुमार यादव, मनोज यादव, शिवेन्द्र कुमार तांती, रामाश्रय वर्मा, उमेश पंडित, महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी, पुष्पलता मुर्मू सहित अन्य नेतागण शामिल थे।

संविधान का इनकाउंटर कर रही है केंद्र सरकार: पप्पू यादव

- संविधान बचाओं भाईचारा बढ़ाओ संदेश के साथ मनाई गई बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। संविधान निमार्ता डॉ अंबेडकर की जयंती पर जन अधिकार पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ भाईचारा बढाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी नेताओं ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। वहीं, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि बाबा साहब का संविधान आज खतरे में है। आज वे लोग भी उनकी जयंती धूमधाम से मना रहे हैं, जो संविधान का हर दिन एनकांउटर करते है। इससे बड़ा पाखंड और अम्बेडकर जी का अपमान और क्या हो सकता है? उन्होंने कहा कि दलितों से उनका अधिकार छीन कर निजी घरानों को दिया जा रहा है। देश में आपसी भाईचारा को खत्म कर भाजपा वोट की राजनीति कर रही है। जन अधिकार पार्टी संविधान की रक्षा के लिए समान विचारधारा वाली पार्टियों को एकजुट करेगी। आगामी लोकसभा चुनाव में संविधान विरोधी केंद्र सरकार को परास्त करेगी। पप्पू यादव ने बताया कि जन अधिकार पार्टी बाबा साहब के बताए रास्ते पर चकलर स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को बचाने की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि आज देश में आर्थिक आजादी की जरूरत है। लोगों से रोजी और रोटी छीना जा रहा है। लोगों के पास खाने के लिए पैसे नहीं है। आम आदमी का पैसा को बड़े उधोगपतियों को दिया जा रहा है। जन अधिकार पार्टी राइट टू एडुकेशन, राइट टू हेल्थ और राइट टू जस्टिस को लागू कराने की लड़ाई लड़ेगी। साथ ही पार्टी निजी क्षेत्र में 35% आरक्षण के लिए लड़ाई लड़ेगी। संविधान बचाओं भाईचारा बढ़ाओ सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा ने की।

होटल पनास में होगी हम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

पटना। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय ने बताया कि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सुबह 10:00 बजे पटना गांधी मैदान के निकट होटल पनास में होगी । प्रधान महासचिव राजेश पांडेय ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में होने वाली है। रविवार को समय 10:00 बजे से होने वाली बैठक में पार्टी के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की गरिमामय उपस्थिति में हम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक अब पटना के होटल पनास में की गजाएगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिए जाएंगे।

फासीवाद के खिलाफ संघर्ष की राह रोशन करता रहेगा माले : कुणाल

- पटना में उच्च न्यायालय के पास डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर माले नेताओं ने किया माल्यार्पण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विगत रामनवमी में बिहारशरीफ सहित राज्य के कई अन्य हिस्सों में भाजपा-संघ द्वारा की गई सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ भाकपा-माले का 11 अप्रैल से चल रहा सद्भावना एकजुटता अभियान का कार्यक्रम आज संपन्न हो गया। आज डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म दिन पर पूरे राज्य में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ फासीवादी ताकतों को मुकम्मल तौर पर पीछे धकेलने का संकल्प भी लिया गया। राजधानी पटना में उच्च न्यायालय के पास अवस्थित डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर माले नेताओं ने पुष्पांजलि की. भाकपा-माले के राज्य सचिव कुणाल, वरिष्ठ नेता केडी यादव, शशि यादव, अभ्युदय, अनिता सिन्हा, आर एन ठाकुर, एसके शर्मा, शिवसागर शर्मा, समता राय आदि नेताओं ने पुष्पांजलि की. मौके पर पन्ना लाल, मुर्तजा अली, केके सिन्हा, संजय यादव, जितेन्द्र कुमार, डॉ. प्रकाश, पुनीत, प्रमोद यादव, प्रकाश कुमार, आइसा के अनिवेश चंदन, नीरज, साकेत, अभिषेक और खेग्रामस के दिलीप सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर माले राज्य सचिव कुणाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज जब संविधान के नाम पर भारत पर शासन कर रही फासीवादी सत्ता आधुनिक भारत के इस मूल दस्तावेज और ढांचे के खिलाफ एक अनवरत शातिराना युद्ध छेड़ रही है, तो हमें अम्बेडकर के क्रांतिकारी विचारों को ग्रहण करने और उनकी महान लोकतांत्रिक विरासत को कायम रखन के लिए बार-बार उनके पास जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि

डॉ. अंबेडकर हिंदुत्व की विनाशकारी विचारधारा के प्रति बेहद सचेत थे। उन्होंने कहा था कि यदि हिंदू राज एक हकीकत बन जाता है, तो निस्संदेह, यह इस देश के लिए सबसे बड़ी आपदा होगी। दुर्भाग्य से आज देश वही दौर देख रहा है। हमने हाल में बिहारशरीफ-सासाराम और राज्य के कई अन्य दूसरे हिस्सों में उनका तांडव देखा, जब शिक्षा के एक 100 साल पुराने केंद्र मदरसा अजीजिया को पूरी तरह जला दिया गया। इस अभियान के तहत माले कार्यकताओं ने बिहारशरीफ व सासाराम के साम्प्रदायिक हिंसा में स्थानीय भाजपा विधायक, पूर्व विधायक और सांसद की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराने, साम्प्रदायिक हिंसा के दोषी संघ-भाजपा के तमाम अपराधियों को गिरफ्तार करने, साम्प्रदायिक हिंसा में डीएम-एसपी की भूमिका की जांच करने, साम्प्रदायिक हमले के शिकार मुस्लिम सम्प्रदाय पर दमन बन्द करने, साम्प्रदायिक हमले में लूट लिए गए तमाम दुकानदारों, मृतक, घायलों व पीड़ितो को मुआवजा देने, मदरसा के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई की तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने; मदरसा, सोगरा कॉलेज और मस्जिद के पुनरूद्धार की जिम्मेवारी राज्य सरकार द्वारा करवाने, सांप्रदायिक हिंसा के जिम्मेवार बजरंग दल के अपराधियों को गिरफ्तार व प्रतिबंधित करने आदि की भी मांगे उठाईं।

प्रशासन अविलंब अपराधियों को करे गिरफ्तार : पारस

केन्द्रीय मंत्री स्व राकेश पासवान के अंत्येष्टि में हुए शामिल

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने दलित सेना के राष्ट्रीय सचिव सह रालोजपा के वरिष्ठ नेता राकेश पासवान की निर्मम हत्या किये जाने पर कहा कि लोजपा के स्थापना काल से जुड़े हुए साथी, दलित सेना के राष्ट्रीय सचिव व बाबा साहब अम्बेदकरी के सच्चे सपूत मेरे छोटे समान भाई राकेश पासवान का अपराधियों ने उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी जिससे काफी मर्माहत हूँ। इस अपार दुःख की घड़ी में मैं और पूरा रालोजपा एवं दलित सेना परिवार उनके परिवार के साथ खड़ा है ईश्वर इनके पूण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। वैशाली प्रशासन अविलंब अपराधियों के गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाएं। श्री पारस ने कहा कि जब से महागठबंधन की सरकार बनी तब से पासवान जाति को चिन्हित कर हत्या किया जा रहा है। राकेश की हत्या राजनीति सोच का परिचायक है। प्रदेश प्रवक्ता ललन ने बताया कि दलित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री पारस राकेश पासवान के अन्तिम संस्कार में शामिल हुए और उनको भावभीनी श्रद्धार्जलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की आज स्व पासवान के परिजन से मुलाकात कर सांत्वना दी और कहा कि स्व राकेश की हत्या से दलित सेना और पार्टी की क्षति हुई है । आगे श्री पारस ने कहा कि राकेश समाज के गरीब-गुरबों का नेता थे, जो शोषितों की लड़ाई लड़ते थे जिसके चलते अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। आगे श्री पारस ने कहा कि बिहार में गिरती विधि व्यवस्था के कारण प्रतिदिन हत्या, लूट, बैंक लूट, अपहरण का सिलसिला शुरू हुआ है पुलिस प्रशासन के घटते प्रभाव के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। बिहार सरकार से श्री पारस ने मांग किया कि स्व राकेश पासवान के परिवार को जान-माल की सुरक्षा, उनके परिवार के आश्रित को सरकारी नौकरी तथा 25 लाख मुआवजा राशि दी जाए। श्री पारस ने लालगंज की जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।

पारस में टीएवीआई तकनीक से बदला एओर्टिक वॉल्व

- बिना कोई बड़ा चीरा लगाए कैंसर मरीज की सर्जरी से पहले हृदय के सिकुड़ चुके एओर्टिक वॉल्व को बदला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पारस एचएमआरआई में टीएवीआई (ट्रांसकेथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट) तकनीक से बिना ओपन हर्ट सर्जरी किए मरीज के हृदय के सिकुड़ चुके एओर्टिक (महाधमनी) वॉल्व को बदल दिया गया। पारस में इस तकनीक से ऐसी सर्जरी दूसरी बार हुई है तथा राज्य की पहली सर्जरी भी पारस हॉस्पिटल में ही हुई थी, टीएवीआई तकनीक से हुई इस दुर्लभ सर्जरी में कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निशांत त्रिपाठी के साथ उनकी टीम में सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अशोक कुमार, डॉ. श्रवण कुमार डॉ. कमलेश कुमार और डॉ. प्रशांत द्विवेदी शामिल थे। मरीज को गॉल ब्लाडर का कैंसर था जिसका ऑपरेशन पारस एचएमआरआई में होना था। इस ऑपरेशन से पहले जब उसकी कार्डियक फिटनेस जांच की गई तो पता चला कि उसके हृदय के एओर्टिक वॉल्व में गंभीर स्टेनोसिस है। उनका वॉल्व सिकुड़ गया था।

इससे उनके हृदय से पूरे शरीर में खून का प्रवाह अवरुद्ध हो गया था। इस स्थिति में उसके गॉल ब्लाडर का ऑपरेशन तब ही हो सकता था जब पहले इस स्टेनोसिस को खत्म किया जाय। आमतौर पर इसके लिए भी ओपन हर्ट सर्जरी का प्रचलन है, लेकिन यहां समस्या यह थी कि ओपेन हर्ट सर्जरी के तुरंत बाद गॉल ब्लाडर का ऑपेशन बहुत मुश्किल काम था। क्योंकि यह काफी गंभीर और जटिल सर्जरी होती है। इसमें काफी दिन हॉस्पिटल में भर्ती रहना पड़ता है। इस ऑपरेशन से रिकवरी में 30 से 45 दिन लग जाते हैं और ऐसे ऑपरेशन में जोखिम भी होता है। ऐसे में डॉ. निशांत त्रिपाठी और उनकी टीम ने टीएवीआई तकनीक से हृदय के सिकुड़ चुके एओर्टिक वॉल्व को बदलने का फैसला किया। कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निशांत त्रिपाठी ने बताया, टीएवीआई तकनीक से बिना सर्जरी के एक पतले से तार के जरिए (जिस तरह हार्ट अटैक में खून की धमनियों में स्टेंट लगते हैं वैसे ही) जांघ की नस के रास्ते से हृदय के एओर्टिक वॉल्व में एक स्टेंट के माध्यम से एक नया वॉल्व स्थापित कर दिया गया।

टीएवीआई की इस प्रक्रिया में कोई बड़ा चीरा नहीं लगाया गया। मरीज को ज्यादा देर बेहोश भी नहीं करना पड़ा और उसे आईसीयू में भी सिर्फ एक दिन निगरानी के लिए रहने की जरूरत पड़ी। इस समस्या के खत्म होने के बाद मरीज के गॉल ब्लाडर के कैंसर का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन करने वाली टीम को लीड करने वाली डॉ. आकांक्षा वाजपेयी ने बताया, ऐसे ऑपरेशन में लीवर के हिस्से को गॉल ब्लाडर के साथ निकालना पड़ता है। ऐसे में रक्तस्राव काफी होता है, लेकिन विशेषज्ञों की टीम के कारण इस सर्जरी में रक्तस्राव काफी कम हुआ और मरीज को ब्लड चढ़ाने की भी जरूरत नहीं पड़ी। इस दौरान एनेस्थिसिया के डॉक्टर श्रीनारायण ने यह सावधानी बरती कि बेहोशी के दौरान मरीज के हर्ट पर किसी प्रकार का असर नहीं पड़े।

केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार व किशन रेड्डी ने हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से झंडी दिखाकर किया रवाना

बाबा साहब अम्बेडकर यात्रा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन हुआ रवाना, 600 पर्यटक कर सकेंगे यात्रा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार तथा संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर विकास मंत्री किशन रेड्डी ने संयुक्त रूप से बाबा साहब अम्बेडकर यात्रा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से झंडी दिखाकर रवाना किया। 7 रातों/8 दिनों की यात्रा के इस टूर का उद्देश्य बीआर अम्बेडकर के जीवन से जुड़े स्थलों को रेखांकित करना है । यह रेलगाड़ी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन और बुद्ध की विरासत से जुड़े स्थलों, नई दिल्ली, महू, नागपुर तथा बुद्ध की विरासत से जुड़े स्थलों सांची, वाराणसी, सारनाथ, बोधगया, राजगीर और नालंदा का भ्रमण कराएगी । इस टूर के मुख्य आकर्षण में नई दिल्ली में बाबा साहब अम्बेडकर मैमोरियल का भ्रमण शामिल है । 10 वातानुकूलित 3 टीयर के डिब्बों वाली इस भारत गौरव पर्यटक रेलगाड़ी में कुल 600 पर्यटक यात्रा कर सकेंगे । रेलयात्रियों को दिल्ली, आगरा और मथुरा जं0 रेलवे स्टेशनों से/तक अपनी यात्रा प्रारंभ/समाप्त करने का विकल्प मिलेगा । इस टूरिस्ट ट्रेन में पेंट्री कोच की सुविधा होगी जो पर्यटकों को शाकाहारी भोजन परोसने के साथ-साथ इंफोटेनमेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा सुरक्षा आदि की व्यवस्था करेगा । इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, आईआरसीटीसी की मुख्य प्रबंध निदेशक रजनी हसीजा, दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री डिम्पी गर्ग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा दलितों तथा पिछड़े वर्ग के लोगो के अधिकारो तथा उनके सामाजिक उत्थान मे बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डाला तथा उन्होने इस रेलगाड़ी को चलाने के लिए रेलवे की सराहना की। जबकि श्री रेड्डी ने कहा कि इस रेलगाड़ी से पर्यटक 8 दिनों की अपनी यात्रा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन और बुद्ध की विरासत से जुड़े स्थलों का भ्रमण करेंगे । यह रेलगाड़ी भारत की ह्यदेखो अपना देशह्ल अवधारणा को पूरा करती है। 7 रातों और 8 दिनों की यात्रा वाली यह भारत गौरव टूरिस्ट रेलगाड़ी दिल्ली से प्रस्थान करने के बाद अपने पहले पड़ाव पर बाबा साहब की जन्मस्थली (भीम जन्मभूमि) मध्यप्रदेश के डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) पहुँचेगी । इसके पश्चात यह रेलगाड़ी नागपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना होगी जहां पर्यटक नवयान बौद्ध धर्म के एक प्रतिष्ठित स्मारक दीक्षा भूमि का भ्रमण करेंगे ।

वहां से रेलगाड़ी सांची के लिए प्रस्थान करेगी । सांची में प्रसिद्ध सांची स्तूप और अन्य बौद्ध स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा । सांची के पश्चात यह रेलगाड़ी अपने अगले गंतव्य वाराणसी जाएगी, जहां पर्यटक सारनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिर को देख सकेंगे। इस रेलगाड़ी का अगला और अंतिम गंतव्य गया रेलवे स्टेशन होगा, जहां पर्यटकों को बोधगया के पवित्र स्थल ले जाया जाएगा और वे महाब

संक्षिप्त खबरें

माधोपुर दिघरुआ पंचायत भवन परिसर में मनायी गई डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती

समस्तीपुर। जिले के ताजपुर प्रखंड क्षेत्र के माधोपुर दिघरुआ पंचायत भवन परिसर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। वहीं इस मौके पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर स्थानीय मुखिया बृजनंदन राम ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानी शंभू प्रसाद राय, प्रसिद्ध कवि हरिनंदन शाह, प्रखंड अध्यक्ष राजद डॉक्टर नूर आलम, डॉ० हरे कृष्ण शर्मा, मोहम्मद फूलो, विनोद चौधरी वार्ड मेंबर, लालू दास और अतीश कुमार सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसमें कल्याणपुर गांव में जहां प्रखंड राजद के द्वारा राजद अध्यक्ष रामबाबू राय की अध्यक्षता में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई गई। तो वहीं बाबा साहेब बहुजन कल्याण मंच के द्वारा कल्याणपुर पैक्स गोदाम के परिसर में बाबा साहब के 132वीं जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता रत्नेश्वर राम ने की। वहीं समारोह में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए जयंती मनाई। साथ ही उनके द्वारा बताए रास्ते पर लोगों ने संकल्प लिया। मौके पर समस्तीपुर नगर निगम के महापौर अनीता राम, रामसुंदर राम, सुजीत कुमार, वीर कर्ण राम, संजय कुमार राम, राजविंद्र राम, संजय कुमार, लालो राम, रामचंद्र राम, राजगीर राम, उपेंद्र राय, उपेंद्र राम, बेचने राय व अन्य लोग मौजूद थे।

राज्यपाल के आगमन को लेकर एसपी ने सैनिक स्कूल बटहा का किया निरीक्षण

रोसड़ा, समस्तीपुर। बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल बटहा के रजत जयंती वर्ष समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आगमन से संबंधित जारी तैयारियों की समीक्षा करने के क्रम में समस्तीपुर के पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी विद्यालय परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने मंच, हैलीपेड, रुट चार्ट, बैठक व्यवस्था, नवनिर्मित भवन, संस्थापक डॉ रामस्वरूप महतो के मूर्ति स्थल आदि का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आयोजन समिति को विभिन्न पहलुओं से जुड़े आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर रोसड़ा अनुमंडल पदाधिकारी ब्रजेश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार, विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार, सचिव नकुल कुमार शर्मा, न्यासी जयप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, बेगूसराय विभाग के जिला निरीक्षक कृष्ण कुमार प्रसाद, मीडिया प्रभारी विजयव्रत कंठ आदि मौजूद थे।

नरघोघी सूचना केंद्र पर मनी भीमराव अंबेडकर की जयंती

सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी सूचना केंद्र पर शुक्रवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की समारोह पूर्वक जयंती मनाई गई। आयरन लेडी से सम्मानित प्रोफेसर पूनम कुमारी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देश के सच्चे समाजसेवी थे। जिन्होंने संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि आज युवा एवं नेताओं को उनके पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। मौके पर प्रोफेसर अमरेंद्र कुमार, डॉक्टर रामकिशोर चौधरी, समाजसेवी मुकेश कुमार, रविंद्र पासवान, हरेराम सहनी, बजरंगी सहनी, मुकेश झा, प्रोफेसर विनोद बिहारी बाजपेई, बलवंत सिंह राठौर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। इधर बथुआ बुजुर्ग स्थित मां सरस्वती एकेडमी में भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर वार्ड पार्षद कांति देवी, निदेशक शशि भूषण प्रसाद, प्राचार्य आरके कर्ण, विजय कर्ण, पूर्व उप मुखिया निरंजन प्रसाद, विजय कुमार चौरसिया, पंकज कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

महाविद्यालय के 16 छात्रों का हुआ प्रतिष्ठित कंपनी में प्लेसमेंट

नरघोघी समस्तीपुर। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नरघोघी समस्तीपुर के 16 फाइनल ईयर के छात्र छात्राओं का क्यू स्पाइडर जैसे प्रतिष्ठित कंपनी में प्लेसमेंट किया गया है। कंपनी द्वारा 16 छात्र छात्राओं का इंटर्नशिप पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 11 छात्र अभिषेक, राहुल, सौरभ मिश्रा, जूही, भाव्या, बिपुल, आकाश, उमा साह, हंसिका गुप्ता, चंदन, शुभम कुमार और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के उत्तम सिंह, शुभम सिन्हा, विकाश कुमार और सिविल इंजीनियरिंग के कन्हैया, आनंद कुमार का सिलेक्शन हुआ। हालाकि कंपनी द्वारा यह वादा किया गया की अच्छे फीडबैक के बाद उनका पैकेज और बेहतर हो सकता है। साथ ही उन्हें कई सारे एडिशनल बेनिफिट्स भी कंपनी द्वारा मुहैया कराया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ राजकिशोर तुगनायत ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के कार्य की सराहना की और भविष्य में सभी छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट कराने का संकल्प लिया। टीपीओ इन चार्ज तनमय शर्मा ने बताया कि स्किल एन्हांसमेंट पर ज्यादा से ज्यादा फोकस किया जा रहा है।

भाजपा जिला कार्यालय में मनायी गई डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

संविधान निमार्ता डॉ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के 132वें जन्मदिन पर भाजपा समस्तीपुर जिला के अनुसूचित मोर्चा के द्वारा जयंती समारोह समाजिक न्याय दिवस के रूप में भाजपा जिला कार्यालय समस्तीपुर में मनाया गया। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार के केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री व उजियारपुर लोकसभा के सांसद नित्यानंद राय दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जयंती पर उनके तैल चित्र पर माननीय नित्यानंद राय, भाजपा जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा, विधान पार्षद डॉ तरूण कुमार, रोसड़ा विधायक वीरेंद्र पासवान, भाजपा नेता नीलम सहनी, डॉ राजभूषण चौधरी, कैप्टन कमलेश सहनी, विमला सिंह, सतेन्द्र सिंह, अरूण सिंह, कौशल पाण्डेय, राजीव कुमार चौधरी, अरविंद कुशवाहा, नीलम देवी, हीरा पासवान, मुकेश कुमार सिंह, अमित सिंह, सुजय पासवान, वैभव रंजन, मोहन मल्लिक, वीरेंद्र यादव, सुजीत भास्कर, गीतांजलि, शंभू साह, ठाकुर संग्राम सिंह सहित सभी नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। भाजपा के स्थापना दिवस पर समाजिक न्याय सप्ताह के रूप में जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा के नेतृत्व चल रहे कार्यक्रम के तहत इस कार्यक्रम का अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगदेव राम व संचालन संयोजक नीरज सिंह ने किया। इस अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को याद कर लोगों को संबोधित करते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संविधान निमार्ता बाबा साहेब के समाजिक न्याय के बताये रास्ते पर चलकर शोषित वंचित व गरीबों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृत संकल्पित हैं। देश में कोरोना वैश्विक माहामारी के बीच 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा गरीब कल्याण योजना के तहत आवास, रसोई गैस, शौचालय, हर घर बिजली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं दी जा रही है। लोगों को परम्परागत रोजगार जुड़े वर्गों को सरकार उनके उत्थान के दिशा में काम कर रहा है। मौके पर रामाकांत राय, विजय शंकर ठाकुर, उमेश कुशवाहा, सिकंदर आलम, प्रदीप शिवे, नवल झा, राजू पटेल, हरेराम चौधरी, नीरज चौधरी, जयप्रकाश राय सहित अन्य नेता व कार्यकताओं ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं, नित्यानंद राय के समक्ष जिला परिषद सदस्य अरुण सिंह सहित सैकड़ों महिला, अनुसूचित, पिछले वर्गों के साथ अन्य लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिनका भाजपा में शामिल होने पर नित्यानंद राय के द्वारा अभिवादन किया गया।

अभियंत्रण महाविद्यालय में मनाया गया बाबा साहेब की जयंती

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखण्ड के नरघोघी स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज समस्तीपुर में उड़ान आर्ट्स एंड कल्चरल क्लब द्वारा शुक्रवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती का अयोजन किया। इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ राजकिशोर तुगनायत ने बाबा साहब अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस मौके पर संस्थान प्रधानाचार्य ने बताया की मैं उस कर्मभूमी से हूं जहां बाबा साहब अम्बेडकर ने उस वक्त की विषम स्थिति में समाज का उदबोधन का कार्य किया और उच्चस्तरीय शिक्षा प्राप्त करके उन्होंने साबित किया कि शिक्षा एक जाति विशेष की ही जागीर नही थी। साथ में उन्होंने ये भी बताया यह 21 वी शताब्दी के दौर यहां किसी व्यक्ति की जाति उसके कर्म से होती है। उन्होंने बाबा साहब की द्वारा दिया गया संविधान के बारे में चर्चा किया और उनकी ये योगदान को याद किया। इसके बाद संस्थान के प्रो० अभय, प्रो० तनमय, प्रो० मुकेश और प्रो० प्रीति समेत अन्य शिक्षक भी बाबा साहब को याद किया और उनके विचार धाराओं को सभी छात्र छात्राओं के बीच रखा। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इस मौके पर प्रियदर्शनी, सोनी, अभिषेक, माही, सोनाली, मुस्कान और संस्थान के छात्रों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। वहीं इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यार्थी परिषद के सचिब सौरभ मिश्रा, रविशंकर, राहुल, नीतीश, विकास, मुन्ना, गौरव, विश्वजीत, राजिया, नीतू, प्रिंस, सूर्यमणि, दीपू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मैट्रिक की परीक्षा में उच्च अंक पाने वाले एक दर्जन बच्चे हुए सम्मानित

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के विश्वंभरपुर एलौथ स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मेधा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में अव्वल स्थान पाने वाले दस छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किये गये छात्र छात्राओं में सदफ रानी, रजिया सुल्ताना, राफिया खातून, किशन कुमार, शिवम कुमार, सूरज कुमार, अमित कुमार, शिवम राज, गुड़िया कुमारी एवं सुमन कुमारी के नाम शामिल हैं। वहीं समारोह में जिला स्तरीय नारंगी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खुशी कुमारी एवं सुधांशु कुमार को भी सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनन्त कुमार राय ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यालयी प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है तथा उनमें उत्साहवर्धन होता है। वहीं मुसरीघरारी नगर पंचायत की मुख्य पार्षद दिव्या कुमारी ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों के सहयोग की भी जरूरत है।

उन्होंने सम्मानित होने वाले सभी बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार चौधरी तथा संचालन शिक्षक अविनाश कुमार सुमन ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापक रवीन्द्र कुमार चौधरी ने किया। समारोह में अखिलेश ठाकुर, शाकिर रजा, राजेश कुमार दत्त, रमण लाल दास, लखन राय, विनोद कुमार झा, अरूण कुमार पासवान, नंदिता, मनीषा ने अपने उदगार व्यक्त किए।

समस्तीपुर प्रखंड राजद ने समारोह पूर्वक मनायी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के वाजितपुर पंचायत के रविदास टोला में प्रखंड राजद समस्तीपुर द्वारा गुरुवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ० भीमराव आम्बेडकर की जयंती समारोह बेहद हर्ष व उल्लास के साथ मनाई गई। उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। समस्तीपुर के स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि डॉ० आंबेडकर शोषित व पीड़ित समाज को जगाने, संगठित करने, अपनी शक्ति से परिचित कराने तथा अपने अधिकारों का प्रयोग सम्मान सहित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दलितों को शिक्षित हो, संघर्ष करो और संगठित हो का नारा देकर मुक्ति का रास्ता दिखाया। बाबा साहेब को केवल दलित हितों को बढ़ाने तथा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ही केवल याद नहीं किया जाता है बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण एवं उसके आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए भी याद किया जाता है। बाबा साहेब ने सामाजिक असमानता को दूर करने एवं वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से भारतीय संविधान के निर्माण में अनेक प्रावधान किए। इसके लिए संपूर्ण देशवासी सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव तथा संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने की। इस अवसर पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, प्रखंड प्रभारी मो० जकी अहमद आरजू, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, प्रांतीय नेता हरेन्द्र कुमार, जिला राजद नेता रविन्द्र कुमार रवि, मनोज पटेल, संतोष कुमार, रंजीत कुमार रम्भू, ई० राजेश कुमार राय, जयलाल राय, विद्यापति राय, मनोज कुमार कुशवाहा, भागीरथ सिंह, रामोद सिंह मुकेश कुमार, रामबाबू, अमरजीत कुमार, सोनू कुमार, राजकुमार राम, नागेंद्र राम, मुन्ना कुमार सहित प्रखंड के समाजसेवीगण भी मौजूद थे।

रालोजपा जिला कार्यालय में मनायी गई बाबा साहेब की 132वीं जयंती

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के मुसापुर गैस गोदाम के नजदीक राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी जिला कार्यालय में 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती सामारोह पूर्वक मनायी गई। जयंती समारोह की अध्यक्षता रालोजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार चौधरी व संचालन दलित सेना महिला सेल की जिलाध्यक्ष रिता पासवान ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रालोजपा कार्यकताओं के द्वारा बाबासाहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार और देश के पहले कानून मंत्री व महान समाज-सुधारक थे। बाबासाहेब दलितों, शोषितों, पीड़ितों एवं महिलाओं के अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर उन्हें विकास के मुख्यधारा में जोड़ने वाले गरीबों के मसीहा थे। डॉ० भीमराव अंबेडकर देश को नई दिशा देने वाले महानायक थे। जयंती समारोह में धन्यवाद ज्ञापन युवा रालोजपा के राष्ट्रीय सचिव कुनाल राम किया। जयंती समारोह में किसान प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर राय, प्रदेश सचिव पूर्व प्रमुख रविता तिवारी, जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, महिला सेल की जिलाध्यक्ष रिना सहनी, मनोज कुमार, शोभा राम, वक्ष पासवान, बंटी जयसवाल, चन्दन कुमार, गोपाल शर्मा, विनोद सिंह, सत्येंद्र झा, अशोक सिंह, नन्द कुमार, सुशांत चौधरी, बिंदु बाबली, मंजू देवी, धीरज पासवान, राजेश कुमार सहित कई रालोजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंबेडकर जयंती पर बहुजन क्रांति मोर्चा ने निकाली भव्य शोभायात्रा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 132वें जन्मदिवस के अवसर पर बहुजन क्रांति मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को संगठन के नेता कुणाल कुमार राम के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने झंडा व बैनर लेकर शोभायात्रा जुलूस निकाला। शोभायात्रा शहर के एलआईसी ऑफिस के निकट से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए, संविधान निमार्ता अमर रहे और जय भीम का नारा लगाते हुए निकला। ताजपुर रोड एलआईसी के निकट बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म के मौके पर केक काटा गया। इस अवसर पर संगठन के नेता कुणाल कुमार राम ने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, हम भीम वालों को बाबा साहब के बताए हुए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए और उनके बताए हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जाना चाहिए। इस समाज के लोगों को चाहिए कि अपने बच्चों को एक रोटी कम खिलाएं लेकिन अपने बच्चो को पढ़ाएं, इस सिद्धांत पर चलकर ही मनुवादियों, दंगाईयों, फिरका-परस्तों को कुचला जा सकता है। बाबा साहेब के संविधान को भीम वादियों को रखना एवं पढ़ना चाहिए। अगर ये समाज ऐसा नही किया ता समाज के छात्र-छत्राओं का भविष्य संकट के बीच चौराहे पर खड़ा नजर आएगा। केक कटने के बाद विशाल भव्य अम्बेदकर यात्रा निकाला गया। जिसमें हजारों युवा छात्र गणमान्य समाजिक व्यक्ति ने भाग लिया। इस अवसर अख्तरुल इस्लाम शाहीन, मो० रिज्जू, मो० अकबर रजा, मो० शिब्बु सिरेन, मो० मिराज, मो० सिराज, मो० सोनू, मनीश यादव, घुनचुन यादव, जेके यादव, ललित कुमार, सुनिल राय, रामजी पासवान, राजन पासवान, राहुल कुमार पासवान सुधा मेहता, उषा कुमारी, रेणु राज, राजेश सहनी, विशाल राम, राजन राम, विनय कुमार राम, विशाल सम्राट, इस शोभायात्रा की अध्यक्षता रंजीत राम व कृष्णा प्रसाद कर रहे थे।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गई

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर प्रखंड के ठनका चौक, भटौरा महादलित टोला एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रानी परती के प्रांगण में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गई। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबासाहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर रविदास धर्म संगठन के जिला अध्यक्ष नंदन राम, मुखिया विनोद कुमार पासवान, प्रधानाध्यापक सत्नारायण आर्य, पूर्व मुखिया योगेंद्र मलिक, बिंदेश्वर राम, सुभाष कुमार राम, महेश राम, प्रमोद पासवान, शिक्षक नारायण राम, मिथिलेश राम, राम बहादुर राम, उर्मिला देवी, बसंत राम, विकास मित्र, राजेश्वर राम, हरे कृष्ण राम, चंद्र देवाराम, उमेश राम, हेमंत कुमारी, रामभरोस माझी, प्रमिला कुमारी, पिंकी कुमारी, संतोष राम, दिनेश साह सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

आजाद भारत के महानायक थे बाबा साहेब : बीडीओ

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की 132वीं जयंती पर गुरुवार को खानपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों, सरकारी एवं निजी कार्यालयों के साथ-साथ विभिन्न पार्टियों के कार्यालयों में आज विधिवत कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही बाबा साहेब के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दीजिए। ताकि पढ़-लिखकर बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्रहित में कार्य कर सकें। उन्होंने बाबा साहेब के कृत पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारा देश संविधान से चलता है और इस संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर हैं, यह गौरव की बात है। दूसरी ओर रेबड़ा पंचायत के रामनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामनारायण सिंह ने कहा कि बाबा दलित समाज से आते हैं और उन्होंने देश के लिए जो किया वह आज मिशाल कायम है। मौके पर डॉ लाल बाबू, महेश प्रसाद यादव, दिलीप कुमार राम, अमन कुमार, रुदल कुमार, प्रदीप कुमार झा, विकास कुमार, जय राम पासवान, दिनेश प्रसाद महतो, मुखिया रविन्द्र कुमार राय, सुधीर कुमार सहनी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

अंबेडकर जयंती पर आयोजित भीम चौपाल में जदयू ने लिया संविधान रक्षा का संकल्प

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश जदयू के आदेशानुसार गुरुवार को जिला जदयू द्वारा समस्तीपुर जिले के सभी पंचायतों में भीम चौपाल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहेब को याद करते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। बाबा साहेब के सपनों के अनुरूप बिहार के मुख्यमंत्री ने जिस तरह से बिहार में अनुसूचित जाति और अत्यंत पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए जो कल्याण एवं विकास की योजनाएं चलाई है। उसको विस्तार से भीम चौपाल में पार्टी की ओर से बताया गया इसी कड़ी में जदयू के प्रदेश महासचिव डॉ दुर्गेश राय ने नगर निगम क्षेत्र के धुरलख गांव में आयोजित भीम चौपाल में भाग लेते हुए कहा कि आज देश के अंदर संविधान पर हमला हो रहा है। संविधान के साथ छेड़छाड़ की साजिश की जा रही है। बाबा साहेब द्वारा निर्माण किए गए संविधान को बदलने की साजिश हो रही है। बाबा साहेब ने अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े वर्ग और पिछड़े वर्ग को समाज की मुख्यधारा में बराबरी पर लाने के लिए जो आरक्षण दिया था, आज उस आरक्षण को समाप्त करने की साजिश हो रही है इसीलिए आज इस भीम चौपाल में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए हम सभी को बाबा साहेब के दिए संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़ा होना होगा भीम चौपाल की अध्यक्षता जिला जदयू के महासचिव सह पूर्व मुखिया अरुण पासवान ने किया। भीम चौपाल में पार्टी की ओर से दिए गए संकल्प पत्र के अनुसार स्वयं एवं अपने बच्चों तथा अपने परिवार को शिक्षित करने, शरीर व आत्मा और धन को बर्बाद करने वाले शराब एवं मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा अपनी इज्जत की तरह किसी भी कीमत पर करने, धर्म का राजनीतिकरण करने और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वालों का बहिष्कार करने और वोट के सौदागरों के प्रलोभन में आकर बाबासाहेब के दिए वोट के अधिकार का अपमान नहीं करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में राजकुमार साह, अशोक पासवान, प्रेम कुमार, सुबोध कुमार, नितिन कुमार, देवेंद्र पासवान, सुरेश मलिक एवं देवी पासवान आदि लोग शामिल थे।

प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर मनायी गई अंबेडकर जयंती

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर धूमधाम के साथ भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। प्रखंड कार्यालय परिसर में पंकज कुमार महतो की अध्यक्षता में अंबेडकर जयंती मनाई गई। जहां मुख्य अतिथि के रूप में विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रमोहन पासवान उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित किए। वहीं प्रखंड के बीआरएनकेएस महाविद्यालय के सभाकक्ष में प्राचार्य सुर्यदेव प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। वहीं सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत वार्ड 05 स्थित प्राथमिक विद्यालय राम टोल में प्रधानाध्यापक विजय कुमार बच्चों के साथ अंबेडकर की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाया। जहां सिंघिया घाट दैनिक यात्री संघ के स्टेशन संयोजक मनोज कुमार सहयोगी के साथ मिलकर बच्चों के बीच पुस्तक एवं ट्रॉफी का वितरण किया। वहीं जेपीएनएस उत्तर माध्यमिक विद्यालय नरहन के परिसर में अरविंद कुमार दास की अध्यक्षता में उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। वहीं खोकसाहा स्थित गणेशी प्रसाद पुस्तकालय भवन के प्रांगण में पूर्व मुखिया मनीषा देवी की अध्यक्षता में बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाई गई।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व सरपंच से दो लाख रंगदारी की मांग

गोपालगंज। जिले के बरौली थाना क्षेत्र के बाखरौर और पंचायत के पूर्व सरपंच से हथियार के बल पर दो लाख रुपये रंगदारी की मांग की गई है। रंगदारी नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है। इस मामले को लेकर पीड़ित पूर्व सरपंच जय प्रकाश श्रीवास्तव ने थाने में 6 लोगों के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आपसी विवाद में मां बेटी सहित चार को पीटा

गोपालगंज। जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के चैलवा गांव में आपसी विवाद को लेकर मां बेटी सहित चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इमरजेंसी वार्ड में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वही घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस घायलों का बयान दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पानी बहाने के विवाद में महिला पर जानलेवा हमला

गोपालगंज। जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के पट्टी चक्र गोपी गांव में नाले के पानी बहाने के विवाद को लेकर एक महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति में महिला का इलाज चल रहा है। वही घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल महिला का बयान दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शोकाकुल परिवार से मिले एमएलसी, बंधाया ढांढस

गोपालगंज। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधान पार्षद अफाक अहमद बुधवार की मांझा प्रखंड के गौसिया पंचायत के पूर्व मुखिया राधा रमण मिश्रा के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संयम के साथ काम लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस परिवार से उनका व्यक्तिगत रिश्ता रहा है। मुखिया जी की पत्नी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज की व्याख्यता रही स्वर्गीय संध्या देवी के आकस्मिक निधन से उनकी निजी क्षति हुई है। इस मौके पर पूर्व मुखिया राधा रमण मिश्रा, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंटू सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि विकास सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

शादी की नियत से किशोरी का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के बनकटा मल गांव से शादी की नियत से एक लड़की का अपहरण कर लिया है। लड़की की मां ने स्थानीय थाने में गांव के ही चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के बनकटा मल गांव निवासी छोटेलाल चैहान की पत्नी कुसमावती देवी ने आरोप लगाया है कि मेरी लड़की लाली कुमारी घर के बगल में ही शौच करने गई थी। उसी बीच गांव के ही शैलेश चैहान, सुगांती देवी, अमोद कुमार एवं मनु चैहान बहला-फुसलाकर इसका अपहरण कर लिए। काफी खोजबीन के बाद भी जब मेरी लड़की नहीं मिली। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक किशोर सहित छह गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे पुलिस थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक किशोर सहित छह को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया। पकड़े गये युवक की पहचान थाना क्षेत्र के डोमनपुर गांव के मुन्ना कुमार सिंह व मिथिलेश कुमार राम, यूपी के देवरिया जिले के खामपार थाना क्षेत्र के कडसरवा के पंकज कुमार गुप्ता, बंगरा बाजार के मुकेश कुमार व राकेश कुमार के रूप में की गई है।

गोपालगंज में दहेज के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या

गोपालगंज(जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के श्यामपुर यादव टोला गांव में दहेज लोभी ससुराल वालों के द्वारा शादी के महज दो माह के बाद ही विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया। विवाहिता की माँ का आरोप है कि दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है।

आज होगा थावे महोत्सव का रंगारंग आगाज, तैयारी पूरी

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

दो दिनों तक चलने वाले थावे महोत्सव का शनिवार को रंगारंग आगाज होगा। इस महोत्सव के आयोजन की प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी की ली गई है। इसका उद्घाटन कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेन्द्र कुमार राय करेंगे। दो दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के कई नामचीन कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रस्तुति देने का मौका मिलेगा। महोत्सव के मुख्य आकर्षण मशहूर गायिका प्रियंका सिंह व बालीवुड के सिंगर हिमेश रेशमिया होंगे। इसके अलावा कई प्रख्यात कलाकार भी महोत्सव के दूसरे दिन अपनी रचनाओं को प्रस्तुत करेंगे। प्रशासनिक स्तर पर शुक्रवार को थावे महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। शनिवार की शाम महोत्सव के रंगारंग उद्घाटन के बाद प्रथम दिन 15 अप्रैल को विपीन कुमार मिश्रा के द्वारा शंखनाद, माधव राठौड़ एंड कंपनी के द्वारा बिहार लोक नृत्य, बालिका समूह नृत्य ग्रुप, निशाद अहमद, अमरजीत जयकार तथा प्रियंका सिंह अपना-अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। दूसरे दिन 16 अप्रैल को कलाकार गुलशन बलराम, अमोलिका, उषा कुमारी, लवण्या राज, रविन्द्र जोनी, विनोद कुमार और बालीवुड सिगर हिमेश रेशमिया अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों को भी महोत्सव के दूसरे दिन मौका मिलेगा।

सूबे के कई मंत्री भी उद्घाटन कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद: दो दिवसीय थावे महोत्सव का उद्घाटन सूबे के कला संस्कृति मंत्री एंव युवा विभाग के जितेन्द्र कुमार राय करेंगे। तथा अति विशिष्ट अतिथि मद्य निषेध और उत्पाद व निबंधन मंत्री सुनील कुमार होंगे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में सूबे के विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह, जिले के प्रभारी सचिव के सेंथिल, सारण आयुक्त सरवनम एस, पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह और सारण डीआईजी विकास कुमार शामिल होंगे।

भव्य पंडाल बनकर हुआ तैयार: जिले के थावे प्रखंड स्थित होमगार्ड मैदान में थावे महोत्सव को लेकर भव्य पंडाल बनकर तैयार हो गया है। भव्य रूप से स्टेज व पंडाल को सजाया गया है। पंडाल के अंउर व बाहर में लाइट की व्यवस्था की गई है। दो गेट बनाए गए हैं। इसमें एक वीआईपी गेट, दूसरा आम जनता के लिए है। दोनों गेटों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। महोत्सव के दौरान चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती रहेगी। सदर एसडीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि थावे महोत्सव को लेकर दो मेन गेट बनाए गए हैं। इसमें एक थाना के पास से दूसरा दुर्गा मंदिर गोलंबर चैक के पास। दोनों तरफ से आने-जाने की सुविधा रहेगी। वीआइपी व जनप्रतिनिधियों के लिए पास जारी किया गया है।

बीपीएस कॉलेज में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के भोरे प्रखंड मुख्यालय स्थित भोला प्रसाद सिंह महाविद्यालय में बाबा साहब की 132 वी जयंती मनाई गई। महाविद्यालय परिसर में ही एक कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों एवं प्राध्यापकों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। एनएसएस पदाधिकारी डॉ अभय कुमार राकेश ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, अपना जीवन समर्पित करने वाले बाबा साहब को एक वटवृक्ष बतलाया। डॉ शंकर दयाल ने बाबा साहब की शिक्षा, संघर्ष एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर संतोष कुमार ने उन्हें संविधान सभा के मेरुदंड के रूप में कार्य करने वाला महापुरुष बतलाया, जिसने समाज में सभी वर्गों को समानता का अधिकार, सामाजिक बुराई को समूल नष्ट करने वाला बताया। प्रोफेसर ममता ने नारी अधिकार के लिए संघर्ष कर धरातल पर उतारने वाला मनीषी बताया। सभा की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ उदय शंकर पांडेय ने कहा कि मनुष्य की पहचान उसके मूल्यों से होती है ना की मुद्रा से। वे एक समाज सुधारक की कड़ी थे, उन्हें किसी जाति या वर्ग से जोड़ना उनका अवमूल्यन है। डा। दुर्गेश ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किए जाने को सामाजिक जीत बतलाया।

महिला पर जानलेवा हमला तीन घायल

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया थाने के सहायक श्रीपुर ओपी क्षेत्र के दुबे बतरहां गांव में पूजा करने गयी एक महिला को गांव के ही कुछ लोगों द्वारा जबरन उठाकर खेत में ले जाकर महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। खून से लथपथ महिला की चीख-पुकार सुनकर बीच-बचाव करने गए पति व पुत्र पर भी हमलावरों ने हमला कर घायल कर दिया। इस मारपीट की सूचना गांव के ग्रामीणों द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गयी।

सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रीपुर ओपी थाने में पदस्थापित एसआई हेमंत कुमार पुलिस बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों की मदद से घायलों की इलाज के लिए स्थानीय मरछियां देवी रेफरल अस्पताल फुलवरिया में दाखिला कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर कर दिया। जहां इलाज जारी है। घायलों में दुबे बतरहां गांव के निवासी भृगुनाथ तिवारी उनकी पत्नी गौतम देवी तथा पुत्र शशिकांत तिवारी शामिल है। घटना को लेकर भृगुनाथ तिवारी की पुत्री रीमा देवी ने हॉस्पिटल में चीख-चीख कर आरोप लगा रही थी कि पॉस्को केस में नामजद आरोपियों ने इस घटना कि अंजाम दिया है। उक्त आरोपियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था कि पॉस्को केस उठा लो अन्यथा अंजाम बुरा होगा। उक्त आरोपियों ने हीं मेरी मां को जान से मार देने की नियत से धारदार हथियार से हमला कर खून से लहूलुहान कर दिया हैं। जिसमें मेरे पिता तथा मेरे भाई को भी उक्त आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मामला जमीनी विवाद का भी बताया जा रहा है । जिसमें 2 दिनों से विवाद को लेकर पंचायती भी हो रही थी। लेकिन मामला का निष्पादन नहीं होने के कारण उक्त घटना घटित हुई।उधर प्रशासन द्वारा पीड़ित से आवेदन भी मांगा गया था। श्रीपुर ओपी अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। हालांकि घायलों के द्वारा लिखित शिकायत थाने में नहीं दी गई है। हमलावर किसी भी सूरत में बख्शें से नहीं जाएंगे। पुलिस घायलों से हमलावरों की नाम पता पूछ कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि हमलावर अति शीघ्र पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

गूंजे जय भीम के नारे, जयंती पर याद किए गए बाबा साहब

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

शुक्रवार को शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालय की सड़कों पर नीले रंग का झंडा लहराता रहा। इस दौरान जय भीम के नारे से पूरा इलाका गूंजता रहा। मौका था देशरत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित जयंती समारोह का। जिले में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर भीम सेना के कार्यकताओं ने शोभा यात्रा निकाली। गाजे-बाजे तथा बाबा साहब के चित्र के साथ निकली शोभा यात्रा शहर के विभिन्न चैक चैराहों से होकर गुजरी। इस दौरान जय भीम के नारे गूंजते रहे।

भीम सेना के कार्यकर्ता शोभायात्रा में साउंड बाक्स पर बज रहे गीतों पर थिरकते रहे। बाबा साहब की जयंती पर आंबेडकर छात्रावास के छात्रों ने भी शोभा यात्रा निकाली। बसपा कार्यकताओं ने भी बाबा साहब को नमन किया। शुक्रवार को बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम की शुरूआत प्रशासनिक पदाधिकारियों ने अंबेडकर चैक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चैधरी सहित कई पदाधिकारियों के अलावा नप के मुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार चैधरी आदि ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। हरिजन छात्रावास परिसर में स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर भी जिलाधिकारी ने माल्यार्पण किया। इसकी के साथ बाबा साहब की जयंती पर शोभा यात्रा का निकलना शुरू हो गया। भीम सेना, हरिजन छात्रावास के छात्रों ने अलग-अलग गाजे बाजे के साथ बाबा साहब की शोभायात्रा निकाली। बाबा साहब की जयंती पर राजनीतिक दलों ने भी उन्हें याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यकताओं ने जिला कार्यालय से लेकर भी शक्ति केंद्र पर बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई। जिला कार्यालय में आयोजित जयंती समारोह में पूर्व मंत्री जनक राम जिलाध्यक्ष संदीप गिरी उर्फ मंटू गिरी, जयहिन्द प्रसाद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। जदयू जिला कार्यालय में भी बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह में काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजद जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में बाबा साहब की जयंती मनाई गई। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हैदर की अध्यक्षता में बाबा साहब की जयंती मनाई गई। उधर अहिसा सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार मांझी की अध्यक्षता में भी जयंती समारोह का आयोजन कर बाबा साहब को याद किया गया।

132 वीं जयंती पर श्रद्धा पूर्वक पूजे गए बाबा साहब

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागॉव प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वरोजगारी भवन में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब के तैल चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन वंदन करते हुए उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ मनोज कुमार पंडित ने कहा कि बाबा साहब ऐसे महामानव थे जो युगों युगों में जन्म लेते हैं। उन्होंने गरीबी एवं अशिक्षित समाज में जन्म लेने के बावजूद भी विदेशों में पढ़ाई कर कई भाषाओं में उच्च डिग्री हासिल की। उन्होंने अपने जीवन काल में गरीब, पिछड़े, दबे-कुचले लोगों को भी शिक्षा का महत्व बताकर मध्यम मार्ग अपनाते हुए समाज में समानता लाने का प्रयास किया। सीओ रविश कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने उच्च शिक्षा की बदौलत गरीबों एवं दबे कुचले लोगों के लिए संविधान की स्थापना कर समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को भी आगे आने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्हें ज्ञान सर्वोपरि की शिक्षा देकर शिक्षित बनने, संगठित बनने और गलत का विरोध करने की शिक्षा दी। स्थानीय लोक गायक शंकर रावत ने जगमग जगमग दीप जलाओ हर जीवो के जीवन में करना सको अच्छाई तो बुराई से बचों जग में सहित कई स्वरचित गीत प्रस्तुत कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को उचकागांव थाने के वरीय पुलिस पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद, मंटू कुमार रजक, पूर्व मुखिया रहमत अली, संतोष कुमार राजा, कृष्णा राम, वीरेंद्र मांझी, कपिलदेव प्रसाद सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

फुलवरिया में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अम्बेदकर जयंती

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित कला संस्कृति मंच पर संविधान निमार्ता, भारत रत्न डॉ साहेब बाबा भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान बीडीओ अजीत कुमार रौशन, सीओ खुशबू खातून, हथुआ विधायक राजेश सिंह कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद सरफराज तथा पंचायत के मुखिया अल्ताफ हुसैन के अलावे अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत राज फुलवरिया के मुखिया अल्ताफ हुसैन में प्रखंड मुख्यालय परिसर में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ साहेब बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कराने की घोषणा की। मुखिया द्वारा इस घोषणा को सुनते ही वहां मौजूद अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों ने तालियों से स्वागत किया। इसके बाद फुलवरिया पंचायत के सभी गांव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीरों को लेकर शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर एसआई ब्रजभूषण पाठक एएसआई महेश मंडल पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में शामिल रहे । जिसमें हजारों लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद सरफराज ने कहा कि संविधान निमार्ता व भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाने को लेकर शोभायात्रा निकाली गयी। इस शोभायात्रा में उप मुखिया अगस्त शर्मा, बद्री विशाल सिंह, उपेंद्र यादव, अमरजीत राम, मुन्ना राम, योगेंद्र प्रसाद, देवी राय, छोटेलाल साह, राजेश साह सहित अन्य लोगों ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

रब को राजी करने में गुजरा रमजान का तीसरा जुमा

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। ऐ अल्लाह, मुल्क में अमन व शांति कायम करना। मेरे गुनाहों को माफ करना और मेरा रोजा कबूल करना। मुझे बुराईयों से बचाए रखना और इंसानियत की सीख देना। मस्जिदों में हाथ फैलाए रोजेदार अल्लाह से ऐसी ही दुआ कर रहे थे। मौका था माह-ए-रमजान के तीसरे जुमे की खास नमाज अदा करने का। इस सिलसिले में जिले की मसजिदों में खास तैयारी की गई थी। मार्केट में भी चहल-पहल देखने को मिल रही थी। माह-ए-रमजान के तीसरे जुमा की नमाज शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की छोटी बड़ी तमाम मसजिदों में अदा की गयी। फर्ज नमाजों के साथ कसरत से नफल नमाज अदा की गयी. तिलावत कलाम पाक किया गया। तस्बीह हुई, पूरा जुमा रब को राजी करने में गुजरा। शुक्रवार के भोर में रोजेदारों ने सहरी खायी। पुरुषों ने मसजिदों में तो महिलाओं ने घरों में नमाज अदा की। इसके बाद कुरआन शरीफ की तिलावत की गई और जुमा की नमाज की तैयारी शुरू हो गयी। जुमा की अजान होने तक मस्जिद नमाजियों से भर गयी। इसके बाद नमाजियों ने सुन्नतें अदा की। इमाम ने तकरीर पेश की। खुदा की हम्द व सना बयान की। इमाम के साथ सभी ने खुदा के बारगाह में दुआ के लिए हाथ उठाए। इमाम की दुआ पर सभी ने आमीन की सदाएं बुलंद की. पुरुषों ने भी घर आकर तिलावत व तस्बीह की। मौलाना वलीउल्लाह कादरी ने कहा कि रोजा रखने में बहुत सी हिकमतें हैं. रोजा रखने से भूख और प्यास की तकलीफ का पता चलता है। इससे खाने-पीने की चीजों की अहमियत के बारे में वाकिफ होते हैं। इंसान खुदा का शुक्र अदा करता है। रोजा से भूखे और प्यासे पर मेहरबानी का जज्बा पैदा होता है, क्योंकि मालदार अपनी भूख याद करके गरीब मोहताज का एहसास करते हैं। रोजा से भूख बर्दाश्त करने की आदत भी पड़ती है।

रामेश्वर कर्तानाथ नारायणी महोत्सव की तैयारी प्रशासनिक स्तर पर तेज

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

रामेश्वर कतार्नाथ नारायणी महोत्सव दिनांक 18 अप्रैल को महाशिवरात्रि को मनाया जा रहा है। महोत्सव की तैयारी को लेकर जिला अधिकारी डॉ.नवल किशोर चैधरी के साथ जिला प्रशासन की टीम ने पहुंचकर महोत्सव की तैयारी का जायजा लिया एवं कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए ।महोत्सव के दिन सुबह में रुद्राभिषेक तथा जलाभिषेक के द्वारा शुरू होगा ।इस महाशिवरात्रि के अवसर पर बिहार के मंत्री सांसद, विधायक सहित कई लोग इस महोत्सव में शिरकत करेंगे। महोत्सव संध्या काल में बनारस से पंडितों को बुलाकर बनारस के तर्ज पर नारायणी आरती भी की जाएगी इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होगा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुविख्यात गायिका, नामचीन कलाकार उपस्थित रहेंगे और यह रंगारंग कार्यक्रम रात भर चलेगा ।रमजिता स्थित बाबा रामेश्वर कतार्नाथ मंदिर में आगामी 18 अप्रैल को कतार्नाथ महोत्सव की तैयारियां जोरों शोरों पर चल रही है। महोत्सव कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर प्रशासन के अधिकारियों के अलावा समिति के लोग भी लगे हुए हैं। समिति के लोगों ने बताया कि तेरस के मौके पर पहले से यहां मेला लगता आ रहा है । इस दिन काशी से आचार्य को बुलाकर दिनभर मंदिर में अभिषेक भी किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है इस कार्यक्रम में देश के नामचीन कलाकार और स्थानीय कलाकार की सहभागिता, भागीदारी रहेगी। विदित हो कि रमजिता महोत्सव की मंजूरी पर्यटन विभाग की ओर से मिली है। मौके पर जिला पदाधिकारी नवल किशोर चैधरी, डीडीसी, अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार, एसडीपीओ संजीव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी वैभव शुक्ला, पंडित जयप्रकाश तिवारी, चन्दन तिवारी, योगेंद्र मांझी, बिरबली सिंह, साधु यादव, नगवाली तिवारी सहित समिति के अन्य सदस्य थे।

मुरादाबाद का वैष्णवी के द्वारा चौथे दिन कृष्णलीला का मंचन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। रामलीला मैदान आरा में चौथे दिन कृष्णलीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर इंदू देवी ,वंदिता देवी , शकुंतला देवी हरेन्द्र सिंह ,भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी सुर्यभान सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता ,राकेश विशेश्वर ओझा डॉ अनिल सिंह ने कर कमलों से संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन किया गया ।

इस अवसर पर समाजसेवी सुरजभान सिंह ने कहा की रामलीला समिति का यह आयोजन ऐतिहासिक आयोजन साबित हुआ। आज लोग अपनी काम धंधा में व्यस्त हैं ,बच्चे मोबाईल व इंटरनेट में मशगूल है फिर भी इतना शानदार आयोजन हैं की हजारों-हजार लोग चार पांच घंटे कृष्णलीला का मंचन का आनंद ले रहें हैं ।

इस अवसर पर नगर रामलीला समिति के अध्यक्ष प्रेम पंकज ललन जी ने आगत अतिथियों को पट्टिका व बैच लगाकर अभिनंदन किया । आज चौथे दिन कृष्णलीला के मंचन में गणेश वंदना सरस्वती वंदना , राधा रानी कृष्ण कन्हैयालाल का प्रेम प्रसंग , कालिया शेषनाग का लीला,महारास ,गोवर्धन लीला , फूलो की होली वहीं फूलों का होली देखने लायक था और लोग झुमने लगे इस होली में समापन पर लक्ष्मी नारायण जी का आरती हुआ। लोग भाव विभोर होकर झुमने लगें समापन पर लक्ष्मी नारायण जी का आरती हुआ ।मंच संचालन दिलीप कुमार गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष शंभू नाथ केशरी ने किया।

इस अवसर पर अजय गुप्ता , मेजर राणा प्रताप सिंह ,मदन प्रसाद ,सन्नी शाहबादी ,प्रमोद कुमार ,राजेश कुमार ,आलोक अंजन ,राजीव रंजन, अभिजित आनंद , प्रतीक राज,आदित्य सिंह, राजा गौतम ,विशाल गुप्ता , सतोष पब्लिसिटी ,सुनिल गुप्ता ,विकास पासवान , शालू चौरसिया ,मुन्ना सोनी, ,मुन्नू सिंह अभीषेक सिंह ,विशाल सिंह ,आकाश ,पवन सत्यार्थी , विवेक दीप , विक्की गुप्ता इलू ,बिक्की केशरी , शैलेन्द्र कुमार गुड्डू , चिलबील सिंह ,राजेन्द्र सिंह ,सहित हजारों भक्त उपस्थित थें।

अंबेडकर की 132वीं जयंती पर अनुयाइयों की उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। भारत रत्न, संविधान निमार्ता, सिंबल ऑफ नॉलेज डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती डॉ बी आर अंबेडकर परिगणित जाति कल्याण संघ के तत्वावधान में अंबेडकर स्मारक स्थल पर धूमधाम से मनाई गई। जयंती का शुभारंभ बाबासाहब की मूर्ति पर माल्यार्पण के उपरांत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति विधान पार्षद प्रो डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने डॉ अंबेडकर के विचारों को समीचीन बताते हुए कहा कि अगर देश के वंचित शोषित और गरीब वर्ग के लिए विकास के रास्ते बंद है तो यह राष्ट्रीयता के खिलाफ है, और जब तक ऐसी स्थिति विद्यमान है, अंबेडकर के विचार जीवित रहेंगे। उन्होंने दलित वर्ग में महिलाओं की शिक्षा में कम भागीदारी पर सवाल खड़े किए और एक उद्धरण के मध्यम से बताया कि किस तरह किसी जमाने में जमींदार वर्ग के द्वारा यह बाते कही जाती रही थीं कि अगर सभी को शिक्षा दे दी जाएगी तो फिर उनकी चाकरी कौन करेगा। उन्होंने न्यायलयीय परिपाटी पर भी संदेह जताया और उसमे सुधार की वकालत की। डॉ लालबाबू यादव ने कहा कि अंबेडकर के नाम पर लाभ अर्जित करने वालों से समाज में उसके योगदान का लेखा जोखा लेना चाहिए। प्रसिद्ध बहुजन चिंतक इंजीनियर डी एन दत्ता ने दलित ऐश्वर्य और इतिहास की जानकारी देते हुए उनको प्रतिनिधित्व मिलने तक के सफर को बारीकी से समझाया। डीपीओ समग्र शिक्षा धनंजय कुमार पासवान ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अनुसूचित वर्ग की भागीदारी अधिक करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि हमारा विकास शिक्षा के रास्ते ही जाता है। डीपीओ डीआरडीए राजेश कुमार ने स्मारक स्थल पर एक पुस्तकालय खोलने तथा उसके लिए राशि अनुदान देने की बात कही। रिविलगंज बीडीओ लालबाबू पासवान ने शिक्षा की जरूरत को समझते हुए कहा कि बाबासाहब ने आखिर डीएससी, डी लिट और एलएलडी आदि की पढ़ाई क्यों की हमे यह मंथन करने की अवश्यकता है। प्रो धनंजय यादव ने कहा कि बाबासाहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो के रास्ते पर चलने की बजाय आज का युवा सिर्फ संघर्ष कर आगे बढ़ना चाहता है जो शायद संभव नही, उसे शिक्षित और संगठित हुए बिना कामयाबी नहीं हासिल हो सकती. जयंती समारोह को, ईश्वर राम, सुपेंद्र चैधरी, सभापति बैठा, पोस्ट ऑफिस के डायरेक्टर दिनेश साह, शिवकुमार मांझी, हवलदार मांझी, लालबाबू मांझी, दीनबंधु मांझी, शिव प्रसाद मांझी, ममता कुमारी, रंजीत मांझी, हरेंद्र मांझी, सुरेंद्र सिंह, चंद्रिका प्रसाद यादव समरेंद्र बहादुर सिंह, आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की सफलता में शैलेंद्र राम, विनोद चैधरी, चंद्रशेखर कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर शिक्षिका संगीता कुमारी , अनन्या कश्यप, रीना कुमारी, मंजू मानस, राजा लाल, मदन लाल, विक्की रजक, नवल किशोर बैठा, रामलाल मांझी, व्यास मांझी, मेराज आलम, गणेश चैधरी, ध्रुव बैठा, दीपक प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार राम, अश्वनी कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम मनी

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग गांवों और सरकारी विद्यालयों में बाबा डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। राजापट्टी गोलंबर एन एच 227 ए राम-जानकी पथ के चैराहे पर बाबा साहब के टूटी प्रतिमा की जगह नई प्रतिमा का पूजन एवम माल्यार्पण बिहार विधान परिषद सदस्य व पूर्व मंत्री जनक चमार और महाराजगंज भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भाजपा नेता अजीत कुमार सिंह, अम्बेडकर लोक सेवा संघ के अध्यक्ष रधीर कुमार मांझी, पूर्व मुखिया ललन मांझी,नगर पंचायत लोजपा अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, कृष्णा राम के साथ किया। मौके पर कर्ण कु

सम्पादकीय

प्रतिबंध व विकल्पों की डंपिंग

अंततः जीवन की गहमागहमी के बीच नजरअंदाज हो रहे, भविष्य के सुकून भरे क्षणों को संरक्षित करने के लिए अदालतों की शरण में ही जाना पड़ रहा है। अब मसला उस कूड़े-कचरे का है, जो हमारी जिंदगी की रफ्तार, जीवन शैली के उत्पात और स्थानीय निकायों की अकर्मण्यता को लावारिस स्थिति तक पहुंचा रहा है। ऐसे में माननीय हाई कोर्ट ने नदी-नालों में कचरे की डंपिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ इसके प्रबंधन की उचित व्यवस्था में, शहरी निकायों को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। अदालत के सामने आए विभिन्न पक्षों से यह भी साबित हो रहा है कि कूड़ा निस्तारण के लिए चयनित भूमि पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की बेडिां बरकरार हैं। बिलासपुर, घुमारवीं, चुवाड़ी, बंजार, चौपाल, नेरवा, रोहड़ू, आनी, शाहपुर, चिडगांव और अंब जैसे विकासशील शहरी कस्बों में वन विभाग की आपत्तियों की जिरह व शर्तों पर अदालत ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। कुल मिला कर देखा जाए तो कचरा प्रबंधन की दृष्टि से हिमाचल ने पूरे राज्य के लिए न कोई स्पष्ट नीति और न ही योजना बनाई है।

जहां स्थितियां विकराल हुईं या राष्ट्रीय योजनाओं के दायरे में फंडिंग संभव थी, वहां-वहां औपचारिक भूमिका निभा दी। जाहिर है कचरा प्रबंधन अब केवल शहरी परिप्रेक्ष्य में ही नहीं, बल्कि ग्रामीण हलकों में भी इसके प्रति दिखाई जा रही नरमी से पर्यावरण, जल संसाधनों तथा जीवन की आवश्यकताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां समाज और सरकार के बीच भविष्य को लेकर चिंताएं और समाधान जब तक जवाबदेह ढंग से आगे नहीं बढ़ते, कोई खास फर्क नहीं आएगा। कूड़े कचरे को लेकर ही राज्य स्तरीय सर्वेक्षण व अध्ययन की जरूरत को स्थायी रूप से समझना होगा। अब तक नगर निकायों ने इसे केवल सफाईया स्वच्छता की आरंभिक भूमिका तक ही संभव होते देखा है, जबकि इसके लिए जनता तक निर्देश, व्यवस्था का स्पर्श और इसके संपूर्ण प्रबंधन के लिए निस्तारण के वैज्ञानिक हल को मुकम्मल करना होगा। विडंबना यह भी है कि हिमाचली शहर व आस्था केंद्र एक ओर जंगलों से घिरे हैं, तो दूसरी ओर प्राकृतिक जलस्रोतों को मजबूरीवश डंपिंग का विकल्प बनाया जा रहा है।

पिछले कुछ सालों से अगर नए नगर निकाय बढ़ाए भी गए, तो उनके भीतर नागरिक सुविधाओं या जीवन की खुशहाली का कोई खाका नहीं बना। नगर नियोजन विभाग अपने सीमित दायरे के भीतर मानव जीवन की परिकल्पना में आधुनिक चुनौतियों से निपटने की सलाह तक नहीं दे पा रहा है। अदालत के सामने आए मामले में स्वच्छता के कई पार्टनर दिखाई दे रहे हैं और इनमें पर्यावरण एवं वन विभाग की राज्य व केंद्रीय स्तर की प्रक्रिया भी अपने दोष से मुक्त नहीं है। दरअसल नागरिक विकास की हर संभावना के सामने वन भूमि किसी दैत्य की तरह खड़ी हो जाती है। ऐसे में डंपिंग अब विकास प्रक्रिया का स्वाभाविक लक्षण व बाई प्रोडक्ट की तरह अपने लिए जमीन, व्यवस्था व विकल्प तलाश रहा है। हर सडक, सुरंग, भवन निर्माण व आर्थिक तरक्की के बदले पैदा हो रहे डंपिंग मैटीरियल को ठिकाने लगाने की जरूरत है। एक ओर कूड़ा कचरा और दूसरी ओर निर्माण से उत्पन्न हो रहे वेस्ट मैटीरियल को भी एक ठिकाना चाहिए। कचरा निष्पादन को अगर निस्तारण की जगह चाहिए, तो व्यर्थ पदार्थों का निपटारा भी ऐसे ही किसी भूखंड पर होगा।

ऐसे में हर शहर को ऐसे डंपिंग स्थल चाहिएं, जहां ढहते-उठते निर्माण के व्यर्थ पदार्थों के भराव से भविष्य के मैदान, पार्किंग स्थल या आवासीय कालोनियां विकसित की जा सकें। दरअसल हिमाचल के हर कदम को नई जमीन, नया आकाश चाहिए और इसी आधार पर कई शहरों को मिलाकर कलस्टर प्लानिंग की जरूरत है। जरूरी नहीं कि हर शहर की सीमा के भीतर ही भविष्य की योजनाएं उकेरी जाएं। अगर कुछ शहरों को एक साथ मिल कर कचरा निष्पादन की जगह मिल जाए और आपसी समन्वय से केंद्रीय स्थलों पर कॉमन बस स्टैंड, अदालती परिसर तथा बड़े मैदान मिल जाएं, तो योजनाओं की व्यापकता में कई स्थायी हल मिलेंगे। अदालत ने कचरा प्रबंधन की आवश्यकता में योजनाओं को खंगाला है तथा विभागीय कुशलता का भी मुआयना किया है। ऐसी अन्य अनेक नागरिक सुविधाएं हैं जहां योजनाएं केवल आंख मिचौनी ही खेल रही हैं। समझना यह होगा कि अब हिमाचल कुछ बदल चुका है और बदल रहा है, तो इसी के अनुरूप प्रबंधन का कौशल और योजनाओं का स्वरूप भी बदलना होगा।

विपक्षी एकता के मुद्दे

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

पिछले कुछ वर्षों से विपक्ष की अनेक पार्टियां आपस में एकजुट होने का प्रयास कर रही हैं। एकता का आधार विचारधारा ही हो सकती है। जो पार्टियां भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से सहमत नहीं हैं, वे आपस में एकजुट हो सकती हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि जो पार्टियां इका होने का प्रयास कर रही हैं, उनकी विचारधारा आपस में मिलती हो। परन्तु ऐसा नहीं है। इसका मुख्य कारण यह है कि विपक्षी की अनेक पार्टियां किसी न किसी परिवार की व्यक्तिगत पार्टी है। कांग्रेस का अपना राज परिवार है और लालू का अपना राज परिवार है। मुलायम सिंह का अपना राज परिवार है। उनकी मृत्यु के बाद स्वाभाविक ही राज तिलक उनके बेटे का हो गया। यह अलग बात है कि अखिलेश यादव ने पिता के जीते जी ही उनसे पार्टी की कुंजी छीन कर अपने पास रख ली। फारूक अब्दुल्ला को तो उनके पिता शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने विधिवत एक जनसभा में नेशनल कान्फ्रेंस के पारिवारिक कागज पत्र दिए थे। इन राज परिवारों ने लोकतंत्र में ही अपना अस्तित्व बनाया था। लोकतंत्र की सीढ़ी से ही राज परिवार ऊपर आए थे। संविधान के अनुसार ही बड़े-बड़े पदों की शपथ ली थी। सार्वजनिक रूप से ही राज परिवारों ने अपने अपने युवराजों की घोषणा की थी ताकि प्रजा को पता चल जाए कि भविष्य का उत्तराधिकारी कौन है जिसे सत्ता देनी है।

इस प्रकार ये दल किसी विचारधारा के कारण नहीं बल्कि पारिवारिक हितों को खतरे में पड़ता देख कर, भाजपा को किसी प्रकार सत्ता से हटाने के लिए एकजुट हो जाना चाहते हैं। लेकिन मामला अटक जाता है। कारण यह है कि कांग्रेस का दावा है कि देश में सबसे बड़ा राजपरिवार वह है। इसलिए देश के बाकी राजपरिवार उसके आसन के सामने लगी कुर्सियों पर बैठें। कोर्निश करने के लिए सोनिया गान्धी ने फिलहाल नहीं कहा है, यह शेष पार्टियों के राज परिवारों के लिए राहत की बात है। लेकिन इन छोटे राज परिवारों का दावा है कि कांग्रेस का पुश्तैनी राज परिवार अब इतना बड़ा नहीं रहा कि उसकी छत्रछाया में बाकी राज परिवार बैठ सकें। परन्तु कांग्रेस अपने भूतकाल से बाहर नहीं आ रही। वह पुराने किले के बाहर कितना परिवर्तन हो गया है, इसे देखने व समझने को तैयार नहीं है। एक और कारण भी है। राज परिवारों में इस बात को लेकर भी सहमति नहीं बन पा रही कि यदि एकता हो जाती है तो किस राज परिवार को कितना हिस्सा मिलेगा। विपक्षी एकता में यही सबसे बड़ा पेंच है। अभी तक इन राज परिवारों में राजनीतिक एकता को लेकर झगड़े थे, लेकिन पैसे को लेकर सब ठीक-ठाक ही चल रहा था। लेकिन इसी बीच राज परिवार एक दूसरे संकट में घिरते गए। राज परिवारों की सम्पत्तियों की जांच होने लगी। यह सम्पत्ति कैसे बनी, इसकी जांच होने लगी। राज परिवारों ने इस प्रकार की स्थिति का सामना कभी नहीं किया था। राजा तो अपने आप को दैवी शक्ति सम्पन्न मानता है। जनता तो उसकी प्रजा है। प्रजा को जो मिलता है, वह राजा की दया के कारण मिलता है। लेकिन 1950 में बाबा साहिब भीम राव रामजी अंबेडकर एक संविधान बना गए थे जिसमें राज परिवारों की लूट खसूट बन्द करने के अनेक सूत्र भी थे। उसी के कारण इन राज परिवारों का मामला संकट में आ गया। बिहार के एक राज परिवार के मुखिया लालू यादव जेल में चले गए। राजनीतिक कारणों से नहीं बल्कि अनेक घोटालों के कारण। हरियाणा में चौधरी देवी लाल के राज परिवार के मुखिया ओम प्रकाश चौटाला को तो अपने बेटे समेत ही दस साल जेल में रहना पड़ा। सबसे बड़े राज परिवार की मुखिया सोनिया गान्धी और उनके बेटे राहुल गान्धी तो नेशनल हेराल्ड की करोड़ों की सम्पत्ति के मामले में जेल जाते जाते बचे, फिलहाल जमानत पर हैं। राज परिवारों के साथ उठने-बैठने वाले अरविन्द केजरीवाल, जो अपने साथियों सहित घर से कट्टर ईमानदार का नारा लगाते हुए निकले थे, फिलहाल शराब को लेकर फंसे हुए हैं। उनके दो कट्टर ईमानदार साथी सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया महीनों से जेल में बन्द हैं। उनको सोनिया गान्धी और राहुल गान्धी की तरह न्यायालय जमानत भी नहीं दे रहा।

इसलिए फिलहाल राज परिवारों के आगे सबसे बड़ा संकट राजनीतिक न रह कर भ्रष्टाचार का हो गया। इस मुद्दे पर बिना किसी झगड़े के सभी विपक्षी दल एकजुट हो गए। इसमें छोटे-बड़े राज परिवार का झगड़ा समाप्त हो गया। राज परिवारों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में जो जांच हो रही है, उसको किसी तरीके से रोकना होगा। इस मामले में विपक्षी दलों में अभूतपूर्व एकता का नजारा देखने को मिला।

समानता का अधिकार दिलाने के लिए आजीवन प्रयासरत रहे थे बाबा साहेब अम्बेडकर

बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी, व्यापक एवं विस्तृत है। उन्हें हम उच्च कोटि के अर्थशास्त्री, कानूनविद, संविधान निमार्ता, ध्येय निष्ठ राजनेता और सामाजिक क्रांति एवं समरसता के अग्रदूत के रूप में जानते हैं। सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष से हम सब परिचित हैं। बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त जातिभेद, ऊंच-नीच और छुआछूत को समाप्त कर समता और बंधुत्व का भाव लाने के लिए अपना जीवन लगा दिया। वंचितों, शोषितों एवं महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब ने अलग-अलग स्तर पर जागरूकता आंदोलन चलाए। अपने इन आंदोलनों एवं वंचित वर्ग की आवाज को वृहद् समाज तक पहुँचाने के लिए उन्होंने पत्रकारिता को भी साधन के रूप में अपनाया। उनके ध्येय निष्ठ, वैचारिक और आदर्श पत्रकार-संपादक व्यक्तित्व की जानकारी अपेक्षाकृत बहुत कम लोगों को है।

लोकेन्द्र सिंह
लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक हैं

बाबा साहेब भली प्रकार समझते थे कि दीर्घकाल तक चलने वाली सामाजिक क्रांति की सफलता के लिए एक प्रभावी समाचार-पत्र का होना आवश्यक है। पत्रकारिता की आवश्यकता और प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा भी था- जैसे पंख के बिना पक्षी होता है, वैसे ही समाचार-पत्र के बिना आंदोलन होते हैं।

बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी, व्यापक एवं विस्तृत है। उन्हें हम उच्च कोटि के अर्थशास्त्री, कानूनविद, संविधान निमार्ता, ध्येय निष्ठ राजनेता और सामाजिक क्रांति एवं समरसता के अग्रदूत के रूप में जानते हैं। सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष से हम सब परिचित हैं। बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त जातिभेद, ऊंच-नीच और छुआछूत को समाप्त कर समता और बंधुत्व का भाव लाने के लिए अपना जीवन लगा दिया। वंचितों, शोषितों एवं महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब ने अलग-अलग स्तर पर जागरूकता आंदोलन चलाए। अपने इन आंदोलनों एवं वंचित वर्ग की आवाज को वृहद् समाज तक पहुँचाने के लिए उन्होंने पत्रकारिता को भी साधन के रूप में अपनाया। उनके ध्येय निष्ठ, वैचारिक और आदर्श पत्रकार-संपादक व्यक्तित्व की जानकारी अपेक्षाकृत बहुत कम लोगों को है। बाबा साहेब ने भारतीय पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पत्रकारिता के सामने कुछ लक्ष्य एवं ध्येय प्रस्तुत किए। पत्रकारिता कैसे वंचित समाज को सामाजिक न्याय दिला सकती है, यह यशस्वी भूमिका बाबा साहेब ने निभाई है। बाबा साहेब ने वर्षों से मूक समाज को अपने समाचारपत्रों के माध्यम से आवाज देकर मूकनायक होने का गौरव अर्जित किया है।

बाबा साहेब भली प्रकार समझते थे कि दीर्घकाल तक चलने वाली सामाजिक क्रांति की सफलता के लिए एक प्रभावी समाचार-पत्र का होना आवश्यक है। पत्रकारिता की आवश्यकता और प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा भी था- जैसे पंख के बिना पक्षी होता है, वैसे ही समाचार-पत्र के बिना आंदोलन होते हैं। मानवतावादी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने पत्रकारिता को अपना साधन बनाने का निश्चय किया और 1920 में मूकनायक के प्रकाशन के साथ बाबा साहेब ने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया। मूकनायक से शुरू हुई यह पत्रकारिता बहिष्कृत भारत, जनता और प्रबुद्ध भारत तक जाती है। उन्होंने मूकनायक के पहले ही अंक में लिखा- हमारे इन बहिष्कृत लोगों पर हो रहे तथा भविष्य में होने वाले अन्याय पर उपाय सुझाने हेतु तथा भविष्य में इनकी होने वाली उन्नति के लिए जरूरी मार्गों पर चर्चा हो इसके लिए पत्रिका के अलावा और कोई दूसरी जमीन नहीं है्ह। इसी तरह पत्रकारिता के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए डॉ. अंबेडकर ने लिखा है- सारी जातियों का कल्याण हो सके, ऐसी सर्वसमावेशक भूमिका समाचार-पत्रों को लेनी चाहिए। यदि वे यह भूमिका नहीं लेते हैं, तो सबका अहित होगा।

बाबा साहेब की पत्रकारिता का प्राथमिक उद्देश्य अवश्य ही अस्पृश्य समाज की समस्याओं को उठाना और उन्हें समानता का अधिकार दिलाना था लेकिन यदि हम बाबा साहेब की समूची पत्रकारिता से होकर गुजरते हैं, तो हमें ध्यान आता है कि उनकी पत्रकारिता संपूर्ण समाज और मानवता के प्रति समर्पित थी। उनकी पत्रकारिता में मानवीय संवेदनाओं के साथ राष्ट्रीय स्वर भी है। उनकी पत्रकारिता में प्रत्येक स्थान पर भारत उपस्थित रहा। उनके समाचारपत्रों के नाम से ही इस बात को समझा जा सकता है। जब बाबा साहेब ने छापेखाने की स्थापना की, तब उसका नाम भी भारत भूषण रखा। उनकी पत्रकारिता को दलित पत्रकारिता तक सीमित करके नहीं रखा जा सकता। यदि हम ऐसा करते हैं, तब उनके साथ और उनकी पत्रकारिता के साथ न्याय नहीं कर रहे होते हैं। बाबा साहेब की पत्रकारिता को संपूर्ण समाज का सहयोग भी प्राप्त हुआ। बाबा साहेब अपने समाचारपत्रों के माध्यम से समस्त हिन्दू समाज का प्रबोधन कर रहे थे। समतापूर्ण समाज का निर्माण करने के लिए अस्पृश्य वर्ग में आत्मविश्वास जगाना आवश्यक था और सवर्ण समाज को आईना दिखाकर उनको यह समझाना कि मनुष्य के साथ भेद करने का कोई तर्क नहीं, सब बराबर हैं। पत्रकारिता को माध्यम बना कर उन्होंने यह कार्य कुशलता एवं प्रभावी तरीके से किया। बाबा साहेब का लेखन आज भी प्रासंगिक है। उनके द्वारा उठाए गए सामाजिक प्रश्न हों, आर्थिक विषय हों या फिर सांप्रदायिक एवं देश-बाह्य विचारधारों के खतरे, सब पर उन्होंने उस समय जो मार्गदर्शन किया, वह आज की परिस्थितियों में भी पाथेय है।

आज की पत्रकारिता को भी बाबा साहेब जैसे संकल्पित पत्रकार-संपादक चाहिए, जो पत्रकारिता के सामाजिक महत्व को जानकर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश करते हैं और आजन्म समाजोत्थान के लिए ही पत्रकारिता का उपयोग करते हैं। निःसंदेह बाबा साहेब ने अपनी पत्रकारिता के माध्यम से इस क्षेत्र के लिए जो प्रतिमान स्थापित किए, वे हमेशा के लिए भारतीय पत्रकारिता को दिशा देने का काम कर सकते हैं। इस संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक दत्तोपन्त ठेंगड़ी ने अपनी पुस्तक ह्यडॉ. अम्बेडकर और सामाजिक क्रान्ति की यात्राह्ल में लिखा हैह्ल ह्लभारतीय समाचार-पत्र जगत की उज्ज्वल परंपरा है। परंतु आज चिंता की बात यह है कि संपूर्ण समाज का सर्वांगीण विचार करनेवाला, सामाजिक उत्तरदायित्व को माननेवाला, लोकशिक्षण का माध्यम मानकर तथा एक व्रत के रूप में समाचार-पत्र का उपयोग करनेवाला डॉ. अम्बेडकर जैसा पत्रकार दुर्लभ हो रहा हैह्ल। उक्त विचार ही बाबा साहब की पत्रकारिता का संदेश और सार है।

राजनीति में अपराध : इस बीमारी का इलाज किसी के भी पास नहीं...?

तो फिर ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग व सर्वोच्च न्यायालय भी क्या कर सकते हैं? कानून निर्मात्री संसद में जब आधे से अधिक सदस्य अपराधी हो जिनका संसद से अधिक समय न्यायालयों में गुजरता हो वे देश के भाग्य विधाता कैसे हो सकते हैं? भारत में पिछले 3 दशक में प्रजातंत्र से जन विश्वास कम होने का यह भी एक मुख्य कारण है। भारत की राजनीति में अपराधीकरण रोकने की चर्चा लंबे समय से चल रही है, पर सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है, लोकसभा के 542 सांसदों में से 233 (43 फीसदी) के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं, इन 233 में से 159 (29 फीसदी) पर गंभीर अपराध के मामले दर्ज है, ऐसे सांसदों में से सबसे अधिक केरल और बिहार से हैं, एक सख्स पर तो 204 से भी अधिक मामले दर्ज हैं। वही राज्यसभा के 233 में से 71 सांसदों (31 फीसदी) पर आपराधिक मामले लंबित हैं। इन अपराधी 71 सांसदों में से 37 सांसदों पर गंभीर मामले दर्ज हैं, दो पर हत्या, चार पर हत्या के प्रयास, तीन पर महिलाओं से दुष्कर्म तक के अपराध दर्ज हैं।

ओम प्रकाश मेहता
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

भारत की राजनीति में अपराधीकरण रोकने की चर्चा लंबे समय से चल रही है, पर सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है, लोकसभा के 542 सांसदों में से 233 (43 फीसदी) के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं, इन 233 में से 159 (29 फीसदी) पर गंभीर अपराध के मामले दर्ज है, ऐसे सांसदों में से सबसे अधिक केरल और बिहार से हैं, एक सख्स पर तो 204 से भी अधिक मामले दर्ज हैं। वही राज्यसभा के 233 में से 71 सांसदों (31 फीसदी) पर आपराधिक मामले लंबित हैं। इन अपराधी 71 सांसदों में से 37 सांसदों पर गंभीर मामले दर्ज हैं, दो पर हत्या, चार पर हत्या के प्रयास, तीन पर महिलाओं से दुष्कर्म तक के अपराध दर्ज हैं। करीब 106 सांसदों पर केंद्रीय एजेंसियों, सीबीआई, ईडी और एनआईए ने मामले दर्ज कर रखे हैं और यह तो स्वयंसिद्ध ही है कि जब भाजपा के सांसदों की संख्या ज्यादा है तो ज्यादा अपराधी सांसद भी इसी पार्टी के होंगे।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश जहां हाल ही में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए, उनमें से गुजरात में 22 फीसदी और हिमाचल में 41 फीसदी नवनिर्वाचित विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। गुजरात के 182 में से 40 के खिलाफ और हिमाचल में 68 में से 28 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, 5 साल पहले इन दोनों राज्यों में संपन्न विधानसभा चुनाव में भी आपराधिक प्रवृत्ति के विजेता विधायकों की स्थिति व संख्या यही थी।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आजादी के समय जिस राजनीति को जनसेवा का मुख्य माध्यम माना गया था, वह राजनीति अब 75 साल में स्वयंसेवी बन गई है। कर्ज लेकर चुनाव लड़ने और जीतने वाला सांसद या विधायक कुछ ही समय में स्वयं कर्ज बांटने की स्थिति में आ जाता है।

हाल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार देश की संसद के 71 संसद सदस्यों की संपत्ति में 285 फीसदी का उछाल आया है। लगातार तीन बार निर्वाचित सांसदों की औसत संपत्ति में ₹15 करोड़ तक की बढ़ोतरी हुई है। ईडीआर की इस रिपोर्ट के अनुसार 2009 में इनकी औसत संपत्ति चार करोड़ थी, जो 2019 में बढ़कर 20 करोड़ हो गई, इस मामले में भाजपा के बाद दूसरी बड़ी पार्टी कांग्रेस है, जिसके 10 सांसदों की संपत्ति में औसतन 10 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है।

जिन 71 सांसदों की संपत्ति में हुए 286 फीसदी की वृद्धि हुई है, उनमें से पांच सांसद हमारे अपने मध्य प्रदेश के हैं।

इस प्रकार कुल मिलाकर आज राजनीति में प्रवेश का मुख्य ध्येय, रुतबे में वृद्धि और अपनी निजी आय में बढ़ोतरी रह गया है, अब राजनीति का जनसेवा से कोई दूर का भी रिश्ता नहीं रह गया है।

जहां तक राजनीति में अपराधीकरण का सवाल है, इस सवाल को लेकर पिछले 7 दशक से चचाओं का दौर जारी है, फिर भी आज यही अपराधीकरण राजनीति की मुख्य पहचान बनकर रह गया है और यह माना जाने लगा है कि रोब-दाब वाला राजनेता वही बन सकता है, जो हर तरह के अपराध में पारंगत हो। आज विकासखंड स्तर से संसदीय क्षेत्र तक यही परिपाटी चालू है।

अब तो अपने एक हलफनामे में भी चुनाव आयोग ने कह दिया कि हम राजनीति में अपराधीकरण को रोकना अवश्य चाहते हैं, पर यह अब हमारे वश में नहीं रहा। सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने हलफनामे में चुनाव आयोग ने कहा कि वह भारतीय राजनीति को पूरी तरह अपराध व अपराधी मुक्त करना चाहता है, लेकिन आपराधिक छवि के नेताओं को चुनाव लड़ने से रोक पाना उसके वश में नहीं है, और वह उसके अधिकार क्षेत्र में भी नहीं है। ऐसा करने के लिए कानून बनाना होगा और कानून बनाने वाले कौन है, यह रहस्य किसी से भी छुपा नहीं है। चुनाव आयोग के इस हलफनामे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से 1 महीने में जवाब मांगा है। इस बारे में केंद्र के जवाब की उत्सुकता से प्रतीक्षा है।

डेढ़ लाख नर्सिंग छात्र-छात्राओं का भविष्य 3 साल से अंधकारमय

सनत जैन

सरकार में किसी की कोई जिम्मेदारी है, या नहीं। इसको लेकर आम जनता के मन में सवाल उठने लगा है। मंत्री और बड़े-बड़े अधिकारियों और नियम कायदे कानून के बाद भी यह कैसी व्यवस्था है। जिसमें लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य 1 साल नहीं 2 साल नहीं, तीन 3 साल से रुका पड़ा है। मेडिकल विश्वविद्यालय, नर्सिंग काउंसिल, सरकार, हाईकोर्ट के पाले में गेंद,एक दूसरे के पाले मे फेकी जा रही हैं। लेकिन नर्सिंग कॉलेज के डेढ़ लाख छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने के बाद से ना तो उनकी परीक्षाएं हुई है। नाही विश्वविद्यालय में उनका पंजीयन हुआ है। पिछले 3 वर्षों से नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश ले चुके छात्र-छात्राएं, परेशान होकर यहां से वहां घूम रहे हैं। नर्सिंग कॉलेज, विश्वविद्यालय, नर्सिंग काउंसिल और सरकार के नियम कायदे कानून तलवार की तरह डेढ़ लाख छात्र-छात्राओं के भविष्य पर तलवार लटकी हुई है। किसी छात्र का का 1 साल,किसी का 2 साल और किसी छात्र का 3 साल का समय बर्बाद हो गया। वह भी ऐसे क्षेत्र में जहां नर्सिंग सेवा मे लाखों कर्मियों की देश में कमी है। 2020-21 के मैं नर्सिंग कॉलेजों में फर्स्ट ईयर का एडमिशन लेने वाले, छात्र-छात्राएं 3 साल बाद भी प्रथम वर्ष की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। 3 साल से एक ही क्लास में अटके हुए हैं। पंजीयन और परीक्षाओं पर हाईकोर्ट ने रोक लगा रखी है। नर्सिंग कॉलेजों के फजीर्वाड़े की जांच हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई कर रही है। सरकार पुराने कॉलेजों की मान्यता का नवीनीकरण कर रही है। नए कालेजों को मान्यता भी दे रही है। हर साल नए नए एडमिशन हो रहे हैं। इसके बाद भी 2020-21 के डेढ़ लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य आज भी अंधकार में बना हुआ है। 2021 के छात्र छात्राओं के साथ- साथ नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं जो सेकंड थर्ड और फाइनल ईयर में थे। उनकी भी परीक्षाएं हाईकोर्ट के आदेश से रुकी हुई हैं।

पिछले 3 सालों में किसी भी नर्सिंग कॉलेज से कोई भी छात्र छात्रा पास होकर नहीं निकला है। 35 नर्सिंग कॉलेजों को छोड़कर 485 नर्सिंग कॉलेजों की जांच सीबीआई कर रही है। जब तक जांच पूरी नहीं होगी। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन कॉलेजों के छात्र-छात्राओं की ना तो परीक्षा होगी। नाही उनके प्रवेश को मान्यता मिलेगी। नाही कॉलेज वैध है, या अवैध है। इसके बारे में कोई फैसला हो सकेगा।

सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई को कॉलेजों के नाम और पते पर कॉलेज ही नहीं मिल रहे हैं। सीबीआई जांच कर रहे,सूत्रों का कहना है कि नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता देने में भारी गड़बड़ी की गई है। जिन पतों पर कालेजों को मान्यता दी गई है। उन पतों पर कॉलेज ही नहीं मिल रहे हैं। जहां पर कॉलेज मिले,उनके पास कॉलेज खोलने के लिए जो संसाधन और दस्तावेज होने चाहिए थे। वह उपलब्ध नहीं है। मध्य प्रदेश सरकार का संचालक मेडिकल एजुकेशन यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है,कि मेडिकल यूनिवर्सिटी इसके लिए जिम्मेदार है। वही जवाब दे सकती है। नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल विश्वविद्यालय, एक दूसरे के ऊपर पल्ला झाड़ते हैं। विश्वविद्यालय और नर्सिंग काउंसिल के भ्रष्टाचार और लापरवाही की गाज छात्रों पर गिर रही है। उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। बीता हुआ समय,कभी वापस नहीं आएगा। सरकारी सिस्टम छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो। इसके लिए सभी संस्थाओं को नियंत्रक बनाकर उन्हें जिम्मेदारी दी गई है। यदि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया है। इसका खामियाजा छात्र-छात्राओं को क्यों भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है,कि हाईकोर्ट ने परीक्षाओं में रोक तो लगा दी है। लेकिन तीसरा साल होने को जा रहा है। इसके बाद भी पंजीयन हर साल हो रहे हैं। छात्र छात्राओं के साथ धोखाधड़ी निरंतर हो रही है। परीक्षाएं 3 साल से नहीं हुई। इसके लिए सरकारी मकड़जाल में किसी की भी जिम्मेदारी नहीं है। लोगों का सरकारी व्यवस्थाओं और सरकार के बनाए हुए नियम कानूनों से विश्वास उठता जा रहा है। वहीं न्यायिक व्यवस्था में पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने की जगह,उसे एक तरह से प्रताड़ना मिल रही है। छात्र-छात्राओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इस दिशा में न्यायपालिका को भी सोचने की आवश्यकता है। सरकार भी जिम्मेदार संस्थाओं और उसमें

काम करने वाले अधिकारी, जिनकी लापरवाही और रिश्वतखोरी से यह सब घपले घोटाले हुये हैं। उनके बारे में सरकार ने चुप्पी साध रखी है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। विशेष रुप से युवक आक्रोशित हो रहे हैं। प्रवेश परीक्षा और बेरोजगारी के मकड़जाल में फंस कर युवकों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। यह केवल नर्सिंग नहीं, वरन लगभग सभी शैक्षिक संस्थाओं में इसी तरह की गड़बड़ी हो रही है। न्यायपालिका को सरकारी संस्थाओं और सरकारी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करके उन्हें भी दंडित करने की जरूरत है। तभी व्यवस्था सुधर सकती है। रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के कारण लाखों छात्र छात्राओं का,हर साल भविष्य बर्बाद होता है। न्यायपालिका को इसे गंभीरता से लेना होगा।

संक्षिप्त खबरें

समाहरणालय सभाकक्ष में बाबा साहेब के विचारों पर परिचर्चा आयोजित

मुजफ्फरपुर। बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर समाहरणालय परिसर स्थित अम्बेडकर पार्क में उनके आदमकद प्रतीमा पर माल्यार्पण किया गया।डीएम प्रणव कुमार एसएसपी राकेश कुमार तथा एसडीओ पूर्वी ज्ञान प्रकाश सहित गणमान्य व्यक्ति ने माल्यार्पण एवम श्रद्धा सुमन अर्पित किया।उन्होंने बताया कि आज का दिन उनके आदर्श को याद करने और उनका क्रियान्वयन करने का है।उनके सामाजिक समरसता और सद्भाव, सौहार्द की विचार आज भी प्रासंगिक है। समाहरणालय सभा कक्ष में उनके विचारों पर चर्चा - परिचर्चा भी की गई।

बाबा साहेब की जयंती समारोह में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

मुजफ्फरपुर। कुढनी विधानसभा के भाजपा कार्यालय रजला में प्रदेश अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी जी का फूल माला एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया साथ ही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 132 वां जयंती समारोह मनाया गया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी जी ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवनी पर प्रकाश डालें प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा जी ने कहा कि बाबासाहेब संविधान रचयिता थे कार्यक्रम का अध्यक्षता तुर्की मंडल अध्यक्ष प्रमोद चौधरी एवं संचालन कुढ़नी के पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजन कुमार मिश्र ने किया मौके पर कृष्ण मुरारी मुरली, अजीत सिंह जिप प्रतिनिधि विनय पासवान,विनोद झा, पवन शाही, ऋषि नाथ चौधरी,मुकेश साह, विभीषण पासवान, शवेताव कृष्ण, पप्पू कुमार ,पंकज गुप्ता , अमरनाथ सिंह,नौशाद आलम ,राजू बैठा ,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मनोज पासवान, लखीन्दर साह, नवीन शर्मा, मनीष ठाकुर,देवनाथ साह, मुकेश साहनी ,रितेश शर्मा,अमीत पासवान , पारसनाथ साह, संजीत सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

अम्बेडकर जयंती पर दलित अत्याचार बंद करने की मांग

मुजफ्फरपुर। जिले के मुसहरी प्रखंड अंतर्गत गंगापुर में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ,जिला कमेटी मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में कार्यकर्ताओ द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। एआईकेएमएस के प्रांतीय अध्यक्ष राम वृक्ष राम ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किए एवं कार्यकर्ता साथियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने खुद काफी जातीय उत्पीड़न का सामना किया।कई तरह के प्रताड़ना झेले ।जातीय उत्पीड़न के सवाल पर उनका बड़ा ऐतिहासिक संघर्ष रहा । उन्होंने दलितों ही नहीं ,पिछड़ों ,अल्पसंख्यक आदि गरीबों की जीविका के साधन जमीन देने का सवाल उठाया। उन्होंने कहा , आज लगातार दलित व पिछड़े वर्गों पर हमला हो रहे हैं। गरीबों को उजाडा जा रहा है। धार्मिक उन्माद पैदा कर फासीवादी ताकतें समाज को बांटने की कोशिश कर रही है ।दलितों का अधिकार छीने जा रहे हैं। इसके खिलाफ आंदोलन तेज करने की जरूरत है ।शासक वर्ग की पार्टियां सत्ता में भागीदारी और इस व्यवस्था में कुछ पाने की बात बताते हैं ।वे बुनियादी बराबरी का अधिकार ,जमीन का बंटवारा की बात नहीं करते।बाबा साहेब ने जाति व्यवस्था पर आधारित मनु स्मृति को नकारा । अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा सरकार से मांग करती है कि सभी गरीबों को वास की भूमि उपलब्ध कराया जाए ,एवं आवास दिया जाए। 300 यूनिट बिजली फ्री दिया जाए ।उन्होंने कहा कि दलितों पर हमले बंद किया जाएं। सभी गरीबों को जीविका के साधन उपलब्ध कराया जाए ।कार्यक्रम में इलियास राजकिशोर राम, नौजवान भारत सभा के महेश राम ,राजेश कुमार ,रंजीत पासवान शिवा देवी, महादेवी जब्बार ,लालू राम, विश्वनाथ महतो आदि उपस्थित थे । जारीकर्ता जिला सचिव इलियास, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा, जिला कमेटी मुजफ्फरपुर।

बेगूसराय को मिली एकलव्य राज्य आवासीय ताइक्वांडों प्रशिक्षण केंद्र का तोहफा

डीएम ने बीएसएस कॉलेजिएट उच्च विद्यालय में किया प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत शुभारंभ

- प्रशिक्षुओं को मिलेगा निःशुल्क आवास, भोजन, पेयजल, चिकित्सीय और अन्य सुविधा

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने गुरुवार की शाम बीएसएस कॉलेजिएट उच्च विद्यालय, बेगूसराय परिसर में कला-संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, बेगूसराय के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एकलव्य राज्य आवासीय ताइक्वांडों (बालक) प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने एकलव्य राज्य आवासीय ताइक्वांडों (बालक) प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत को बेगूसराय जिले की खेल-संस्कृति के लिए अहम बताते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण केंद्र के प्रारंभ होने से जिले में ताइक्वांडों खेल का और भी विस्तार होगा। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में प्रशिक्षण के लिए चयनित बच्चों को सफलता-असफलता की चिंता किए बगैर प्रशिक्षण गंभीरता से प्राप्त करने की अपील की तथा इस क्रम में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने का निर्देश दिया। ताकि चिन्हित समस्याओं का ससमय निदान हो सके। डीएम ने कहा कि विभागीय निदेर्शानुसार, प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयनित प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रशिक्षण केंद्र पर ही निःशुल्क आवासन, भोजन, पेयजल, चिकित्सीय सुविधा आदि सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसी कड़ी में सभी चयनित प्रशिक्षुओं को शैक्षणिक सुविधा भी उपलब्ध कराने बीएसएस कॉलेजिएट उच्च विद्यालय, बेगूसराय में ही नामांकन भी कराया गया है। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, बेगूसराय निशांत कुमार ने एकलव्य राज्य आवासीय ताइक्वांडों (बालक) प्रशिक्षण केंद्र के संचालन प्रारंभ होने पर यहां के खेल प्रेमियों को बधाइयां दी तथा उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केंद्र भविष्य में बेहतर परिणाम देने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण हेतु कुल 20 बच्चों का चयन किया गया है। जिसे राज्य स्तर से प्रतिनियुक्त कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। विपुल कुमार ने प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षुओं को प्राप्त होने वाली सुविधाओं के संबध में भी विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर बीएसएस कालेजिएट उच्च विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुबोध कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी समारोह को संबोधित किया तथा प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद ताइक्वांडों खिलाड़ियों के द्वारा इस खेल विधा के विभिन्न प्रकारों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, बेगूसराय निशांत कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) मो. जमाल मुस्तफा, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी भुवन कुमार, जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, शारीरिक शिक्षक गौरव कुमार, शारीरिक शिक्षक रणधीर कुमार, चिरंजीवी ठाकुर, ब्रजेश कुमार, रोशन कुमार, शशिकांत कुमार, अमन कुमार, जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष रजनीश रंजन एवं सचिव नन्दू कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

पूर्व मंत्री ने भाजपा अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का शुक्रवार को बीबीगंज स्थित एनएच 28 पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार के नेतृत्व में बीजेपी के सैकड़ों कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि आने वाले दिनों में न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनाना है , बल्कि 2025 में बिहार में भी भारतीय जनता पार्टी का परचम लहड़ाना है। उन्होंने कहा की मौका है कि आप कार्यकर्ता साथी आज से ही आने वाले लड़ाई को फतह करने के लिए कमर कस आम आवाम के बीच केंद्र सरकार की उपलब्धि व कार्यक्रम को पहुंचाए। इस अवसर पर श्री चौधरी का स्वागत करने वालों में पूर्व मंत्री अजीत कुमार के अलावा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्रमोहन झा, शंभू नाथ चौबे, साकेत रमन पांडे, मोहम्मद शमीम, टुन्ना शर्मा , सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी,अनिल शाही, निखिल कुमार, मुरारी झा, छोटन सिंह, नंदकिशोर सिंह, रणधीर कुमार सिंह, मनोज पांडे, उपेंद्र शाह, नागेंद्र गिरी ,नागेंद्र पंडित ,मनोज कुमार सिंह, भरत चौरसिया, अशोक चौधरी, शिवनाथ साह, राजा बाबू, रमेश कुशवाहा आदि प्रमुख थे।

बाबा साहेब को जो पढ़ेगा वहीं समाज में आगे बढ़ेगा: मुख्य पार्षद

संविधान निमार्ता बाबासाहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती समारोहपूर्वक मनी

प्रात : किरण संवाददाता

बरौनी, बेगूसराय। बाबासाहेब की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। संविधान निमार्ता बाबासाहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की एक सौ बत्तीसवीं जयंती शुक्रवार को समारोहपूर्वक व धूमधाम से बरौनी प्रखंड में मनायी गयी। इस समारोह के मुख्य अतिथि नगर परिषद बीहट के चेयरमैन बबीता देवी, विशिष्ट अतिथि आरजेडी जिला अध्यक्ष मोहित यादव, पूर्व एमएलए वीरेंद्र महतो, प्रखंड प्रमुख अनीता देवी, पार्टी पर्यवेक्षक जनार्दन यादव की मौजूदगी में अध्यक्षता हरिनंदन कुमार हरी ने की और संचालन रामानन्द प्रसाद यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कि आज देश व प्रदेश में बाबा साहेब के संविधान पर केन्द्र सरकार की प्रायोजित खतरा मंडरा रही है। बाबा साहेब का असली संतान संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रहा है, इसके लिए अपने वोट की शक्ति को पहचानकर संविधान पर विश्वास करने वालों को अवसर देना होगा। मुख्य अतिथि मुख्य पार्षद बबीता देवी ने कहा कि बाबा साहेब केवल दलितों के नेता नहीं बल्कि सभी के नेता थे। बाबा साहेब को जो पढ़ेगा वहीं समाज में आगे बढ़ेगा। वीरेंद्र महतो ने कहा कि कल जो अंबेडकर को गाली देता था आज वो भी पूजा कर रहा है। हमें शिक्षित बनकर संगठित होना है और अपने समाज की लड़ाई लड़नी है। इस सभा को मुखिया प्रतिनिधि सन्नी यादव, पूर्व मुखिया धर्मेंद्र सिंह, नवल किशोर सिंह, शंभू कुमार राम इकबाल यादव, समिति सदस्य मो हैदर, महेश पासवान, मनोज यादव, प्रमोद कुमार, विटु आजाद, देवनन्दन पासवान, विकेश, रविन्द्र कुमार पार्षद अशोक सिंह, परमानंद सिंह, चंदन कुमार, अनिल यादव, अधिवक्ता शशि भूषण यादव, अनिल राय, राहुल कुमार, युवराज, उपेंद्र सिंह, सज्जन सिंह, रामानन्द सिंह, जनार्दन सिंह ने भी संबोधित किया। समारोह में सैकड़ों कार्यकताओं और नेताओं ने भाग लिया।

मैट्रिक एव इंटर के चार सौ से अधिक अंकों वाले छत्राओं को समाजसेवी युवा समिति के तत्वाधान सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के ब्रह्मदेव चंद्रकला अंतर महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रगति समाजसेवी युवा समिति के तत्वाधान में डा. भीमराव अंम्बेडर के जयंती समारोह के अवसर पर मैट्रिक एव इंटर के चार सौ से अधिक अंकों वाले छात्र,छत्राओं के बीच प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रगति समाजसेवी युवा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव के अध्यक्षता में किया गया.इस कार्यक्रम का मंच संचालक शिक्षक सुजीत कुमार ठाकुर द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम के पूर्व बाबा साहेब भीमराव अंम्बेडर की टैलय चित्र पर मुख्य अतिथि बीडीओ मनीष कुमार,समाजसेवी व ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राउत, कालेज के प्राचार्य प्रो.सुभाष सिंह सहित अन्य लोगो ने पुष्पांजलि अर्पित किया गया.इस प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के दौरान प्रखंड़ क्षेत्र में इंटर विज्ञान संकाय के टॉपर छात्र सज्जन राम को 405 अंक श्रवण कुमार यादव को 401 अंक वही इंटर वाणिज्य संकाय में प्रखंड़ टॉपर छात्रा विधा कुमारी को 419 अंक सत्यम कुमार सिंह को 412 अंक प्राप्त किया है. इंटर कला संकाय में प्रखंड़ टॉपर सेवाजंली कुमारी 435 अंक शाहिद प्रवीण को 419 एव अभिलाषा कुमारी को 416 अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एव मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया.वही मैट्रिक की परीक्षा में कुल 28 प्रखंड़ स्तर पर टॉपर छात्र छत्राओं को प्रमाण -पत्र एव मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया.इस दौरान प्रगति समाजसेवी युवा समिति के कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि बीडीओ मनीष कुमार समाजसेवी व ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद राउत प्राचार्य प्रो.सुभाष सिंह सहित अन्य अतिथि को पाग दोपता देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि प्रगति समाजसेवी युवा समिति के द्वारा मेधावी छात्र,छात्राओं को सम्मान करके उन मेधावी छात्र को मनोबल बढ़ाने का काम किया है.उन्होंने कहा कि छात्र,छात्राओं को इंटर,मैट्रिक में बेहत्तर अंक लाने के बाद आगे की पढ़ाई में भी ज्यादा अंक लाने का दिशा निर्देश दिया.वही समाजसेवी व ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राउत ने कहा कि छात्र,छात्राओं की प्रतिभा की निखारने के लिए प्रगति समाजसेवी युवा समिति द्वारा मनोबल बढ़ाने की उद्देश्य से किया जा रहा है. वही ब्रह्मदेव चंद्रकला इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुभाष सिंह ने कहा कि प्रगति समाजसेवी द्वारा लगातार 13 वर्षो से प्रति वर्ष प्रतिभा सम्मान का आयोजन कर प्रखंड़ स्तर के छात्र, छात्राओं को हौशला बुलंद करने का काम किया है.उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कार्यक्रम आयोजन कर वच्चों को पुरस्कार देने से छात्र,छात्राओं का मनोबल बढ़ाने का काम कर रहा है.इस कार्यक्रम के मौके पर अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, सुमित कुमार सिंह,मुकेश कुमार यादव,हरि प्रसाद सिंह,रौशन कुमार साह,पवन कुमार यादव,रेणु देवी,ललित कुमार,दीपक शर्मा,,नवीन कुमार,राजेश कुमार,राधेश्याम यादव,रंजीत चौधरी सहित दर्जनों छात्र एव अभिभावक मौजूद थे।

युवक हुआ नशाखुरानी गिरोह का शिकार

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। त्योहार आते ही रेलवे एवं रेलवे स्टेशनों पर नशा खुरानी गिरोह का सदस्य एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। गुरुवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से मुजफ्फरपुर लौट रहे एक यात्री को नशा खुरानी गिरोह के सदस्यों ने शिकार बना लिया और उसका सारा सामान लेकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक हावड़ा स्टेशन से बाघ एक्सप्रेस में बैठने के बाद उसकी जब परिजनों से बात हुई तो कहा कि कल घर पहुंच जाएंगे लेकिन देर शाम से बात होना बंद हो गया। फोन की घंटी बजती रही। इस दौरान अपने बेटे से बात न होने पर मां की ममता को एहसास हो गया कि कहीं कुछ अनहोनी हुई है। इसी दौराश नशा खुरानी गिरोह के शिकार व्यक्ति के पास बैठे एक यात्री ने उसका फोन उठाया और इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। इस के बाद परिजनों ने मुजफ्फरपुर स्टेशन से बेहोशी की हालत में युवक को अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। युवक की पहचान बोचहां थान क्षेत्र के एतवारपुर ताज गांव निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद निजामी के रूप में हुई है। वह कोलकाता में रह कर मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। ईद त्यौहार को लेकर हावड़ा स्टेशन से बाघ एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। तभी पहले से घात लगाए नशा खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसे चाय में नशे की गोली मिलाकर खिला दिया और उसका सामान लेकर फरार हो गया।

बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जयंती पर जनसंवाद मार्च निकाला गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 132 वाँ जयंती पर भाकपा माले जयनगर के द्वारा प्रखंड सचिव भूषण सिंह के नेतृत्व में स्टेशन परिसर जयनगर से दर्जनों लोगों के साथ जनसंवाद मार्च निकाला गया। भाजपा भगाओ देश बचाओ मोदी हटाओ संविधान बचाओ नारों के साथ झंडा बैनर व अम्बेडकर जी के तस्वीर लेकर मार्च निकाला गया जो स्टेशन रोड महावीर चौक मैन रोड होते हुए शहीद चौक अम्बेडकर स्मारक पर माल्यार्पण कर बस स्टैंड होते हुए स्टेशन चौक पर सभा आयोजित किया गया सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने बाबा साहब के क्रांतिकारी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण के साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन के लड़ाई भी लड़ने का काम किए थे लेकिन आज शहीदे आजम भगत सिंह अम्बेडकर के सपनों का भारत को फरर के इशारे पर मोदी सरकार के द्वारा शिक्षा रोजगार और संविधान लोकतंत्र पर फासीवादी हमला कर आपसी भाईचारा को बिगाड़ने के साथ-साथ देश को पुनः बड़े उद्योगपति अडानी सहित अन्य उद्योगपतियों के हाथों देश के खनिज संपदा बेच रहे हैं और गुलामों की जंजीरों में बांधने का काम कर रहे हैं,तो दूसरी ओर संविधान को बदलने का काम कर रहे हैं जो शोषित पीड़ित दलित गरीबों तथा मजदूरों के अधिकारों एवं लोकतंत्र तथा बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान पर भी हमला है इसे निजात पाने के लिए भाजपा के तानाशाही सत्ता को उखड़ फेंकने के लिए जन संघर्ष तेज करने की जरूरत हैआयोजित सभा को माहेश्वर पासवान तस्लीम सीताराम महरा मनोज कुमार प्यारी देवी फूलो देवी शीबो देवी लक्षण साह रामशरण राम आता करीमा अंसारी पहरी सदाय कुशमा देवी महेंद्री देवी विन्दे सदाय के अलावे अन्य लोगों ने संबोधित किए।

पुलिस अधीक्षक ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण की

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके प्रतिमा पर किया माल्यार्पण। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने नगर भवन के आपस स्थापित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान के निर्माण में बाबासाहेब के योगदान को दुनिया जानती है। उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया जो अपने समय से आगे था। उन्होंने कहा कि देश में वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हमारे संविधान में पर्याप्त कदम उठाए गए। इसका प्रतिफल हुआ कि समाज के सभी वर्गों को साथ में लेकर आगे बढ़ने की मूल भावना से आज हमारा देश विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर हम सभी को इस बार का संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम समभाव के साथ जिन रास्तों पर चल रहे हैं, उसी तरीके से आगे बढ़ते रहें और देश के विकास में सभी वर्ग के लोग अपना योगदान देते रहें। उन्होंने कहा कि हम सभी हमेशा बाबा साहब की बातों से दिशाबोध प्राप्त करते हैं। हमें उनके गुणों से हमेशा प्रेरणा हासिल करनी चाहिए। उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार उप विकास आयुक्त विशाल राज अपर समाहर्ता नरेश झा नगर आयुक्तल्लअनिल चौधरी अनुमंडल पदाधिकारी सदर अश्वनी कुमार विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा अमेत विक्रम बैनामी जिला पंचायत राज पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार वरीय उप समाहर्ता साहब रसूल सहित अन्य लोगों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बाबा साहब के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

जदयू ने किया बाबा साहेब अम्बेडकर को याद

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। जदयू पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार बोचहा प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में पंचायत अध्यक्ष जदयू नेता कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा पंचायत के दलित महादलित बस्ती में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती समारोह आयोजित कर तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा दलित महादलित के उत्थान के लिए किए जा रहे विकास के कार्य को विस्तार पूर्वक दलित महादलित के बस्ती में आम लोगों को बताया गया भारतीय जनता पार्टी जो संविधान को नष्ट करना चाहती है उससे सचेत रहने के लिए समाज को जागरूक किया भारतीय जनता पार्टी के सरकार में बढ़ती महंगाई छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति बंद किए जाने एवं समाज में उन्माद फैलाए जाने के बारे में भी लोगों को बताया गया प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर पटेल के नेतृत्व में विभिन्न पंचायतों में पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य ने इस समारोह को धूमधाम से मनाया। मौके पर नान टु न सिंह , चंदन रजक, राजमंगल सिंह , कन्हाई साह, लालू पासवान , रामकुमार , सुनिल राम, उपेंद्र ठाकुर, रविंद्र राय,रामेश्वर साहनी , महेश लाल चौधरी, अभिषेक चंदन, सर्वेश मंडल उपेंद्र राम चंदेश्वर चौधरी, सहित भारी संख्या में मौजूद थे।

गरीबी से परेशान परिवार के मुखिया ने की आत्महत्या, पेड़ से लटका मिला शव

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। थाना क्षेत्र के बुद्ध नगरा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति को वक्त और हालात ने ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया जहां उस व्यक्ति ने मौत को गले लगाने का फैसला कर लिया और शुक्रवार की अहले सुबह पेड़ से लटक कर अपनी जान गंवा दी। मृतक सोतन कुमार मालवाहक टेंपो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने के अलावा लकवा से ग्रसित बूढ़ी मां की भी सेवा कर रहा था। दो वर्ष पूर्व एक रोड एक्सीडेंट में मृतक गंभीर रूप से जख्मी हो गया थथा जिसका इलाज कराने के लिए लाखों रुपए का कर्ज लिया गया था। कर्ज सधा भी नहीं था कि मृतक कि मां सरस्वती देवी को लकवा मार गया। उसे दो बेटियों की शादी की चिंता थी। यह बातें कहते हुए मृतक के पत्नी मीरा देवी फफक फफक कर रो पड़ी। पड़ोसी की माने तो मृतक के आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी । कई महीनों से गाड़ी का भाड़ा नहीं मिल रहा था इस वजह से घर में फाका कसी होने लगी थी लकवा से ग्रसित मां का इलाज कराने में पैसे खर्च हो रहे थे। इतनी सारे परेशानियों से तंग आकर उक्त व्यक्ति ने आज सुबह घर के पीछे सुनसान जगह पर खुदकुशी कर लिया।

भाजपा नेता ने लगाया पुलिस पर अपराधियों के संरक्षण का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।पूर्व मंत्री व भाजपा नेता सुरेश शर्मा ने कहा है कि बिहार में एनकाउंटर नहीं होना चाहिए यहां काउंटर की जरूरत है। अगर अपराधी हम पर गोली चलाता है तो उसके जवाबी कार्यवाही में हम भी गोली चलाएं ।ऐसे में अपराधी जब मर जाता है तो यह बिहार और देश के लिए अच्छी बात होगी ।यहां पुलिस अपराधियों को संरक्षण देती है ।जिस तरह से बिहार में पुलिस व आम पब्लिक पर गोलीबारी और हत्याएं हो रही है ,उसके बीच इन काउंटर की जगह काउंटर होना बहुत जरूरी है। भाजपा नेता ने कहा कि बिहार में अपराधी किसी को भी मार दे रहा है और पुलिस उसका संरक्षण देने की कोशिश करती है। ऐसे में मूक दर्शक नहीं रहा जा सकता। भाजपा नेता ने ये बातें बीजेपी द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के बाद कहीं। बीजेपी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधिवत तरीके से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया और प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने मौके पर मौजूद बीजेपी के अन्य कार्यकताओं, नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए आदर्शों पर हमें चलना चाहिए ।

पुल और रेल पटरी के बाद अब हुई टावर की चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार में रेल पटरी और पुल की चोरी के बाद अब मोबाईल टावर की चोरी हो गई है।मामला मुजफ्फरपुर का है जहां चोरों ने एक मोबाइल कंपनी का टावर ही चोरी कर लिया। जिलें के सदर थाना के श्रमजीवी नगर में। चोर मोबाईल टावर चुरा ले गए। इसका खुलासा निरीक्षण के दौरान हुआ है। टावर एक्यूजेशन अफसर मो. शहनवाज अनवर को टावर के साथ कई उपकरण भी नहीं मिले। इसे लेकर उन्होंने सदर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मो. शहनबाज ने थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज की है। उन्होंने बताया है कि श्रमजीवी नगर की मनीषा कुमारी के आवासीय परिसर में जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने मोबाइल टावर लगाया था। जो कि कुछ दिनों से बंद था। निरीक्षण के दौरान जब परिसर में पहुंचा तो वहां टावर नहीं था। इसके अलावा शेल्टर, डीजल जेनरेटर, एसएमपीएफ, स्टेबलाइजर भी नहीं था। जिसकी कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये थी। पुलिस की पूछताछ में मनीषा कुमारी ने बताया है कि कुछ माह पूर्व कुछ लोग आये और खुद को जीटीएल कंपनी का कर्मचारी बता रहे थे। उन लोगों ने टावर को खोलकर अपने साथ ले गये। साथ में टावर में जितना उपकरण था उन सब को भी पिकअप पर लोड कर अपने साथ ले गए। फिलहाल पुलिस उक्त टावर की देखरेख और गार्ड की नौकरी करने वाले से पछताछ की तैयारी में जुटी है।

कारतूस एवं खोखा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपी राम नारायण ठाकुर हथियार बनाने में माहिर पूर्व में जा चुका है जेल :- डीएसपी विपल्व कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी /जयनगर देशी कट्टा पिस्तौल बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री और कारतूस एवं खोखा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के द्वारा छापेमारी कर मिली सफलता मामले को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में अनुमण्डल पुलिस विपल्व कुमार के प्रेस वार्ता की गई। डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा जानकारी दी गई बुधवार की देर शाम जयनगर थाना पुलिस और एसएसबी के द्वारा संयुक्त छापेमारी अभियान में काफी मात्रा में ब्राउन सुगर, प्रतिबंधित दवाओं , देशी कट्टा, कारतूस , नेपाली खुकरी और भारतीय एवं नेपाली रुपैया के साथ चार आरपियों को गिरफ्तार किया गया और आरोपियों के विरुद्ध एन.डी. पी. एस. तथा आर्म्स एक्ट के तहत 152/23 कांड संख्या दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा बताया गया कि देशी कट्टा गिरफ्तार आरोपी रौशन कुमार को खजौली निवासी राम नारयण ठाकुर के द्वारा दिया गया। आरोपियों के निशनदेशी पर जयनगर थाना पुलिस के द्वारा खजौली थाना के सहयोग से खजौली थाना क्षेत्र के निवासी राम नारायण ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी राम नारायण ठाकुर द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि काफी पहले से वह देशी कट्टा पिस्तौल बनाने का कार्य करता रहा है तथा मामले में इससे पूर्व भी कई दफे न्यायिक हिरासत में जेल जा चुका है। खजौली थाना क्षेत्र में बदनामी से बचने लिए जयनगर थाना क्षेत्र के बेतोंन्हा के रौशन कुमार के घर से में ही अवैध देशी कट्टा तथा पिस्तौल का निर्माण करने लगे जिसके एवज में दो देशी कट्टा तथा कारतूस रौशन कुमार को रामनारायण ठाकुर द्वारा दिया गया था। विदित हो कि हथियार पूर्व में ही बरामद किया जा चुका है। वर्तमान में गिरफ्तार आरोपी राम नारायण ठाकुर के निशानदेही पर पुनः छापेमारी करते हुए रौशन कुमार के बेतोंन्हा स्थित घर से हथियार बनाने में प्रयुक्त देशी कट्टा,पिस्तौल बनाने में प्रयुक्त औजार , पिस्टल का अर्ध निर्मित ट्रिगर, स्प्रिंग, बैरल बनाने में प्रयुक्त औजार , हथौड़ी, छेनी, चिमटा, रेती एवं कारतूस की बरामदगी की गई। बरामदगी सामग्री में 7.62 एम एम का दो कारतूस, 7.62 एम एम का एक खोखा, 08 एम एम का एक कारतूस, एक

संक्षिप्त खबरें

समानता और ज्ञान के प्रतीक थे अंबेडकर : सबी अहमद

पूर्णिया । राष्ट्रीय जनता दल पूर्णिया महानगर कार्यालय में जिला अध्यक्ष सबी अहमद की अध्यक्षता में संविधान निमार्ता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती कार्यक्रम आयोजित कर मनायी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती को पूरे देश में समानता दिवस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। बाबा साहब कहते थे कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है समय आने पर भूखे रहो लेकिन अपने बच्चों को पढ़ाओ। महानगर अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ता से अपील किया कि बाबा साहब के उपदेश पर हम सबों को चलने की जरूरत है इसलिए सभी कार्यकर्ता संगठित होकर पार्टी को घर-घर तक पहुंचाने का काम करें।

जिला न्यायाधीश ने पैनल अधिवक्ताओं के साथ किया बैठक

मुंगेर। लोक अदालत में दावा वाद और बीमा वाद से संबंधित मुकदमा निष्पादन कराए जाने को लेकर गुरुवार के दिन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्रीमान न्यायधीश दीपांकर पांडेय की अध्यक्षता में पैनल अधिवक्ताओं का एक बैठक जिला न्यायाधीश प्रकोष्ठ में किया गया। जिसमें दावा एवं बीमा वाद के पैनल अधिवक्ता गण को अधिक से अधिक सुलहनीय वादों का निष्पादन कराए जाने का निर्देश जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के द्वारा दी गई है। बैठक में उपस्थित अधिवक्ता गण के द्वारा अध्यक्ष महोदय माननीय न्यायाधीश दीपांकर पांडेय को आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक बीमा संबंधित मुकदमों का निष्पादन कराया जाएगा। आयोजित बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के सचिव श्री राजीव नयन ने किया इस मौके पर पैनल अधिवक्ता मौजूद थे। इस की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के सचिव राजीव नयन ने दी है।

विधिज्ञ संघ के महासचिव ने आम सभा की किया बैठक

मुंगेर। बिहार राज्य बार काउंसिल के निदेर्शानुसार के दिन हवेली खड़गपुर विधिज्ञ संघ ने द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके पूर्व खड़गपुर विधिज्ञ संघ के महासचिव के द्वारा बुलाए गए आम सभा की बैठक में वित्त वर्ष 2021-22 तक की आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। विधिज्ञ संघ खड़गपुर के सभी अधिवक्ताओं ने हर्ष ध्वनि के साथ लेखा-जोखा को पारित किए। महासचिव गणेश तांती ने वित्त वर्ष 2021- 22 तक में कुल आय195248 संघ कोष में जमा होने और 172561 खर्च किए जाने का बजट पेश किया।

त्रिस्तरीय चुनाव समिति किया गय गठन

मुंगेर। विधिज्ञ संघ खड़गपुर के विगत सोमवार को हुई आमसभा बैठक में चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने को लेकर एक त्रिस्तरीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता सह नोटरी पब्लिक पद्माकर कुमार वर्मा, रामदुलार सिंह, शैलेश कुमार की नियुक्ति सर्वसम्मति से किया गया है। विगत सोमवार को हुई विधिज्ञ संघ आम सभा की बैठक में द्विवार्षिक चुनाव 2023-2025 के लिए अधिवक्ता नरेश तांती और सहायक निर्वाचित पदाधिकारी अधिवक्ता तेज नारायण सिन्हा को मनोनीत किया गया है इसकी जानकारी संघ के महासचिव गणेश तांती ने दी है।

मायागंज अस्पताल में सुरक्षा के मद्देनजर किया मॉक ड्रिल

भागलपुर। अग्नि सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर में अग्निशमन विभाग अधिकारी व उनकी पुलिस टीम के द्वारा मॉक ड्रिल कर अस्पताल कर्मियों को अगलगी से बचाव कार्य व सावधानी बरतने की गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस दौरान अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों ने आग लगने की प्रस्तुति में उसे कैसे रोका जा सकता है, उनसे जुड़ी गतिविधियों से अवगत कराया गया। वही टीम ने खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में आग लगने पर उसे कैसे काबू पाया जा सकें उक्त मामले से जुड़ी गतिविधियों सहित कई तरीके के उपाय मॉक ड्रिल के दौरान बताए गये है। इस दौरान अग्नि शमन विभाग के पदाधिकारियों ने कहा कि 1 सप्ताह तक चलने वाले अग्निशमन सप्ताह के दौरान शहर के विभिन्न इलाकों में इस तरह के मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया जाना है। जिससे गर्मी के दिनों में लगने वाली आग पर कैसे काबू पाया जा सके, और जान माल की हानि कम से कम हो इसको लेकर लोगों को प्रशिक्षित किया जाना है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. उदय नारायण सिंह सहित डॉक्टर, नर्स और कर्मचारियों ने मॉक ड्रिल के दौरान फायर कर्मियों के द्वारा बताए गए उपायों को ध्यान से सुना समझा।

संभावित बाढ़ पूर्व सभी स्तरों पर कारगर तैयारी ससमय करें पूर्ण : जिलाधिकारी

संभावित बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पुल पुलिया एवं तटबंधों की सूची समर्पित करने का दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । जिलाधिकारी पूर्णिया कुंदन कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ एवं अग्नि सुरक्षा की पूर्व तैयारियों को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

जिला पदाधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभाग वार की गई तैयारियों का गहन समीक्षा किया गया। वर्षा मापक यंत्र, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र एवं संकट ग्रस्त व्यक्ति समूह की पहचान, तटबंधों की सुरक्षा सूचना व्यवस्था नावों की उपलब्धता एवं स्थिति खाद्य पदार्थों की व्यवस्था पॉलिथीन सीट्स, बाढ़ शरण स्थल, बाढ़ आश्रय स्थल, सामुदायिक रसोई, मानव दवा की व्यवस्था, मोबाइल मेडिकल टीम एवं मेडिकल का पशु चारा एवं पशु दवा की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, जनरेटर सेट पेट्रोमैक्स एवं महाजाल की उपलब्धता, लाइक जैकेट मोटर बोट की उपलब्धता जिला आपातकालीन संचालन केंद्र नियंत्रण कक्ष गोताखोरों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण, सामुदायिक को प्रशिक्षण, राहत एवं बचाव दल का गठन, जिले में एसडीआरएफ टीम की उपलब्धता, समुदाय के लोगों को प्रशिक्षण दिए जाने की गहन समीक्षा की गई।

वषार्पात की समीक्षा के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 14 प्रखंड में वर्षा मापक यंत्र अधिष्ठापन एवं कार्यरत अवस्था में है तथा 246 पंचायतों में वर्षा मापक यंत्र ऑटोमेटिक रेंन गेज लगाए गए हैं। 13 अप्रैल 2023 तक सामान्य की अपेक्षा 1.03 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। 246 पंचायतों में वर्षा मापक यंत्र ऑटोमेटिक रेंन गेज लगाया गया है।

समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल पूर्णिया द्वारा तटबंधों की अद्यतन स्थिति से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। बाढ़ शरण स्थल की समीक्षा के दौरान आपदा प्रभारी द्वारा बताया गया कि सभी अंचलों द्वारा 300 बाढ़ शरण स्थलों का चयन किया गया है। जनरेटर सेट मेट्रोमैक्स महाजाल की व्यवस्था सभी अंचलाधिकारी द्वारा आंकलन कर आपूर्ति हेतु टेंट मालिकों के चयन की प्रक्रिया की जा रही है।पूर्णिया जिले में 311 गोताखोरों को प्रशिक्षित किया गया है। पूर्णिया जिले के वायसी एवं धमदाहा अनुमंडल से 28 सामुदायिक स्वयंसेवकों को सुरक्षित तैराकी कार्यक्रम अंतर्गत बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया गया है। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि बाढ़ शरण स्थलों के लिए मेडिकल टीम का गठन करने के साथ ही पैरा मेडिकल स्टाफ की प्रतिनियुक्ति कर लिया गया है। बाढ़ की स्थिति में उक्त शरण स्थलों पर मेडिकल कैंप का संचालन सुनिश्चित किया गया है। भंडार में आवश्यक मानव दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।अंचल वार मेडिकल मोबाइल टीम का गठन कर लिया गया है। बाढ़ आश्रय स्थलों के लिए मेडिकल टीम एवं संबंधित कर्मियों की प्रतिनिधि की जाएगी। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पशु चारा के दर निर्धारण एवं आपूर्तिकर्ता का निविदा के माध्यम से चयन किया जाएगा जिसका टेंडर प्रक्रिया में है।

बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता प्रमंडल एवं ग्रामीण कार्य विभाग पूर्णिया के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सडक पुल पुलिया की मरम्मती का कार्य कराया जा चुका है। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त साहिला, नगर आयुक्त आरिफ अहसन, अपर समाहर्ता केडी प्रौज्ज्वल, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं अंचलाधिकारी कथा प्रखंड के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

कांग्रेस नेताओं ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर को जयंती पर किया नमन

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने देश के महान विभूति स्वतंत्रता सेनानी संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर अंबेडकर सेवा सदन स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रंजन सिंह, उपाध्यक्ष आश नारायण चौधरी, मोहम्मद अलीमुद्दीन, जिला महासचिव गौतम वर्मा, अफरोज खान आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि डॉक्टर बाबा साहब ने देश की आजादी और उसके बाद भारत के नवनिर्माण में उनकी भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता है। बाबा साहब ने संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, स्वतंत्रता, बंधुता आदि तत्वों के समावेश किए थे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने प्रथम मंत्रिमंडल में डॉक्टर बाबा साहब को विधि एवं कानून मंत्री के रूप में रखने का काम किया था और उन्होंने मजबूती के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। छुआछूत जातिगत वैमनस्य आदि सामाजिक कुरीतियों पर उनका प्रहार भारत के करोड़ों अछूतों के लिए एक आकाशदीप सिद्ध हुआ। उनका कहना था बिना दलितों की दशा सुधारे स्वराज का कोई अर्थ नहीं रह जाता है।

उन्होंने मूक नायक तथा बहिष्कृत भारत नामक पत्रिका का संपादन करना प्रारंभ किया और उसके माध्यम से वे दलितों और अछूतों की उन्नति के लिए संघर्षरत रहे। नेताओं ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर कई भाषाओं के जानकार थे। उनकी प्रतिभा का पूरा विश्व लोहा मानता था। आज उनकी जयंती पर उनके बहुमूल्य विचारों पर शोध की आवश्यकता है। वह हमेशा प्रासंगिक बने रहेंगे।

बाबा साहब के विचार को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने की जरूरत : चक्रपाणी

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुमार दास ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालश्रम आयोग के अध्यक्ष चक्रपाणि हिमांशु ने बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर विलक्षण प्रतिभा के धनी और बचपन से ही मेधावी छात्र थे।

उन्होंने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दुनिया का सबसे बड़ा भारतीय संविधान का निर्माण किया और यही संविधान की ताकत है। चक्रपाणि ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का विचार हर जाति, धर्म और मजहब के लिए सामान और भाईचारा सहित एकता का संदेश देना और गंगा जमुनी तहजीब कायम करना था और हम सबों का दायित्व है बाबा साहेब के विचारों को समाज के अंतिम पायदान पर बैठे गरीब, मजदूर, किसान, दलित महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, माइनॉरिटी के लोगों तक पहुंचाये। राजद के प्रदेश महासचिव कमल किशोर यादव ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैली छुआछूत, ऊंच-नीच और जाति-धर्म जैसी कुप्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शोषित और वंचितों को संविधान में उचित सम्मान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया जिसे इस देश की आने वाली पीढ़ी दर पीढ़ी याद रखेगी।

जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार दास ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर ने अपने घर परिवार की चिंता किए बगैर देश में फैली मनुस्मृति और सामंतवाद के साम्राज्य को जड़ से उखाड़ फेंकते हुए बहुजन समाज को एकजुट कर मोतियों की माला की तरह पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। श्री दास ने कहा जिस प्रकार आज केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान के एक-एक पन्ने को फाड़ने का घिनौना कार्य कर रही है और संविधान को बदलकर मनुस्मृति लाने का षड्यंत्र रच रही है उसे रोकने की जरूरत है। बाबा साहब आंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वाले नेताओं में वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र यादव, मिथिलेश यादव, राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुशीला भारती, जिला उपाध्यक्ष राजेश रमन, तारानंद विस्वास, कृष्ण कुमार राय, जिला महासचिव पंकज कुमार उर्फ गुड्डू मंडल, जिला सचिव निशांत वर्मा, सुरेश बैठा, महानगर राजद उपाध्यक्ष शांतनु घोष, महानगर ब्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव सुनील साह, राकेश कुमार उर्फ लल्लू यादव, संजय सिंधु आदि नेता शामिल थे।

पदाधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेवारी लेकर सम्पन्न कराएं गणना कार्य : डीएम

कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग टीम का गठन करने सहित प्रखंड स्तर पर हेल्प डेस्क फंक्शनल कराने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार जाति आधारित गणना अंतर्गत द्वितीय चरण का कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इस कार्य को भी समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक किया जाना है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही बरतने वालें संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई निश्चित है।

जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।जिला अधिकारी ने कहा कि सभी चार्ज पदाधिकारी व्यक्तिगत रुचि एवं जिम्मेवारी लेते हुए समयबद्ध तरीके से त्रुटि रहित गुणवत्तापूर्ण द्वितीय चरण अंतर्गत गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि हाउस होल्ड वाइज, पॉपुलेशन वाइज डेटा का एनालिसिस करें तथा किये जा रहे कार्यों की डेली मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि द्वितीय चरण अंतर्गत प्रशिक्षण से लेकर सभी कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को अच्छे तरीके से प्रशिक्षित कराया जाय ताकि फिल्ड में किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पडें। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि डेटा की शुद्धता अतिआवश्यक है। छोटी सी भी चूक नहीं होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। विभागीय दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए सभी कार्य सुनिश्चित करायी जाय। गणना कार्य का डेली रिर्पोटिंग, डेटा इन्ट्री बैकअप टीम का गठन, कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग की व्यवस्था, प्रखंड स्तर पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाय। उन्होंने कहा कि गणना कार्य का फीडबैक लेते रहें तथा आ रही समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण कराएं। जिला से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं कर्मियों का चार्ज पदाधिकारी, पर्यवेक्षक एवं प्रगणक स्तर तक का अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाय। इससे विभिन्न सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा आ रही समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण किया जा सकेगा। अपर समाहर्ता केडी प्रौज्ज्वल द्वारा बताया गया कि गणना कार्य के द्वितीय चरण में प्रत्येक परिवार, व्यक्ति के व्यक्तिगत, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक आंकड़े प्रपत्र और मोबाइल ऐप दोनों के माध्यम से एकत्रित किया जाना है। गणना प्रपत्र में परिवार से आंकड़े लेकर उस परिवार के प्रधान का हस्ताक्षर प्राप्त करने के उपरांत सभी आंकड़े मोबाईल एप में प्रविष्ट किये जायेंगे। मोबाईल ऐप से यह आंकड़ा स्टेट डाटा सेंटर के सर्वर पर एकत्रित होगा, जो बिहार जाति आधारित गणना पोर्टल पर देखा जा सकेगा।

प्राप्त आंकड़े का प्रसंस्करण और प्रतिवेदन, ग्राफ एवं विवरणी आदि का निर्माण भी इसी पोर्टल से होगा। गणना प्रपत्र और मोबाईल ऐप पर प्रत्येक परिवार के लिए एक ही क्रमांक होंगे। गणना के बाद सभी प्रपत्र को स्कैन कर मोबाईल के आंकड़े से टैग कर सॉफ्ट कॉपी में रख लिया जायेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त साहिला, नगर आयुक्त नगर निगम पूर्णिया आरिफ अहसन, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा संबंधित प्रखंड के वरीय पदाधिकारी, चार्ज पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से होने वाली बीमारियों से हमेशा सतर्क रहने की आवश्यकता

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । गर्मी का असर सबसे ज्यादा कमजोर बच्चों और घर के बड़े बुजुर्गों पर पड़ता है। हालांकि बच्चों को पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए उनके माता-पिता तरह-तरह के उपायों को करते रहते हैं। लेकिन इसी बीच कभी-कभी घर के बड़े बुजुर्गों सहित बच्चों की अनदेखी कर दी जाती है। चिकित्सकों की मानें तो वर्तमान समय में शरीर में पानी की कमी से हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित एवं बचाव को लेकर हमेशा सतर्क रहने की आवश्यकता होती है। इसकी पूर्ति के लिए पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल के अलावा रसयुक्त आहार को अनिवार्य रूप से शामिल करना उचित होता है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि गर्मियों के दिनों में घर के बड़े बुजुर्गों की त्वचा खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। जिस कारण संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। ऐसे मामलों में औषधीय या हर्बल साबुन का उपयोग करना बेहतर होता है। गर्मी के दिनों में स्नान करने के बाद साफ कपड़े पहनने से संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। गन्दे पकड़े पहनने मात्र से स्वच्छता और पाचन तंत्र भी प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

वहीं फूड पॉइजनिंग आदि का खतरा अत्यधिक होता है। जिस कारण अपने आहार में ताजी और हरी सब्जियों को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। गर्मी के दिनों में एलर्जी, कंजक्टिवाइटिस और कमजोरी होने का खतरा दो गुना बढ़ जाता है। इन सभी से बचाव एवं सुरक्षित रखने के लिए आंखों को गर्मी या अत्यधिक धूप से बचाने के लिए अपने आहार में विटामिन ए और विटामिन सी से परिपूर्ण फलों को शामिल करना चाहिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ राजेन्द्र प्रसाद मंडल ने बताया कि यदि आपके परिवार के किसी भी बड़े बुजुर्ग को कोई संक्रमित बीमारी होने का खतरा मंडरा रहा है तो नियमित अनिवार्य रूप से जांच करानी चाहिए। इसके अलावा यदि परिवार के किसी भी सदस्य का स्वास्थ्य खराब होने की स्थिति में है तो जल्द से जल्द नदजीकी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों से सलाह लेनी चाहिए। चिकित्सकों से परामर्श लिए वगैर कोई भी दवा का सेवन नहीं करना चाहिए। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे चिकित्सको की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है। हालांकि इसके अलावा विशेष जानकारी या उचित परामर्श के लिए क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका या आशा कार्यकर्ताओ से संपर्क किया जा सकता है।

धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर की 132 वीं जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में संविधान के संस्थापक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों द्वारा धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान भीम सैनिकों ने कहा कि आज के ही दिन विगत 14 अप्रैल 1891 ई. में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म हुआ था। इस दिन को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की कसमें खाई। वही इस अवसर पर राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ भागलपुर द्वारा नगर निगम प्रांगण से शहर भ्रमण के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रैली में सैकड़ों सफाई मजदूर शामिल हुए थे, वही ढोल नगाड़े पर खूब झूमते नजर आए, झांकी में मौजूद राष्ट्रीय सफाई कर्मी ने अपने हांथो में बाबा साहब के तैलचित्र को लिये हुए रैली में शामिल थे। ज्ञात हो कि नगर निगम भागलपुर परिसर में कुछ दिन पहले बाबा साहब की आदम कद की प्रतिमा रखी गई थी, लेकिन इस प्रतिमा का विधिवत अनावरण अभी तक नहीं हो पाया था, लेकिन राष्ट्रीय मजदूर संघ के कर्मियों ने आज नगर निगम में उस प्रतिमा पर जबरन माल्यार्पण किया गया, और वहां से झांकी की शुरूआत की। हालांकि माल्यार्पण करने के क्रम में नगर निगम के कर्मियों और राष्ट्रीय मजदूर संघ के लोगों के बीच झड़प भी हुई थी, जिसको लेकर राष्ट्रीय मजदूर संघ के लोग कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग को भी जाम किए, फिर बीच-बचाव में स्थानीय थाना पुलिस आकर वार्ता की, और उस जाम को छुड़ाया गया।

अपराधियों ने बालक को मौत के घाट उतारा

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। बुधवार की देर शाम गोलीबार में घायल अरुण यादव के पुत्र अनुभव कुमार (08) वर्ष की इलाज के लिए पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। इसकी सूचना जैसे ही गांव वालों को मिला गांव में दो पक्षों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया है। मुफस्सिल थाना पुलिस गांव में कैंप कर रही है। मृतक के पिता ने 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद को गिरफ्तार कर लिया है वही घायल चंदन कुमार 25 वर्ष का इलाज पटना में चल रहा है उसकी कनपटी में गोली लगी है। बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों ने अरुण यादव के घर पर पहुंचकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया, के इसमें उनका पुत्र अनुभव वह भतीजा चंदन कुमार घायल हो गया था अनुभव को पेट में और चंदन को गणपति में गोली लगी थी सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया था लेकिन रास्ते में अनुभव कुमार की मौत हो गई वही चंदन कुमार को पटना में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अनुभव का सब अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और लास्ट हो उनके परिजनों को सौंप दिया है। इस घटना में 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। घटना में शामिल भीषण यादव बीएसएफ जवान अमित कुमार शिवम यादव सनी यादव संगठित गिरोह चलाता है उसने रंगदारी में 50 क्विंटल गेहूं मांगे थे नहीं देने पर उन्होंने उसके घर पर आकर गोलीबारी की इसमें एक की मौत हो गई वहीं दूसरा लोग ने जख्मी हो गया। इधर मुफस्सिल थाना अध्यक्ष ने कार्यवाही करते हुए एक नामजद संजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

भवानीपुर में धूमधाम से मनायी गयी आंबेडकर की 132वीं जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/भवानीपुर । नगर पंचायत भवानीपुर के भवन देवी टोला में बिहार रविदास विकास संघ के द्वारा बाबा साहेब डा भीम राव आंबेडकर का 132 वां जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवानीपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा नवीन कुमार उपरोझिया ने आंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। डा नवीन उपरोझिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर एक नाम नहीं बल्कि विचार है और इस विचार को आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को अपने में उतारना चाहिए। जिस प्रकार उन्होंने अपने संपूर्ण जीवनकाल में गंभीर समस्याओं, यातनाओं को झेलते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते चले गए वे मानव नहीं महामानव थे।

समारोह पूर्वक मनाया गया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। शुक्रवार को तारापुर के विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने समारोह पूर्वक भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई । तो वहीं दूसरी ओर देश के दूसरे अंबेडकर के रूप में माने जाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के तैल चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोजपा आर के जिला अध्यक्ष विनय कुमार गुड्डू मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव कुमार सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी शशि शेखर राणा जयराम मंडल नवल पासवान जीवन सिंह संतोष सिंह इत्यादि लोगों ने अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा निवेदित किया । समारोह के मौके पर ही संस्कृति के रक्षक आर्य सिद्धांत के लेखक ज्योतिव्रेता आर्यभट्ट के प्रति भी लोगों ने उन्हें कोटि-कोटि नमन किया । अपने संबोधन के दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने देश का बढ़ाया जिन्होंने मान, रचा हमारे भारत का संविधान एवं सभी को दिलाई बराबरी की पहचान को लेकर संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला । वही प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति एवं विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लोगों को दिलाया । शशि शेखर राणा ने संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने के बाद ही इनकी कहीं और सच्ची सफल जयंती साबित होगी ।

एनटीपीसी कहलगांव में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एनटीपीसी कहलगांव की अग्निशमन शाखा द्वारा पावर प्लांट परिसर स्थित फायर स्टेशन में अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया, तथा अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबन्धक (परियोजना प्रमुख) नारायण प्रकाश शाहर, एचएसटीपीपी कहलगॉव नरेंन्द्र देव आनंद, वरिष्ठ कमाण्डेन्ट/के औसुब, राजश गुप्ता महाप्रबंधक/ऐश डाईक प्रबंधन संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक/फ्युल मैनेजमेन्ट बि. राजेंद्र कुमार, महाप्रबंधन ऑपरेशन सौरभ शर्मा, अपरमहाप्रबंधक/एचआर मनोज कुमार, अपर महापबंधक/एमएमओएस आशीष शर्मा, उपमहाप्रबंधक/सेफ्टी, सहायक कमाण्डेन्ट/अग्नि देवव्रत दत्ता, तथा सभी विभागाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथिगणों, कर्मचारीगण, व सीआईएसएफ के बल सदस्यों तथा एनटीपीसी अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीद स्मारक स्तम्भ पर पुष्प चक्र व पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतू प्राथना की। इस दौरान उप महाप्रबंधक श्री शहर ने कहा कि विगत 14 अप्रैल 1944 को बम्बई पोर्ट में खड़े जलपोत एस.एस.फोर्ट स्टाईकिन में विस्फोट के बाद लगी भीषण आग में अग्निशमन कार्य करते हुए अपनी जान गवां बैठे अग्निशमन कर्मियों व उसके बाद के अग्निशमन कार्य करते हुए जान गवां देने वाले अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी बहादुरी की स्मृति को याद किया गया। इस अमूल्य जीवन हानि को याद करते हुए, विगत 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस तथा उसके बाद के सप्ताह को अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में म

संक्षिप्त खबरें

उपमहापौर किसी के बहकावे में आकर दे रहीं हैं अनर्गल बयान: नगर आयुक्त

गया नगर निगम में इन दिनों आरोप प्रत्यारोप का खेल जारी है। इसी कड़ी में उपमहापौर चिंता देवी ने नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर आयुक्त मेरा कॉल रिसीव नही करते हैं और मुझे अपमानित करने का काम करते हैं। जब पत्रकारों ने नगर आयुक्त से इस बात की सच्चाई जानने पंहुचा तो उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को एक अंजान नम्बर से कॉल आया था उसे मैने रिसीव नही किया जाता, क्योंकि उस वक्त मैं मीटिंग में थी लेकिन उसके बाद आज तक कोई कॉल उनका नही आया तो मैं जवाब क्या देती। रही बात अपमानित करने का तो यह पूरी तरह से बेबुनियाद बात है, मैं एक जनता के द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधि को क्यों अपमानित करूंगी। जबकि चिंता देवी नगर निगम में 32 साल तक सेवा देकर सेवानिवृत्त हुई है।

बाबा साहेब के विचारों को अपनाने की जरूरत :विनय कुशवाहा

बांके बाजार।राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में बांके बाजार प्रखंड मुख्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जयंती समारोह मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद यादव ने किया। इस जयंती समारोह को संबोधित करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है तभी गरीब कमजोर वर्गों का विकास हो सकेगा। जिस तरह से बाबा साहेब की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाया जाता है और इनको विचारों को दलित पिछड़े समाज के लोग समझ नहीं पाते हैं ऐसी परिस्थिति में भारतीय जनता पार्टी जैसे दल देश की सत्ता में आ जाती है। बाबा साहब ने कहा था संगठित हो संघर्ष करो लेकिन भारतीय जनता पार्टी एवं सामंती प्रवृत्ति के लोग पैसे के बल पर पिछड़े एवं दलितों को तोड़ देता है और पिछड़े दलित इन बातों को समझ नहीं पाते जयंती समारोह में हम सभी संकल्प लेते हैं कि बाबा साहब के विचार संगठित रखकर संघर्ष करने वाला को अपने जीवन में उतारे तभी बाबा साहब का सपना साकार हो सकेगा।

अंबेडकर की 132 वी जन्मोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया

आरा। शाहपुर प्रखंड के भरौली ग्राम में बाबा भीमराव अंबेडकर महाराज की 132 वी जन्मोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया एवं बाबा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं संकल्प पत्र पढ़ा गया इस अवसर पर निम्न व्यक्तियों ने माल्यार्पण किया जदयू के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला सचिव विनोद कुमार प्रखंड जदयू के मनोनीत उपाध्यक्ष एवं बी डी सी श्री राधा कृष्ण गोंड जी एवं एवं भरौली पंचायत के पूर्व बीडीसी राम जी चौधरी भरौली पंचायत के वार्ड संख्या 6 के वार्ड सदस्य त्रिलोकी प्रसाद भरौली पंचायत के जदयू के पंचायत अध्यक्ष श्री लाल बहादुर राम पंचायत के विकास मित्र अच्छेलाल राम एवं जदयू के पूर्व कोषाध्यक्ष साधु राम जी एवं भरौली के ग्रामीण जनता श्री रामाश्रय यादव दीपक कुमार अरविंद राजा विकास कुमार भावेश कुमार विकास यादव अमित तिवारी पंकज राम इत्यादि लोग थे।

आरा में मामूली विवाद को लेकर सगे भाई-बहन समेत तीन की पिटाई

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बिंदु टोली मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह मामूली विवाद को लेकर सगे भाई-बहन समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी गई। इससे तीनों जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ला निवासी मोहम्मद अफजल का पुत्र मो. आबिद,पुत्री रुखसार परवीन एवं मो.नौशाद की पुत्री व उनकी चचेरी बहन परवीन खातून शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह मो.आबिद साबुन खरीदने के लिए मोहल्ले में स्थित किराना दुकान पर गया था। जब वह साबुन खरीद कर वापस घर लौट रहा था। तभी बिंद टोली मोहल्ले के ही कुछ युवक उसे उल्टा-सीधा बोलने लगे।

भोजपुर में ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुलड़िया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो अप लाइन पर शुक्रवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना मिलते ही आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के भदवर (मुसहर टोली) निवासी स्व.भोला मांझी के 65 वर्षीय पुत्र कामेश्वर माझी उर्फ पारा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुल्हड़िया स्टेशन से ट्रेन पर चढ़कर आरा की ओर आ रहे थे।

भारत रत्न के सम्मान के लिए गृह मंत्री से मिले : मांझी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व में 4 सदस्य शिष्टमंडल आज नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर पर्वत पुरुष दशरथ मांझी को भारत रत्न देने की मांग को उठाया। इसके पूर्व में भी कई बार दशरथ मांझी को भारत रत्न देने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा मांग उठ चुकी है पर्वत पुरुष दशरथ मांझी लगभग 22 वर्ष से अधिक पहाड़ का सीना चीर कर रास्ता बनाया वजीरगंज की दूरी कम हो गई।

लोगों को आने-जाने की सुविधा हो गई, दिल्ली पैदल जा करके तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मुलाकात की, साथ ही साथ बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार के सामने भी समस्याओं को उठाते रहे हैं। थाना, अस्पताल, रोड की मांग उठाते रहे है। शिष्टमंडल में ट्री मैन के नाम से मशहूर सत्येंद्र कुमार गौतम, हम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शंकर मांझी, सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र मांझी मुलाकात की है। हम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता ई. नंदलाल मांझी ने बताया कि लगभग 14 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी दशरथ मांझी को उचित सम्मान नहीं मिला है। भारत कर्म प्रधान देश है लेकिन कर्मयोगी भारत के लाल दशरथ मांझी को भारत रत्न से नवाजे नहीं जाने के कारण उनके अनुयायियों में रोष है। मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से भी प्रत्येक साल गया जिला के विभिन्न प्रखंडों से 17 अगस्त को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धांजलि सभा में जाते हैं मालूम हो कि विगत 5 फरबरी को पवित्र समाधि स्थल गेहलौर घाट से 21 सदस्यीय सत्येंद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में दिल्ली पैदल यात्रा की है ताकि भारत रत्न की मांगों को समर्थन मिल सके।

इस मांग को लेकर जीतन राम मांझी भारत के राष्ट्रपति के समक्ष भी उठाया है अब जीतन राम मांझी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उनके कार्यों को, उनके जीवन को विस्तृत ढंग से प्रस्तुत किया है बिहार सरकार के द्वारा भी भारत रत्न की मांग अनुशंसा करके केंद्र सरकार को भेजा गया है अमित शाह ने सकारात्मक आश्वाशन दिया है। जनहित के मुद्दों को भी जीतन राम मांझी ने अमित शाह के समक्ष उठाया है, जिसपर उनका विचार सकारात्मक है।

डॉ. अंबेडकर की दृष्टि से विषय पर विशेष व्याख्यान का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। आधुनिक भारत के निमार्ता एवं भारतीय संविधान के प्रणेता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 132वीं जयंती के अवसर पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में समकालीन भारत में वंचित वर्गों का सशक्तिकरण डॉ. अंबेडकर की दृष्टि से" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया` जन सम्पर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में विवेकानंद सभागार में कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अम्बेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस डीएसीई एवं एससी,एसटी सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। इस कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात डॉ. अंजु हेलेन बारा सदस्य, विश्वविद्यालय एससी,एसटी सेल ने अतिथियों का परिचय देते हुए स्वागत वक्तव्य दिया है। आगे सीयूएसबी के डीएसीई सेल के नोडल ऑफिसर प्रो. रतिकांत कुम्भार ने एससी,एसटी सेल के वर्तमान के क्रियाकलापों को साझा करते हुए भविष्य में आदिवासी, दलित, वंचित, ओबीसी छात्रों के लिए योजनाओं पर अपनी बात रखी।

मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. संजय पासवान पूर्व प्राध्यापक, पटना विश्वविद्यालय एवं पूर्व मंत्री भारत सरकार वर्तमान में एम.एल.सी ने विषय पर सारगर्भित बात रखते हुए कहा कि अम्बेडकर ने अपने साहित्य के माध्यम से कहा है "समस्या जीवन का एक अंग है परंतु समस्या का निराकरण या निदान एक कला है"। समाज में समरसता और सामाजिक लोकतंत्र लाने लिए "कास्ट एवं रेस" को एक अलग दृष्टिकोण से समझना होगा। राजनीतिक विमर्श में गांधी, लोहिया, अंबेडकर एवं दीनदयाल को एकाग्र रूप से सम्मिलित करना होगा तभी जाकर देश को उन्नति की राह पर लाया जा सकता है। अपने वक्तव्य में अम्बेडकर के वैचारिक दृष्टिकोण पर अपनी बात रखते हुए यह कहा कि "अम्बेडकर मात्र राजनीतिक स्वतंत्रता के विरोधी रहे, और एक उत्तम और श्रेष्ठ समाज, राष्ट्र गठन हेतु सामाजिक स्वतंत्रता एवं आर्थिक स्वतंत्रता के प्रति ध्यान देने की बात की है।"इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि " बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि एक राष्ट्र नेता हैं। अपने जीवन काल में जो सामाजिकता एवं समरसता के भाव को प्रतिष्ठित किया वह सारे विश्व के लिए प्रेरणादायक है। उन्हें किसी एक जाति विशेष से जोड़ कर उनके कद को छोटा नहीं किया जा सकता है।" उन्होंने यह भी कहा कि अम्बेडकर के चिंतन और दर्शन को सिर्फ एक कमरे या एक दिन में सीमित न रख कर इसे समाज में ले जाकर एक विकसित रूप देना होगा तब जाकर समाज का मंगल हो सकता है। अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया है। इस कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के एससी,एसटी सेल के सचिव डॉ. जगन्नाथ रॉय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापक, अध्यापक, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है। इस कार्यक्रम का संचालन डीएसीई के छात्र सृजन एवं सुजीत ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है।

मन की बात को प्रत्येक बुथ पर 100 कार्यकर्ता के साथ सुने - संगठन महामंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भाजपा विधानसभा स्तरीय कोर कमिटी की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ऊर्फ चिंटू सिंह की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पं दीनदयाल उपाध्याय नगर रसलपूर में संपन्न हुआ है। इस बैठक गया लोकसभा के अंतर्गत वजीरगंज और बेलागंज विधान सभा का हुआ है। गुरुवार के बैठक में 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में हुआ। इस बैठक को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र ने संबोधित करते हुए कहा कि 30अप्रैल को भारत के जनप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी की मन की बात का 100वां एपिसोड प्रत्येक बुथ पर कम से कम 100 कार्यकर्ता के साथ सुने। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने के लिए शक्ति केंद्र के स्तर पर अभी से तैयारी करनी शुरू कर दें। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के द्वारा लागू की गई योजनाओं के लाभार्थियों को मन की बात कार्यक्रम में जरूर सम्मिलित कराने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के द्वारा जनता के लिए किये गये कार्यों को जनमानस तक बतायें और जनता को लाभ लेने के लिए उत्प्रेरित करें। इस बैठक में गया लोकसभा के संयोजक क्षितिज मोहन सिंह, जिला प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा, वजीरगंज विधायक विरेन्द्र सिंह, वजीरगंज और बेलागंज के विधान सभा प्रभारी और संयोजक उपस्थित थे।

अंबेडकर ने कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए किए थे लंबे संघर्ष : निदेशक

प्रात : किरण संवाददाता

गया। आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल में बाबा भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई है।

संविधान के निमार्ता, दलितों के मसीहा और मानवाधिकार आंदोलन के प्रकांड विद्वता बाबा साहेब डॉक्टर भीमाराव अंबेडकर का जन्मदिवस हर साल 14 अप्रैल को मनाया जाता है। डॉ. अंबेडकर की जयंती पर उनके जनकल्याण के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान को स्कूल के निदेशक संजय कुमार ने याद किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब निचले तबके से तालुक रखते थे. बचपन से ही समाजिक भेदभाव का शिकार हुए. यही वजह थी कि समाज सुधारक बाबा भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया. महिलाओं को सशक्त बनाया. आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल, शेरघाटी में आज बाबा भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई है। निदेशक संजय कुमार ने बताया कि बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने का काम किया है। इस मौके पर निदेशक संजय कुमार, प्राचार्य राजेश वर्मा, उप प्राचार्य आकिब अली खान, शिक्षक डॉ. देवेन्द्र कुमार, अशोक शर्मा, स्वेता यादव, रूपेश ठाकुर, प्रमोद मिश्रा, सीता गुप्ता सहित सभी बच्चों ने बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवम श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया है।

बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती कुजाप पंचायत में मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जनता दल यू गया के जिलाध्यक्ष अभय कुशवाहा के नेतृत्व में कुजाप पंचायत के ग्राम केवाली में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 132 वीं जयंती धूम धाम से मनाया गया है। इस जयंती कार्यक्रम में भीम चौपाल एवं भीम संवाद के तहत बाबा साहब के जीवन एवं उनके विचारों पर विस्तारपूर्वक बताया गया है। इस अवसर पर जनता दल यू के कपूर्री सभागार पटना में आयोजित कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि आज देश के कुछ लोग बाबा साहब के द्वारा बनाये गए संविंधान को बदलने का षड्यंत्र रच रहें है जिसके विरोध में आज देश के कई पाटीर्यों से बात हुई है, सभी दल घर घर जाकर लोगों को बताने का काम करेंगे। टोला सेवक, तालीमी मरकज के वेतन में वृद्धि होगी। सरकारी कर्मी के रुप में शिक्षक, चिकित्सक सहित लाखों नौकरिया बहुत जल्द दी जायेगी। समाज के हरेक तबके के उत्थान एवं लड़ाई झड़ना मिटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। आज हमारी पार्टी में सभी जाति के लोग बहुत संख्या में जुड़े हुए हैं। कुछ लोग इधर उधर करके समाज को तोड़ने एवं उन्माद फैलाने में लगे हुए हैं। लड़कियों की शिक्षा के लिए जागरूक किया गया एवम उन्हें कई प्रकार की योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया गया जिसका परिणाम है कि लड़कियाँ मैट्रिक, इंटर सहित अन्य परीक्षाओं में टॉप कर रही हैं। बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री सुरेंद्र यादव, राज्य खाद्य आयोग के चैयरमैन विद्यानंद विकल, प्रदेश सचिव कुंडल वर्मा, जितेंद्र दास, अवध बिहारी पटेल, धनजय शर्मा, आसिफ जफर, शंकर चौधरी, संजय रविदास, राधेकान्त शर्मा, अजीत शर्मा, वीरेंद्र तिवारी, जुली मेहता, कमलेश वर्मा, प्रो सुरेश प्रसाद, जितेंद्र पंडित, योगेंद्र कुशवाहा, मुरारी पासवान, मितंबरा लोहड़े, वृजराज पांडेय सहित सैकड़ों स्थानीय महादलित समाज के पुरुष, महिलाएँ एवं युवा उपस्थित रहें हैं।

मिशन रक्तदान हिंदुस्तान के तहत पथ प्रदर्शक का 13वां रक्तदान शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। रक्तदान एवं रक्तक्रांति के प्रयास में लगी औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक का मिशन रक्तदान हिंदुस्तान के तहत मिथिला रक्तदान समूह, दरभंगा के तत्वावधान में दरभंगा में तेरहवां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्त वीरांगना रचना विभा झा एवम उनकी संस्था मिथिला रक्तदान समूह के सहयोग से दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल दरभंगा के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। मिशन रक्तदान हिन्दुस्तान का उद्देश्य पूरे भारत में रक्त की कमी को दूर करने हेतु युवाओं एवम युवतियों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का है। इस अभियान का शुभारंभ औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा 4 जुलाई 2021 को औरंगाबाद के माननीय सांसद सुशील कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया था। इस मिशन के तहत अभी तक पथ प्रदर्शक द्वारा बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, पंजाब एवं हरियाणा के तेरह शहरों में स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया है। इसी क्रम में मिथिला रक्तदान समूह संस्था दरभंगा के सहयोग से डीएमसीएच ब्लड बैंक, में मिशन रक्तदान हिंदुस्तान का तेरहवां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन करनाल, हरियाणा के रक्तनायक कैप्टन डॉ सुरेश सैनी, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ संजीव कुमार, पथ प्रदर्शक के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह, मिथिला रक्तदान समूह की रचना विभा झा एवम वीबीडीए गढ़वा के अध्यक्ष विवेक तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

उत्क्रमित उच्चतर विद्यालय गुंडी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर के बड़हरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर विद्यालय गुंडी में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती मनाई गई, इस मौके पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इसमें प्रधानाध्यापक मो. खुर्शीद आलम, वरीय शिक्षक प्रभु जी प्रसाद, जयराम साह, युथ एवं इको क्लब के प्रभारी धीरज कुमार, मोहम्मद हुसैन, राणा प्रताप, सुषमा कुमारी, कुमारी पूजा, पूजा कुमारी, जुगनू आलम, संतोष कुमार, अनिल कुमार, रामबंधु सुधाकर, किरण कुमारी तथा विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मो. खुर्शीद आलम ने कहा कि अंबेडकर ने कहा था कि मंदिर जाने वाले लोगों की लंबी कतारें, जिस दिन पुस्तकालय की ओर बढ़ेगी। उस दिन देश को महाशक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकता। इस मौके पर खुर्शीद आलम ने बच्चों के बीच अंबेडकर के सामाजिक राजनीतिक विचार को समझाने का प्रयास किया, उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर समानता के लिए प्रतिबद्ध थे, उनका मानना था कि समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर होना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना, किसी भी समाज की प्रथम और अंतिम नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। वे मानते थे कि समाज में यह बदलाव सहज नहीं होता, इसके लिए कई पद्धतियों को अपनाना पड़ता है। श्री आलम ने शिक्षा व्यवस्था और मजबूर अध्यापको पर सच्चाई से अपनी बातों को रखा। कहा कि शिक्षा व्यक्ति विकास का महत्वपूर्ण एवं सरल संसाधन है। यह प्रत्येक व्यक्ति को साहसी, गुणवान, प्रगतिशील और आत्म निर्भर बनाती है। शिक्षा क्रांति और क्रांतिकारी समाज की बुनियाद भी शिक्षा ही है।

धूमधाम से मनाई गई डॉ.अंबेडकर की 132वीं जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। बाबासाहेब आंबेडकर दुनिया के सबसे ज्यादा डिग्री वाले दार्शनिक समाज सुधारक विधि वेता भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाने जाते हैं 1990 में इन्हें भारत रत्न के उपाधि से सम्मानित किया गया लेकिन आज बाबा साहब के संविधान को समाप्त करने की साजिश केंद्र सरकार के द्वारा की जा रही है भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था खतरे में है बाबा साहब ने बहुत ही मेहनत और कई देशों के संविधान का अध्ययन के उपरांत भारत की संविधान की रचना की जो देश ही नहीं दुनिया के सबसे बड़ा और उच्च कोटि का संविधान बना जाता है इस संविधान में सभी वर्गों का ख्याल किया गया समाज की पिछली पंक्ति में बैठे लोग दलित उपेक्षित पिछड़ा अति पिछड़ा अल्पसंख्यक महिला श्रमिक किसान सभी लोगों को ध्यान में रखकर भारत का यह महत्वपूर्ण संविधान की रचना की गई इसकी तुलना दुनिया के किसी संविधान से नहीं किया सकती है भारत वासियों को गर्व होनी चाहिए बाबा साहब के ऊपर। राष्ट्रीय जनता दल बाबा साहब के सपने को पूरा करने के लिए कृत संकल्प है और भारतीय संविधान की रक्षा में राजद का एक-एक सिपाही अपनी शहादत देकर करने का वचनबद्ध है भारत का संविधान देश की आत्मा है आज देश के अंदर कुछ राजनीतिक घटनाओं से संविधान को ठेस पहुंचा है और अगर भारतीय संविधान की रक्षा करनी है तो 24 में होने वाले लोकसभा चुनाव में वर्तमान भाजपा की सरकार को सभी अंबेडकरवादी लोग मिलकर सत्ता से बेदखल करने का काम करें सभी लोगों को भारत की संविधान को बचाने के लिए राष्ट्रहित में संगठित होने की आवश्यकता है और आने वाला 24 मुंह तोड़ जवाब देना है देश की जो मूलभूत समस्या से लोगों का ध्यान हटाया जा रहा है देश के नौजवानों को कलम और किताब की जगह हाथ में तलवार धराए जा रहा है जो काफी निंदनीय और दुखद है यहां के बेरोजगार युवाओं को धार्मिक भावनाओं कुछ गाकर उन्माद पैदा कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उपरोक्त बातें राजेश जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव ने कही।

नवपदस्थापित जिलाधिकारी से मुलाकात कर जिले के समस्याओं पर की चर्चा: राहुल शेखर

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला के नवपदस्थापित जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह से गुलदस्ता देकर कांग्रेस के युवा जिला अध्यक्ष राहुल शेखर ने औपचारिकता मुलाकात करते हुए अरवल की समस्याओं से ध्यान आकृष्ट कराएं, कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष राहुल शेखर ने कहा कि पूर्ण आशा विश्वास है की अरवल जिले के नव पदस्थापित जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने जिले के विकास की उम्मीद है व आम जनमानस जनता की समस्या तत्पर रहेंगे।

पंकज ज्योति स्पोर्ट्स अकैडमी के तीन खिलाड़ी हुए चयन

करपी (अरवल) पंकज ज्योति स्पोर्ट्स अकैडमी के तीन खिलाड़ियों का चयन पैनचक सिलाट के नैशनल कैम्प मे हुआ ओडिशा में आयोजित पैनचक सिलाट मार्शल आर्ट्स में करपी के तीन खिलाडी गौतम कुमार मनीष कुमार अमन राज का चयन से अरवल वाशी में काफी खुशी का माहौल है इस मौके पर पेनचक सिलाट के सचिव कृष्णा कुमार अध्यक्ष संतोष सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए।

सहदेव प्रसाद महाविद्यालय में डॉ अंबेडकर की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनी जयंती

करपी (अरवल) सहदेव प्रसाद यादव महाविद्यालय परिसर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह बनाई गई, जिसका अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य ललित कुमार ने किया, संविधान निमार्ता भारत रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ अंबेडकर जी लोकप्रियता समाज सुधारक थे, सामाजिक शैक्षणिक विकास के लिए संवैधानिक अधिकार दिए।

सेस्टोबॉल के खिलाड़ी बालक व बालिका को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना: सुधीर शर्मा

अरवल। जिला सेस्टोबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में अरवल जिला संघ के अध्यक्ष समाजसेवी सुधीर शर्मा ने दिल्ली पब्लिक स्कूल के परिसर मे जिले के बालक बालिका खिलाड़ी टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, बालक और बालिका टीम को शुभकामनाएं एवं बधाई दी, इस मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार खिलाड़ियों को शुभकामनाएं बधाई दी वहीं संघ के सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि आगामी कटिहार में आयोजित 15 से 17 अप्रैल 2 जूनियर राज्य स्तरीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता के लिए अरवल जिले की टीम रवाना किया गया।

नवनिर्वाचित गया शिक्षक प्रतिनिधि जीवन कुमार का अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत भारत रत्न डाँ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती को धूम-धाम से मनाया गया। इसके साथ-साथ गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधानपार्षद भाजपा नेता जीवन कुमार का अभिनंदन समारोह कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन प्रहलाद राय ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अगिआँव विधानसभा के पूर्व विधायक सह प्रदेश नेता शिवेश राम और विशिष्ट अतिथि पूर्व कृषि मंत्री सह आरा नगर विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय, डाँ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारतरत्न डाँ. भीमराव अंबेडकर की तैलीय चित्र पर उपस्थित अतिथियों और कार्यकताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। आगत अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और कार्यक्रम संयोजक सूर्यभान सिंह द्वारा अंगवस्त्र एवं फूलमाला के साथ किया गया। मुख्य अतिथि शिवेश राम ने संविधान निमार्ता डाँ भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर विशेष रुप से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के जनक थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष में रहा है। डॉ. अंबेडकर को आगे बढ़ाने में जिसकी भूमिका महत्वपूर्ण है उसकी भी चर्चा होनी चाहिए। बड़ौदा के राजा ने उन्हें पढ़ाया लिखाया और आगे बढ़ाया। डॉ. अंबेडकर 9 भाषाओं के प्रगाढ़ विद्वान थे। विश्व के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयो में पढ़ाने का काम किया। बचपन से जीवन के अंतिम समय तक किए गए सभी कार्य समाज और देश के लिए समर्पित था। सभी को समान अधिकार दिया। देश के बंटवारे के वे घोर विरोधी थे। उन्होंने भारत माता के बेटे की तरह काम किया। उनके समकालीन अनुसूचित जाति के ही मंडल जी जो पाकिस्तान चले गए थे उनको वहां अपमानित किया गया, और वह अपने अंतिम समय में भारत लौटकर अंतिम सांस ली। भारत के आजादी के बाद कॉन्ग्रेस और अन्य पार्टियों द्वारा हमेशा उन्हें अपमानित किया गया। नेहरू ने उन्हें हराने का काम किया। उन्हें समय-समय पर अपमानित किया गया, लेकिन वे कभी विचलित नहीं हुए। डॉ. अंबेडकर समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का काम किया। भारत रत्न की उपाधि भाजपा गठबंधन के शासनकाल में ही मिला। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका ध्यान दिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सपने अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति को भी उच्च मान सम्मान देने का कार्य हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके पंचतीर्थ को मान्यता दी और एक सांस्कृतिक विरासत के रूप में उसे विकसित किया। यही नहीं प्रधानमंत्री ने दिल्ली जनपथ में अंबेडकर फाउंडेशन का निर्माण किया। जितना सामान डॉ. अंबेडकर को भाजपा ने दिया उतना आज तक किसी ने नहीं दिया। डॉ. साहब हिंदू धर्म के विरोधी नहीं थे वह हमेशा सनातन धर्म के पक्षधर थे। अनुसूचित जाति और जनजाति को सबसे अधिक सम्मान भारतीय जनता पार्टी द्वारा ही दिया गया है इसका सबसे बड़ा उदाहरण रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू जैसे निचले समाज से आने वाले व्यक्ति को राष्ट्रपति जैसे बड़े ओहदे पर पहुंचाना है। नवनिर्वाचित विधान पार्षद जीवन कुमार को सम्मानित करते हुए कहां की एक युवा शिक्षक प्रतिनिधि शिक्षकों का मान सम्मान और उनके हित में कार्य करेगा। बतौर विशिष्ट अत

कमजोर हाजिर मांग से धनिया के वायदा भाव में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को धनिया की कीमत 56 रुपये की गिरावट के साथ 6,602 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के अप्रैल महीने में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 56 रुपये या 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,602 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

हाजिर मांग से जस्ता वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली, एजेंसी। हाजिर मांग में तेजी आने के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को जस्ता की कीमत 1.45 रुपये की तेजी के साथ 249.05 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 1.45 रुपये या 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 249.05 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

27 हजार कर्मचारियों को निकालने का फैसला बहुत कठिन था, कंपनी के उतार-चढ़ाव पर बोले सीईओ जेसी

नई दिल्ली, एजेंसी। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन सीईओ एंडी जेसी ने 27 हजार कर्मचारियों को बाहर निकलने के फैसलों को कठिन बताया है। उनका मानना है कि इस फैसले से कंपनी को लंबे समय में फायदा मिलेगा। दरअसल, सीईओ जेसी ने अपने सभी शेयर धारकों को एक पत्र लिखा है।

पत्र में उन्होंने कंपनी के उतार-चढ़ाव का जिक्र किया है। पत्र के माध्यम से जेसी ने कहा कि पूर्व में कंपनी ने काफी चुनौतीपूर्ण समय देखा है। उनका सामना किया है। सीईओ का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि कॉस्ट कटिंग से हमें फायदा होगा। उन्होंने कहा कि 27 हजार कर्मचारियों को बाहर निकालने का फैसला बहुत कठिन था, लेकिन इससे कंपनी को लंबे दौर में फायदा जरूर होगा।

अच्छे रिटर्न की कोशिश

पिछले कई महीनों में हमने कंपनी पर काफी ज्यादा ध्यान दिया। नए-नए आविष्कार किए। हमने इसपर ध्यान दिया कि क्या हमें लंबे समय में अधिक राजस्व, आय, निवेश पर रिटर्न मिलेगा या नहीं। जेसी ने कहा कि इस वजह से हमें बुकस्टोर, 4 सितारा स्टोर जैसे संस्थान बंद करने पड़े। कंपनी के विकास के लिए हमें अमेजन फैब्रिक और अमेजन केयर को बंद करना पड़ा। अच्छे रिटर्न के लिए हमने कुछ नई चीजों को अपनाने की कोशिश की।

नई चीजों में निवेश की कोशिश

पत्र के माध्यम से सीईओ ने कहा कि हमने पहले प्राथमिकता तय की कि हम अपने संसाधनों को कहां कैसे खर्च करें। इसी वजह से हमें 27 हजार कॉर्पोरेट पद खत्म करने पड़े। पिछले कई महीनों में हमने अपनी लागत को सही करने के लिए कई सारे बदलाव किए। अब हम अलग-अलग टीमों के नेतृत्व में अपने काम का मूल्यांकन करेंगे और तय करेंगे कि हम कहां जा रहे हैं। सीईओ ने कहा कि अमेजन कर्मचारियों को भर्ती करता रहेगा। सीईओ ने कहा कि अमेजन अब एक नई चीजों में निवेश कर रहा है। जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जो लंबे समय में अच्छा रिटर्न देंगी। जिस तरह ओपन एआई के चैट जीपीटी ने सिलिकॉन वैली को आकर्षित किया।

वीवो ग्रेटर नोएडा में करेगी 1100 करोड़ का निवेश, अगले साल तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी। स्मार्टफोन बनाने वाली वीवो ग्रेटर नोएडा में अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने पर 1,100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे अगले साल तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा, परियोजना पूरी होने के बाद यहां से 12 करोड़ मोबाइल फोन का निर्माण हो सकेगा। इसने कहा कि इस साल में वह भारत में बने 10 लाख मोबाइल फोन का निर्यात करने की योजना पर काम कर रही है। पिछले साल इसने पहली खेप सऊदी अरबिया और थाईलैंड में भेजी थी। इस साल के अंत तक कंपनी अपने 7,500 करोड़ के निवेश के पहले चरण के रूप में 3,500 करोड़ रुपये को पूरा करेगी जिसमें 2,400 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही कर चुकी है।

देश की कंपनियों का राजस्व चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान आधा रह सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में कहा है कि इस दौरान कंपनियों के राजस्व में 10-12 फीसदी की वृद्धि हो सकती है, जो 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 22.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 10 फीसदी कम रह सकती है। क्रिसिल ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में इन कंपनियों का राजस्व 19-21 फीसदी तक बढ़ सकता है जो 2021-22 के पूरे साल में 27 फीसदी की दर से बढ़ा था। इनके परिचालन मार्जिन में तीन फीसदी की गिरावट आ सकती है। क्रिसिल ने 47 सेक्टर की कुल 300 कंपनियों की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी है।

बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सिर्फ भारत मंदी से अछूता, एक उद्यमी के लिए देश में ज्यादा अवसर मौजूद

नई दिल्ली, एजेंसी। स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जिरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर कहा कि कारोबार के लिहाज से यह साल नहीं, बल्कि पूरा दशक भारत का है।

कामत ने ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा कर कहा कि सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सिर्फ भारत है, जो मंदी की आशंका से अछूता है। इसमें बताया गया है कि ब्रिटेन में इस साल मंदी आने की आशंका 75 फीसदी है। इसी तरह न्यूजीलैंड में 70 प्रतिशत, अमेरिका में 65 प्रतिशत, जर्मनी, इटली और कनाडा में 60 प्रतिशत, फ्रांस में 50, दक्षिण अफ्रीका में 45, ऑस्ट्रेलिया में 40, रूस में 35.5, जापान में 35 दक्षिण कोरिया में 30, मेक्सिको में 27.5, स्पेन में 25, स्विट्जरलैंड में 20, ब्राजील में 15, चीन में 12, सऊदी अरब में पांच, इंडोनेशिया में दो और भारत में मंदी की आशंका 0 फीसदी है।

कारोबार शुरू करने वाली शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में भारत

कामत कहते हैं कि मेरे कई दोस्त जो अमेरिका में फैंसी कॉलेजों से स्नातक किए हैं, वे अब भारत से कुछ शुरू करने सोच रहे हैं। एक उद्यमी के लिए भारत में बहुत अवसर मौजूद हैं। ग्लोबल आंतरप्रेन्योरशिप मॉनिटर 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत कारोबार शुरू करने वाली शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

अमेरिका के 200 संगठन चीन से भारत आने का कर रहे विचार : एक सर्वे में 2,000 से ज्यादा उत्तरदाताओं में से लगभग 83 प्रतिशत ने भारत को स्टार्ट-अप गंतव्य के रूप में चुना है। रिपोर्ट में भारत को विभिन्न पैमाने पर शीर्ष स्टार्ट-अप परिवेश के रूप में स्थान दिया गया है। इसमें आसानी से फंड जुटाने, आसान कर नीतियां आदि शामिल हैं। अमेरिका के 200 से ज्यादा संगठन अपने आधार चीन से भारत ले जाने पर विचार कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री बोले- भारत मक्खन व अन्य डेयरी उत्पाद नहीं करेगा आयात, दूध पर केरल-कर्नाटक में मनमुटाव

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि देश मक्खन और अन्य डेयरी उत्पादों का आयात नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू क्षेत्र की मदद से ही आपूर्ति में सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा, इसमें (डेयरी उत्पादों की कमी की खबरों में) कोई सच्चाई नहीं है। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के प्रभारी रूपाला ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, इन उप्पादों का कोई आयात नहीं होगा। उन्होंने कहा कि देश में दूध की कोई कमी नहीं है और सरकार नियमित रूप से निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा, मांग बढ़ी है। हमारे पास विशाल अप्रयुक्त क्षेत्र है, हम इसका दोहन करने की कोशिश करेंगे... हम इसका उचित तरीके से प्रबंधन करेंगे और चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने किसानों और उपभोक्ताओं से भी इस बारे में चिंता नहीं करने का आग्रह किया है। डेयरी उत्पादों की खुदरा कीमतों में वृद्धि पर मंत्री ने कहा कि कीमतों के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं।

केरल-कर्नाटक के बीच दूध की अनैतिक बिक्री पर मनमुटाव : वहीं दूसरी ओर अब तमिलनाडु के बाद केरल में भी दूध पर सियासत शुरू हो गई है। केरल सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (केसीएमएमएफ) जो अपने ब्रांड मिल्मा के नाम से जानी जाती है, ने कुछ राज्यों के दुग्ध विपणन महासंघों की अपने-अपने राज्यों के बाहर के बाजारों में आक्रामक तरीके से प्रवेश करने की प्रवृत्ति को अनैतिक करार दिया है।

कर्नाटक मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के अपने नंदिनी ब्रांड के दूध और अन्य उत्पादों को बेचने के लिए केरल के कुछ हिस्सों में अपने आउटलेट खोलने की आलोचना करते हुए मिल्मा ने कहा कि यह सहकारी भावना का पूरी तरह से उल्लंघन है जिसके आधार पर देश के डेयरी क्षेत्र को लाखों डेयरी किसानों के लाभ के लिए संगठित किया गया है। उन्होंने कहा, हाल के दिनों में कुछ राज्य दुग्ध विपणन महासंघों की ओर से अपने मुख्य उत्पादों को अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र से बाहर बेचने की प्रवृत्ति बढ़ी है। यह संघीय सिद्धांतों और उन सहकारी भावनाओं का घोर उल्लंघन करता है, जिसके आधार पर त्रिभुवनदास पटेल और डॉ वर्गीज कुरियन जैसे अग्रदूतों की ओर से देश के डेयरी सहकारी आंदोलन का निर्माण और पोषण किया गया है।

आईआईएसईआर भोपाल के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित विधि से तैयार सीओएफमेम्ब्रेन पानी से जहरीले मोलेक्यूल अलग करने में सक्षम होंगे

भोपाल, एजेंसी। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के शोधकर्ताओं ने डॉ. अभिजीत पात्रा के मार्गदर्शन में मोलेक्युलर सेपरेशन के लिए पोरस मेंब्रेन बनाने के मामले में बड़ी कामयाबी दर्ज की है। शोधकर्ताओं ने एक अभिनव प्रक्रिया विकसित की है जिससे फ्री-स्टैंडिंग क्रिस्टलीन नैनोपोरस ऑर्गेनिक फिल्में तैयार की जा सकती हैं जो पानी से जहरीले आर्गेनिक सूक्ष्म प्रदूषकों को अलग करने में सक्षम होंगी।

अध्ययन के विवरण जाने-माने जर्नल एंजवेन्डे चेमी में प्रकाशित किए गए हैं। यह शोध पत्र डॉ. अभिजीत पात्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, आईआईएसईआर भोपाल और उनके शोध विद्वान श्री अर्कप्रभा गिरी, श्री जी श्री राज और श्री तापस कुमार दत्ता ने मिल कर तैयार किया है।

उद्योग जगत में विभिन्न पदार्थों को अलग-अलग करने और शुद्ध करने के लिए मेम्ब्रेन सेपरेशन तकनीक का काफी चलन रहा है। इसके लिए आम तौर पर पोरस मटीरियल्स से मेंब्रेन बनाए जाते हैं। ये मेंब्रेन कितने कारगर होंगे यह निर्धारित करने में इनके छिद्रों का आकार एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए वैज्ञानिक वर्षों से विभिन्न प्रकार के पोरस मटीरियल्स पर शोध करते रहे हैं। हाल ही में को वैलेंट आर्गेनिक फ्रेमवर्क (सीओएफ) मेंब्रेन के माध्यम से सेपरेशन की बड़ी संभावना बन कर सामने आया है।

सीओएफदो आयामी या तीन आयामी क्रिस्टलीन पोरस आर्गेनिक पॉलीमर हैं जो अन्य पोरस मटीरियल्स की तुलना में विशिष्ट लाभदायक हैं क्योंकि उनकी संरचना और कार्यों की सटीक रूपरेखा सुनिश्चित की जा सकती है। हल्के वजन के इन मटीरियल्स में काफी ताप-स्थिरता है और ये हमेशा पोरस रहते हैं। इसलिए मेंब्रेन के माध्यम से पृथक्करण के लिए उत्कृष्ट विकल्प बनकर सामने आए हैं।

सीओएफ बनाने की प्रक्रियाओं पर पूरे विश्व में शोध जारी है। आईआईएसईआर भोपाल के शोधकर्ताओं ने एक आर्गेनिक इमाइन के जमोलेक्यूल को एक फ्री-स्टैंडिंग फिल्म में बदलने का कार्य प्रदर्शन किया है।ये फिल्में नैनोपोरस है यानी फिल्मों के पोर की मोटाई मनुष्य के एक बाल की चौड़ाई से एक लाख गुना कम हैं।

स्मार्टफोन यूज में ही नहीं एक्सपोर्ट में भी भारत बन रहा है हब

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में स्मार्टफोन के यूजर्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। तभी तो यहां एपल जैसी कंपनी ने अपने स्मार्टफोन का प्रोडक्शन शुरू किया है। इससे पहले शाओमी, सैमसंग और वीवो जैसी कंपनियां यहां प्लांट लगा चुकी है। ये कंपनियां पहले सिर्फ भारतीय बाजार के लिए प्रोडक्शन कर रही थी। लेकिन अब ये दुनिया भर के देशों के लिए बाजार के यहां स्मार्टफोन बना रहे हैं। अब वीवो को ही देखिए, इसने कहा है कि साल 2023 में वह 10 लाख से भी ज्यादा मेड इन इंडिया स्मार्टफोन का निर्यात करेगा। यदि भारत से ओवरऑल स्मार्टफोन के निर्यात की बात की जाए तो यह साल 2022-23 में दूना हो गया है।

एक्सपोर्ट हब बनने के लिए हे रहा है निवेश : वीवो इंडिया ने आज ही अपनी इंडिया इंपैक्ट रिपोर्ट का दूसरा एडिशन लॉन्च किया है। इसमें कंपनी ने बताया है कि वह 2023 में एक मिलियन से अधिक मेड इन इंडिया स्मार्टफोन निर्यात करने की राह पर है। इसने पिछले साल ही थाईलैंड और सऊदी अरब में अपना पहला मेड इन इंडिया स्मार्टफोन शिपमेंट भेजा था। यहां से एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए वीवो ने पहले ही 2,400 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मैन्युफैक्चरिंग कैपिसिटी में और बढ़ोतरी के लिए कंपनी ने साल 2023 के अंत तक 1,100 करोड़ रुपये का और निवेश किए जाने की योजना बनाई है। वीवो इंडिया के ब्रांड स्ट्रेटजी हेड योगेंद्र श्रीरामुला का कहना है कि कंपनी का भारत में 7,500 करोड़ रुपये की प्रस्तावित निवेश योजना है। इसके हिस्से के रूप में, वीवो 2023 के अंत तक ?3,500 करोड़ के पहले चरण के निवेश को पूरा करने के रास्ते पर है। इससे दिल्ली एनसीआर के ग्रेटर नोएडा में नई अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का निर्माण हो रहा है। 169 एकड़ में फैली इस फैसिलिटी में साल 2024 तक प्रोडक्शन होने लगेगा। इसके सभी चरण पूरा हो जाने के बाद वहां हर साल करीब 120 मिलियन स्मार्टफोन का प्रोडक्शन हो सकेगा।

इस साल 90 हजार करोड़ रुपये का हुआ है निर्यात : यदि साल 2022-23 पर नजर डालें तो इस साल करीब 90 हजार करोड़ रुपये (11.2 अरब डॉलर) के स्मार्टफोनों का निर्यात हुआ है। ऐसा पहली बार हुआ है जबकि भारत से स्मार्टफोन का एक्सपोर्ट 10 अरब डॉलर के पार गया है। यह पिछले साल के मुकाबले शत प्रतिशत की बढ़ोतरी है। हालांकि, इसमें भारत सरकार के प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव का भी बड़ा योगदान है। अभी तक स्मार्टफोनों के निर्यात में एपल और सैमसंग का ही दबदबा है। लेकिन चालू वित्त में इसमें थोड़ परिवर्तन होगा।

घरेलू बाजार में चाइनीज कंपनियों का दबदबा

यदि घरेलू स्मार्टफोन बाजार को देखें तो इसमें चाइनीज कंपनियों का दबदबा है। शाओमी, वीवो, ओप्पो और रियलमी जैसी कंपनियां स्मार्टफोन बाजार के करीब 75 फीसदी हिस्से पर काबिज हैं। सरकार का भी जोर है कि ये कंपनियां सिर्फ भारतीय बाजार में ही स्मार्टफोन नहीं बेचे बल्कि इसे दुनिया भर के बाजारों में भी बेचे। तभी तो इन कंपनियों ने अब एक्सपोर्ट पर ज्यादा ध्यान देना शुरू किया है।

2.12 करोड़ वाहनों की बिक्री यात्री गाड़ियों में 26.7 प्रतिशत तेजी, पिछले साल रही थी 1.76 करोड़

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश में वाहनों की बिक्री में लगातार तेजी बनी हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में सभी श्रेणी में कुल वाहनों की बिक्री 2.12 करोड़ रही जो उसके पहले के साल में 1.76 करोड़ रही थी। इसमें 20.36 प्रतिशत की वृद्धि रही है। चिप की कमी की समस्या सुलझने और एसयूवी की मांग बढ़ने से यात्री वाहनों की घरेलू बाजार में बिक्री 26.7 फीसदी बढ़कर 38,90,114 इकाई रही, जबकि 2021-22 में यह 30,69,523 इकाई थी। 2018-19 में 33.77 लाख यात्री वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री हुई थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बताया कि इस साल में ईंधन उत्सर्जन के नियमों के लागू होने और त्योहारी मौसम में मांग से गाड़ियों की बिक्री में तेजी बनी रही। दोपहिया वाहनों की बिक्री में 16.9 फीसदी की तेजी रही। इसकी बिक्री 2022-23 में 1.58 करोड़ रही जो 2021-22 में 1.35 करोड़ रही थी।

मार्च में 2.92 लाख थोक यात्री वाहन बिके

वाहनों की थोक बिक्री मार्च में 2,92,030 यूनिट पर पहुंच गई है। उसके पहले के साल में यह 2,79,525 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़कर 12.90 लाख रही। एक साल पहले 11.98 लाख थी। पिछले माह वाहनों की थोक बिक्री 16,37,048 इकाई रही, मार्च, 2022 में 15,10,534 वाहन बिके थे।

यूटिलिटी की ज्यादा मांग

वित्त वर्ष 2023 में यूटिलिटी वाहनों की 20,03,718 इकाई की बिक्री हुई जो एक साल पहले 14,89,219 यूनिट थी। इसमें 34.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यात्री वाहनों में इसकी हिस्सेदारी 51.5 प्रतिशत रही है। व्यावसायिक वाहनों की कुल 9,62,468 इकाई बिकी। छोटी कारों की बिक्री 57 प्रतिशत गिरी है जो वित्त वर्ष 2017 में अपने शीर्ष पर रही थी। एंट्री लेवल स्कूटर की बिक्री 27 प्रतिशत गिरी है। एंट्री लेवल मोटर साइकिल की बिक्री 38 फीसदी घटी है। 2018-19 में इसकी रिकॉर्ड बिक्री हुई थी।

श्रम बाजार में तीन तिमाही में 1.12 करोड़ को रोजगार

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) ने कहा कि भारत के श्रम बाजार में पिछले साल जुलाई से रोजगार में वृद्धि देखी गई है। पिछली तीन तिमाहियों में 1.5 करोड़ लोगों ने रोजगार तलाश किया, जिनमें से 75 प्रतिशत या 1.12 करोड़ से अधिक ने रोजगार प्राप्त किया। यह संकेत देता है कि काम करने के इच्छुक अधिक लोग रोजगार पाने में सक्षम हैं। दिसंबर, 2022 तिमाही में रोजगार 40.4 करोड़ से बढ़कर मार्च, 2023 तिमाही में 41.1 करोड़ हो गया। इससे मार्च 2023 की तिमाही में रोजगार दर बढ़कर 36.9 प्रतिशत हो गई, जो दिसंबर 2022 की तिमाही में 36.6 प्रतिशत थी।

कमजोर हाजिर मांग से बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बाद कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने के कारण वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को बिनौला तेल खली की कीमत 35 रुपये की गिरावट के साथ 2,724 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के अप्रैल माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 35 रुपये यानी 1.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,724 रुपये प्रति क्विंटल रह गई जिसमें 6,430 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच मौजूदा स्तर पर कारोबारियों की बिकवाली से यहां बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट आई।

वीवो ग्रेटर नोएडा में करेगी 1100 करोड़ का निवेश, अगले साल तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी। स्मार्टफोन बनाने वाली वीवो ग्रेटर नोएडा में अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने पर 1,100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे अगले साल तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा, परियोजना पूरी होने के बाद यहां से 12 करोड़ मोबाइल फोन का निर्माण हो सकेगा। इसने कहा कि इस साल में वह भारत में बने 10 लाख मोबाइल फोन का निर्यात करने की योजना पर काम कर रही है। पिछले साल इसने पहली खेप सऊदी अरबिया और थाईलैंड में भेजी थी। इस साल के अंत तक कंपनी अपने 7,500 करोड़ के निवेश के पहले चरण के रूप में 3,500 करोड़ रुपये को पूरा करेगी जिसमें 2,400 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही कर चुकी है। देश की कंपनियों का राजस्व चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान आधा रह सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में कहा है कि इस दौरान कंपनियों के राजस्व में 10-12 फीसदी की वृद्धि हो सकती है, जो 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 22.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 10 फीसदी कम रह सकती है। क्रिसिल ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में इन कंपनियों का राजस्व 19-21 फीसदी तक बढ़ सकता है जो 2021-22 के पूरे साल में 27 फीसदी की दर से बढ़ा था। इनके परिचालन मार्जिन में तीन फीसदी की गिरावट आ सकती है। क्रिसिल ने 47 सेक्टर की कुल 300 कंपनियों की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी है।

दिग्गज बल्लेबाज हेडन ने माना

अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट पर रहेगा शुभमन गिल का दबदबा

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि बड़े स्कोर बनाने की अपनी काबिलियत के कारण शुभमन गिल का अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट में दबदबा रहेगा। इस 23 वर्षीय अभी तक टेस्ट मैचों में दो, वनडे में चार और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगा चुके हैं। उनकी 49 गेंदों पर खेली गई 67 रन की शानदार पारी से गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया।

हेडन उन कई लोगों में शामिल हैं जो गिल के खेल पर नियंत्रण बनाए रखने के कौशल से प्रभावित हैं। हेडन ने कहा, 'गुजरात टाइटंस को पंजाब किंग्स के अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी ऐसे बल्लेबाज की जरूरत थी जो जिम्मेदारी संभालकर आखिर तक टिका रहे और शुभमन गिल ने यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई। उन्होंने कहा, 'उसके कुछ शॉट ने आंखों को सुकून पहुंचाया। वह इतना अच्छा खिलाड़ी है के अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट में उसका दबदबा रहने वाला है।

जीत के बाद हार्दिक पांड्या को लगा झटका, धीमे ओवर के कारण लगा भारी जुर्माना

मोहाली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिये 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल का लक्ष्य मैच को तीन घंटे 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण मैच चार घंटे से अधिक समय तक खिंच रहे हैं। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, 'यह टीम का आईपीएल आचार संहिता के तहत धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध है इसलिए उसके कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है।

मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इस मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया था। यह उसकी इस सत्र की तीसरी जीत है जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स चार मैचों में चार अंक लेकर छठे स्थान पर है।

साइ के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा: अनुराग ठाकुर

हमीरपुर (एजेंसी)। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि हमीरपुर में खेलों की अपार संभावनाएं हैं और हिमाचल प्रदेश के इस जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

हमीरपुर के रहने वाले ठाकुर ने अनु में साइ के एनसीओई में बैडमिंटन कोर्ट, मैट हॉल, जूडो हॉल और मुक्केबाजी हॉल का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही।ठाकुर ने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र में आधुनिक सुविधाएं होने पर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र का विस्तार किया जाएगा और यदि जमीन उपलब्ध होती है तो यहां कम से कम 20 खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं तथा छात्रावास की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया पहल के तहत अगले पांच वर्षों में खेल सुविधाओं पर लगभग 3200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

आज बल्लेबाजी में सुधार करने उतरेगा पंजाब

शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश करेगा लखनऊ सुपरजाइंट्स

लखनऊ (एजेंसी)। बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पिछले दो मैच गंवाने वाली पंजाब किंग्स की टीम लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में इस विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगा। पंजाब ने पहले दोनों में जीतकर इस सत्र की शानदार शुरुआत की थी लेकिन बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहने के कारण उसे पिछले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान शिखर धवन के अलावा उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज उपयोगी योगदान नहीं दे पा रहा है। पंजाब के कम स्कोर का मुख्य कारण बीच के ओवरों में तेजी से रन नहीं बना पाना है।

इसके अलावा टीम काफी गेंदों को खाली छोड़ रही है। पिछले मैच में ही उसने 56 गेंद खाली छोड़ी थी जिसमें टीम को सुधार करने की जरूरत है। धवन ने पहले तीन मैचों में 40, नाबाद 86 और नाबाद 99 रन की पारियां खेली थी लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन इसके बाद वह नाकाम रहे। मैथ्यू शॉर्ट और जितेश शर्मा अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे हैं। बल्लेबाजों ने जहां पंजाब की टीम को निराश किया है वही अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने अच्छा खेल दिखाया है। वह अर्शदीप और इंग्लैंड के सैम कुरेन थे जो गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में अपेक्षाकृत कम स्कोर का बचाव करते हुए मैच को आखिरी गेंद तक ले गए थे। स्पिनरों में हरप्रीत बरार और राहुल चाहर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो वह इस मैच में जीत की हैट्रिक पूरी करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने की कोशिश करेगा।

लखनऊ के कप्तान केएल राहुल रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं लेकिन उसके अन्य खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में जहां करुणाल पंड्या ने ऑलराउंड खेल दिखाया वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ पिछले मैच में निकोलस पूरन की 19 गेंदों पर 62 रन की पारी की मदद से टीम ने बड़ा लक्ष्य हासिल किया था। लखनऊ की बल्लेबाजी संतुलित नजर आती है जिसमें सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स के अलावा मध्यक्रम में मार्कस स्टोइनिस, पूरन और आयुष बडोनी भी उपयोगी योगदान दे रहे हैं। दीपक हुड्डा हालांकि अभी तक असफल रहे हैं। गेंदबाजों में मार्क वुड और आवेश खान ने तेज गेंदबाजी विभाग का जिम्मा बखूबी संभाला है जबकि स्पिनरों में रवि बिश्नोई, अमित मिश्रा और पंड्या ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है।

टीम इस प्रकार हैं

पंजाब किंग्स- शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, गुरनूर बराड़, हरप्रीत बराड़, हरप्रीत सिंह, विद्वाथ कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबाडा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा, अथर्व तायदे।

लखनऊ सुपरजाइंट्स- केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

शानमुखा पुल्ली ने टाईब्रेकर के बाद खिताब जीता

मुंबई (एजेंसी)। आठवें वरीय शानमुखा पुल्ली ने गुरूवार को यहां छठी फिडे रेटिंग शतरंज चैम्पियनशिप में खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में

कई उतार चढ़ाव देखने को मिले और शानमुखी के खिताब की दौड़ में शामिल होने की उम्मीद भी नहीं थी। अंतिम दौर में उन्होंने बीती रात के संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे खिलाड़ी के तौर पर प्रबल दावेदार अर्णव खेरेडकर के साथ शुरुआत की। आंध्र के 24 वर्षीय पुल्ली ने दर्श शेट्टी के साथ ड्रा खेला और इस तरह वह तीन खिलाड़ियों के साथ टाईब्रेकर में पहुंच गये। अर्णव आईएम वीरामादित्य कुलकर्णी से हार गये जबकि आयुष शिरोडकर को सौरभ खेडेकर ने हरा दिया।कुलकर्णी, खेडेकर और पुल्ली सभी के नौ में 7.5 अंक रहे। फिर टाइब्रेकर में पुल्ली ने बाजी मारी और वह टूर्नामेंट के चैम्पियन घोषित किये गये। उन्हें ट्राफी के साथ 75,000 रूपये का नकद पुरस्कार मिला। कुलकर्णी को दूसरे स्थान और खेडेकर को तीसरे स्थान का पुरस्कार मिला।

मांजरेकर की पंजाब किंग्स को सलाह, ...तो शायद हम बेहतर प्रदर्शन देख सकते हैं

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि पंजाब किंग्स की नीलामी सबसे अच्छी थी, लेकिन आईपीएल 2023 में उनसे प्रदर्शन नहीं कर रहा है। पीबीकेएस ने अपने अभियान की शुरुआत दो जीत के साथ की थी, लेकिन तब से लगातार मैच हारे हैं और अंक तालिका में छठे स्थान पर हैं। मांजरेकर ने कहा कि वह पीबीकेएस खिलाड़ियों को आनंद लेते हुए नहीं देखते हैं जबकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि उन्होंने सबसे अच्छी नीलामी होने के बावजूद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। पीबीकेएस ने अपने शुरुआती दो मैचों में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को हराया लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अगले दो मैच हार गए।

मांजरेकर ने कहा, अगर आप गुजरात टाइटन्स को देखते हैं तो आराम से खेलने और खेल का आनंद लेने का दृष्टिकोण कुछ ऐसा है जो हम पंजाब में नहीं देखते हैं। और ऐसा सालों से होता आ रहा है। एक समय मुझे लगा कि पंजाब किंग्स की नीलामी सबसे

अच्छी है, लेकिन प्रदर्शन नहीं हो रहा है। मांजरेकर ने कहा कि पीबीकेएस के खिलाड़ी दबाव में दिख रहे हैं और अगर बिना दबाव के खेलने की कोशिश की जाए तो हम उनसे बेहतर प्रदर्शन देख सकते हैं।

पूर्व क्रिकेटर ने कहा, अगर आप देखते हैं कि सैम करन और भानुका राजपक्षे ने उससे पहले ने कैसे बल्लेबाजी की, ऐसा लगता है कि हर कोई दबाव में खेल रहा है। वे आनंद नहीं ले रहे हैं। अगर वे आराम करते हैं और बिना दबाव के खेलते हैं, तो शायद हम उनसे बेहतर प्रदर्शन देख सकते हैं। मांजरेकर ने कहा, हर टीम अपना वातावरण बनाती है। सीएसके के लिए मंत्र है, धोनी संभाल लेंगे। दूसरों को बस अपना काम करने की जरूरत है।

उन्होंने आगे कहा, गुजरात टाइटंस की बात करें तो उन्होंने तेज दिमाग वाले खिलाड़ियों को चुना है। उनके कप्तान और कोच स्ट्रीट-स्मार्ट क्रिकेटर हैं। पंजाब के राजाओं को एक ऐसी संस्कृति स्थापित करने की आवश्यकता है जिसके साथ उनकी पहचान हो। मुख्य विशेषता क्या होगी? यही उन्हें पता लगाने की जरूरत है। गुजरात के खिलाफ हारने के बाद पंजाब किंग्स 14 अप्रैल को एकाना स्टेडियम में केएल राहुल की लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ने के बाद जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी।

अब केकेआर को हराना मुश्किल

टीम से जुड़ा मां दुर्गा का भक्त, एक ने जड़े 25 गेंदों में 110 रन

कोलकाता (एजेंसी)। आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स बड़े मैच जीतने में सफल हो रही है। टीम अभी तक खेले 3 मैचों में 2 जीत चुकी है। उन्होंने अपने आखिरी मैच में गुजरात टाइटंस को हराया था, जहां रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर की आखिरी 5 गेंदों पर लगातार छक्के लगाते हुए टीम को जीत दिलाई थी। केकेआर के पास बड़े हिटरों की कमी नहीं है, लेकिन अब ये टीम और भी ज्यादा मजबूत हो चुकी है क्योंकि उनके साथ दो बड़े सितारे जुड़ चुके हैं।

इसमें एक खिलाड़ी मां दुर्गा का भक्त है तो दूसरा चौकों-छक्कों की मदद से पीएसएल में महज 25 गेंदों में 110 रन बना चुका है। केकेआर को अब अपना मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलना है। इस मैच से पहले टीम की ताकत दोगुनी हो गई है। टीम से जुड़ने वाले दो नए खिलाड़ी इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जेसन रॉय और बांग्लादेश के पावर हिटर लिटन दास हैं। इन दोनों ही बल्लेबाज हैदराबाद के खिलाफ मैच से पहले नेट सेशन पर पसीना बहाते भी नजर आए। लिटन दास अक्सर माता रानी के पंडाल और सरस्वती माता के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। वहीं इन फोटो की वजह से उन्हें काफी ज्यादा ट्रोल भी किया जाता है। लेकिन, इन सब के बावजूद भी वह माता में अपनी भक्ति को बनाए रखे हैं।

हो सकता है ये बदलाव

अह जेसन के आने से केकेआर अपनी ओपनिंग जोड़ी में बदलाव करता है। अभी तक तीनों ही मुकाबलों में रहमानुल्लाह गुरबाज के साथ पारी की शुरुआत अलग-अलग बल्लेबाजों ने की, लेकिन अब जेसन रॉय पारी उनके साथ शुरुआत कर सकते हैं। रॉय मिनी ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे, लेकिन केकेआर ने शाकिब अल हसन और श्रेयस अय्यर के बाहर होने की वजह से रिप्लेसमेंट प्लेयर के तौर पर उन्हें अपने साथ जोड़ा। वह बायो-बबल के कारण पिछला सीजन नहीं खेल पाए थे। वहीं पाकिस्तान सुपर लीग में क्वेटे ग्लैडिएटर्स की तरफ से खेले थे और उन्होंने एक मैच में बाबर आजम की टीम पेशावर जाल्मी के खिलाफ 63 गेंद में 145 रन बनाए थे। इस दौरान जेसन रॉय ने 20 चौके और 5 छक्के उड़ाए थे। यानी चौके-छक्कों से ही 25 गेंद में 110 रन ठोक डाले थे।

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर जेस जोनासेन ने अपनी दोस्त सारा गुडरहैम से की शादी

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला खिलाड़ी जेस जोनासेन ने 14 अप्रैल को सारा गुडरहम के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उन्होंने इसकी पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें भी साझा की। विशेष रूप से युगल ने 2018 में सगाई की थी और 2020 में शादी करने का वादा किया लेकिन कोविड-19 के कारण योजनाओं को स्थगित कर दिया था।

विशेष रूप से 30 वर्षीय को सफेद शर्ट और ऑफ-व्हाइट पैंट पहने देखा गया था जबकि सारा ने ग्रे ब्लेजर के साथ सफेद शर्ट और सफेद पैंट पहनी थी। तस्वीरों को साझा करते हुए जोनासेन ने अपने लंबे समय के सबसे अच्छी दोस्त से शादी करने की बात की और लिखा, आश्चर्य!! तीसरी बार भाग्यशाली - अंत में सबसे अच्छी दोस्त से शादी कर ली। 6 अप्रैल का मेरे दिल में हमेशा एक खास स्थान रहेगा।

इस बीच प्रसिद्ध प्रस्तोता नेरोली मीडोज जो वर्तमान में आईपीएल 2023 प्रसारण टीम का हिस्सा हैं, ने नए जोड़े को बधाई दी है। जेस जोनासेन ने डब्ल्यूपीएल 2023 के उद्घाटन में शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। जब महिला प्रीमियर लीग की बात आती है तो टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में ऑलराउंडर की दिल्ली कैपिटल्स के लिए महत्वपूर्ण भूमिका थी। मेग लैनिंग के नेतृत्व वाली टीम के लिए नौ मैचों में जेस



ने 79 रन बनाए और 9 विकेट भी लिए। वह टूर्नामेंट के संयुक्त 10वीं प्रमुख विकेट लेने वाली प्लेयर भी बनी। हाल ही में क्रिकेटर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ अपने नए अनुबंध पर भी हस्ताक्षर किए। भले ही इसका ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन समझा जाता है कि जेस ने पूरे सीजन में अपनी उपलब्धता को देखते हुए एक बड़ा सौदा किया है। अगली बार उनके एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने की उम्मीद है। एकमात्र टेस्ट 22 जून से शुरू होगा जबकि टी20 सीरीज 1 जुलाई से शुरू होगी। इसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज 12 जुलाई से शुरू होगी।

इंस्टा मॉडल ने बढ़ाई पृथ्वी शॉ की मुश्किलें, बॉम्बे हाईकोर्ट ने लिया कड़ा 'एक्शन'

मुंबई (एजेंसी)। इंस्टा मॉडल सपना गिल ने भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शॉ का सपना गिल के साथ सेल्फी विवाद हुआ था जो अब भी उनका पीछा नहीं छोड़ रहा। अब इस मामले में मुंबई हाईकोर्ट ने पृथ्वी शॉ सहित कुल 11 लोगों को इस मामले में नोटिस भेजा है।

शॉ इस समय आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं। उनका प्रदर्शन वैसे भी खराब चल रहा है और इस बीच कोर्ट ने सपना गिल द्वारा की गई शिकायत पर एक्शन लेते हुए शॉ समेत अन्य पर उस एफआईआर को लेकर नोटिस भेजा है, जो सपना गिल के खिलाफ की गई थी। दरअसल, शॉ ने एफआईआर दर्ज करवाई थी कि सपना गिल और उनके दोस्तों ने हमला किया और उनके साथ मारमीट की है। वहीं अब सपना ने शिकायत की है कि उन्होंने उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

मॉडल सपना गिल ने शॉ के खिलाफ मुंबई में एक शिकायत दर्ज कराई थी। सपना गिल ने अपनी शिकायत में पृथ्वी शॉ और उनके दोस्त आशीष सुरेंद्र यादव को आरोपी बनाया है। उसने छेड़छाड़ का आरोप लगाया, साथ ही सरकारी अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट भी शामिल की है। शॉ के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 509 और 324 के तहत शिकायत दर्ज की गई थी। इसी याचिका के आधार पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने पृथ्वी शॉ सहित 11 लोगों को नोटिस भेजा है।

आखिर क्या है मामला?

बता दें कि शॉ अपने दोस्तों के साथ फरवरी में एक होटल में खाना खाने गए थे, जहां उनका सपना गिल के साथ उनका विवाद हो गया था। शॉ और सपना गिल के बीच हुई बहस व हाथापाई का वीडियो भी सामने आया था। मामले पर पृथ्वी शॉ के वकील ने कहा था कि सपना गिल शॉ के साथ सेल्फी लेना चाहती थीं, लेकिन शॉ ने सेल्फी लेने से मना कर दिया। इसके बाद सपना ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर बाद में क्रिकेटर से बहस की। शॉ के कहने पर पुलिस ने सपना गिल सहित आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। सपना गिल ने भी पृथ्वी शॉ के खिलाफ कई आरोप लगाए थे और पहले भी मामला दर्ज कराया था, लेकिन अब सपना गिल ने नई शिकायत दर्ज कराई है।

राज्य में लागू आचार-संहिता के बावजूद बरामद हुई एक करोड़ की अवैध नकदी, दो आरोपी गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी।
कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तारीख सामने आने के बाद चुनाव आयोग अवैध धन और अन्य सामान के परिवहन पर लगाम लगाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी आज करोड़ों का धन अर्जित किया गया। दरअसल बेंगलुरु शहर के एसजे पार्क थाना पुलिस ने एक ऑटो से एक करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है और उन्होंने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान सुरेश और प्रवीण के रूप में हुई है। दोनों आरोपी ऑटो रिक्शा में रखे एक? करोड़ की अवैध नकदी के साथ गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक के दोनों एचडी पार्क में कॉलिंगाराल बस स्टैंड के पास एक ऑटो से आ रहे थे। तभी चेक पोस्ट के पास पुलिस ने उन्हें रोका और तलाशी लेने पर ऑटो से एक करोड़ रुपये की की अवैध नकदी बरामद हुई।

जब पुलिस ने दोनों से नकदी से संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा तो उन्होंने कोई भी दस्तावेज विश नहीं किया। पुलिस ने बताया कि दोनों के पास पैसे से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने कहा कि दोनों ही आरोपियों को हिरासत में ले

लिया गया है और पुलिस ने सभी धनराशि जब्त कर ली है और उसे आयकर विभाग को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने यह भी कहा कि इस मामले में आगे की जांच चल रही है। इससे पहले 6 अप्रैल को कुल 50 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई थी। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा, पुलिस ने गडग जिले के दुंदूर चेक पोस्ट पर एक कार से दिन में 50 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी जब्त की थी।

कर्नाटक में विधानसभा चुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू है जिसमें उचित दस्तावेजों के बिना बड़ी मात्रा में नकदी ले जाने की अनुमति नहीं है। लेकिन तब भी लाखों-करोड़ों की नकदी बरामद की जा रही है। बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव 10 मई को एक चरण में आयोजित किए जाएंगे। तो वहीं, मतगणना 13 मई को होनी है।

हवा में जहर घोल रहे जुगाड़ वाहनों का सर्वे कराएगी डीपीसीसी

नई दिल्ली, एजेंसी।
प्रदूषण से जंग में अब दिल्ली की हवा में जहर घोल रहे जुगाड़ वाहन भी निगरानी और कार्रवाई की जद में आएंगे। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने ऐसे सभी वाहनों का सर्वे कराने का निर्णय लिया है।

इस सर्वे के दौरान इनकी संख्या और इनसे होने वाले वायु प्रदूषण दोनों का आंकलन किया जाएगा। तत्पश्चात सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही इस दिशा में नियम कायदे बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

गौरतलब है कि राजधानी में जहां तहां दोपहिया वाहनों के इंजन लगा कर सवारी रिक्शा और माल ढोने वाली रिक्शा दौड़ती नजर आ जाती हैं। निगरानी तंत्र से बाहर होने के कारण आमतौर पर न इनके विरूद्ध कोई कार्रवाई होती है और न ही इनसे होने वाले प्रदूषण का पता चल पाता है। जुगाड़ वाहनों की आड़ में उन दोपहिया वाहनों का इंजन भी इस्तेमाल में लाया जा रहा है, जिनकी उम्र पूरी हो चुकी है। ऐसे में एक तो उम्रदराज इंजन होने के चलते और दूसरा इनमें गंदा ईंधन उपयोग करने से यह जुगाड़ वाहन खूब धुआं भी छोड़ते चलते हैं और हवा को प्रदूषित करते हैं। डीपीसीसी अधिकारियों के मुताबिक इन वाहनों को कहीं जुगाड़, कहीं चौधरी, जुगनू और राधे- राधे के नाम से भी पुकारा जाता है। डीपीसीसी की मानें तो इन वाहनों का उपयोग विभिन्न बाजारों में भी देखने को मिल जाता है। अधिकारियों के मुताबिक सर्वे के दौरान यह भी देखा जाएगा कि इनमें किस तरह के वाहन का इंजन लगा है, उसे किस तरह के ईंधन पर चलाया जा रहा है और उससे किस किस्म का कार्बन उत्सर्जन हो रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दिल्ली में सामान्य तौर पर होने वाले वायु प्रदूषण में एक बड़ा कारक वाहनों से निकलने वाला धुआं भी है। सफर इंडिया द्वारा किए गए एक आंकलन के अनुसार इस धुएं से लगभग 40-42 प्रतिशत तक प्रदूषण होता है। हालांकि, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उपाय किए भी जा रहे हैं, लेकिन नियमों का मखौल बनाकर चल रहे जुगाड़ वाहनों पर नकेल कसी जानी भी जरूरी है।

कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन, स्कूल-कॉलेज समेत सार्वजनिक जगहों पर मास्क लगाना अनिवार्य

नोएडा, एजेंसी।
स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, शापिंग मॉल के साथ सार्वजनिक जगह पर मास्क लगाना जरूरी हो गया है। रेलवे और बस स्टेशनों के गेट पर यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। शहर में हर दिन कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। संक्रमण के बढ़ते मामले देखकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइन जारी करते हुए सभी जगह मास्क लगाना जरूरी कर दिया है। पहले सिर्फ सरकारी और निजी अस्पतालों में मास्क लगाना जरूरी था। गुरुवार को मिले संक्रमितों में पॉजीटिविटी रेट 6.60 प्रतिशत का रहा। सर्दी, जुकाम, बुखार या फ्लू के लक्षण दिखाई देने पर मरीज को क्वारंटीन रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सरकारी और निजी अस्पतालों के लिए भी कोविड प्रोटोकॉल अनिवार्य किया गया है। बिना मास्क प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा। साथ ही फीवर हेल्प डेस्क और कोविड हेल्पडेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अस्पतालों के पंजीकरण काउंटरों और दवा काउंटरों पर शारीरिक दूरी का अनुपालन कराते हुए कतार लगाने के निर्देश दिए गए हैं। शादी समारोह एवं अन्य आयोजनों में भी मास्क की अनिवार्यता और शारीरिक दूरी का अनुपालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सिनेमा हाल में 50 प्रतिशत

आंबेडकर जयंती पर केजरीवाल ने बाबा साहब को किया नमन, बोले- मैं कहता हूं आपके बच्चों को पढ़ा दूंगा...

नई दिल्ली, एजेंसी।
डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर विधानसभा में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल साथ में विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल। उन्होंने बाबा साहब को याद करते हुए कहा- बाबा साहब ने कितनी डिग्री ले रखी हैं। विदेश में पढ़ाई कर रखी है। सबसे ज्यादा तवज्जों उन्होंने शिक्षा को दी। अगर, हमने बच्चों को शिक्षित कर दिया सब कुछ कर दिया है। शिक्षा किसी भी परिवार को पूरी तरह बदलने का काम करती है।

उन्होंने आगे कहा कि जब मैं एनजीओ चलाता तो देखता था कि सरकारी स्कूलों का बुरा हाल था। हम बच्चों को नौकरी भी नहीं बिजनेस करना दूर कर दूंगा। मैं यह नहीं कहता गरीबी दूर कर दूंगा। मैं कहता हूं आपके बच्चों को पढ़ा दूंगा वो आपकी गरीबी दूर कर देंगे। अब निगम के स्कूल भी ठीक करने है। निगम आम आदमी जिंदगी को प्रभावित करता है। दिल्ली को साफ करना है। दिल्ली को चमकाना है। ये ही कर्मचारी साल दो साल के अंदर कमाल करके दिखाएंगे। जिन शिक्षकों को लोग कोसते थे आज उन्होंने शिक्षा क्रांति ला दी। आज जब में बच्चों से बात करता हूं तो बच्चे स्कूल में सुधार के साथ टीचर की तारीफ करते हैं। आज यही एमसीडी अधिकारी कमाल करके दिखा देंगे नेगेटिव चीजे खत्म करना है। हमें सबकी मदद से काम करना है। मॉडल आरडब्ल्यूए अवॉर्ड होना चाहिए । बेस्ट पार्क, बेस्ट सफाई कर्मचारी। एक सेनेटेरी इंसपेक्टर। अब आना जाना लगा रहा करेंगे। पहली बार सिविक सेंटर आया हूं।

दिल्ली में मुफ्त बिजली पर संकट, एलजी ने रोकी बिजली सब्सिडी की फाइल

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार की बिजली मंत्री आतिशी ने प्रेस वार्ता में कहा कि उपराज्यपाल द्वारा फाइल को मंजूरी नहीं देने के कारण दिल्ली के 46 लाख परिवारों की बिजली सब्सिडी रुक जाएगी। दिल्ली की जनता द्वारा चुनी हुई अरविंद केजरीवाल सरकार दिल्लीवासियों को प्रति माह दो सौ यूनिट तक निशुल्क और 201 से चार सौ तक 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है।

वकीलों, किसानों, 1984 के सिख विरोधी दंगे के पीड़ित परिवारों को भी बिजली सब्सिडी दी जाती है। सोमवार से उपभोक्ताओं को भेजे जाने वाले बिजली बिल में कोई सब्सिडी नहीं रहेगी। अरविंद केजरीवाल सरकार ने कैबिनेट में इस वित्त वर्ष में भी सब्सिडी देने का निर्णय लिया था, लेकिन उपराज्यपाल उस फाइल को लेकर बैठ गए हैं। उपराज्यपाल के पास फाइल भेजी गई थी, वहां से फाइल वापस नहीं आने तक सब्सिडी का पैसा सरकार जारी नहीं कर सकती है। पैसे होने के बाद भी सरकार लोगों को सब्सिडी नहीं दे सकेगी। शुक्रवार सुबह टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड और उसके बाद बीएसईएस की दोनों कंपनियों ने उनके पास पत्र लिखकर कहा है कि उसके पास सब्सिडी की कोई सूचना नहीं है।

बिजली सब्सिडी पर सरकार और एलजी में फिर तकरार, आतिशी ने उपराज्यपाल को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी।
राजधानी में बिजली सब्सिडी को लेकर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच एक बार फिर तनातनी शुरू हो गई है। ऊर्जा मंत्री आतिशी बिजली सब्सिडी के मुद्दे पर चर्चा के लिए उपराज्यपाल से समय न मिलने का आरोप लगा रही हैं, वहीं राजनिवास ने ऊर्जा मंत्री को भ्रामक सूचना देने के लिए उनके दावे को गलत ठहराया है।

आतिशी ने गुरुवार को एलजी वीके सक्सेना से राजधानी के उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली सुविधा देने के लिए जरूरी मुद्दों पर चर्चा के लिए पत्र लिखकर उनसे मिलने का समय मांगा। उनकी ओर से टालमटोल किए जाने से आतिशी नाराज हो गई और उन्होंने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि वह गुरुवार को पूरे दिन, बार-बार राजनिवास से जरूरी मामले पर एलजी से मिलने के लिए समय मांगती रहीं।

एलजी का समय काफी कीमती है, इसलिए उन्होंने उनसे केवल पांच मिनट का समय मांगा था। बकौल आतिशी, अपराह्न तीन बजे के बाद उनके कार्यालय को सूचित किया गया कि एलजी आज उपलब्ध नहीं हैं। शाम 5.45 बजे उन्होंने फिर से समय मांगा, लेकिन उनके कार्यालय को सूचित किया गया कि मामला एलजी के सामने रखा गया है और इसके बारे में उन्हें बाद में सूचित किया जाएगा। आतिशी ने कहा, यह आपातकालीन स्थिति है, जब लाखों उपभोक्ताओं को उनकी बिजली सब्सिडी नहीं मिल सकती है। कारण, इस मुद्दे पर कैबिनेट के फैसले वाली फाइल एलजी कार्यालय से वापस नहीं मिली है। जैसा कि सरकार को अंदेशा था कि भाजपा दिल्ली के लाखों घरों को दी जाने वाली बिजली सब्सिडी बंद करने की कोशिश कर रही है और अब लग रहा है कि वास्तव में यही होने वाला है। उन्होंने कहा कि एलजी से फाइल को तुरंत वापस लौटाने का अनुरोध करना चाहती हूं, ताकि लाखों परिवारों को परेशानी न हो। इस मामले में राजनिवास अधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि फिर से ऊर्जा मंत्री द्वारा भ्रामक और झूठे बयान दिए जा रहे हैं। उनके कार्यालय से गुरुवार दोपहर 12-26 बजे एक अनुरोध प्राप्त हुआ है और इस पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।

घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ व मारपीट

जेवर, एजेंसी। कस्बा के एक मोहल्ला के रहने वाले युवक ने कस्बे के ही रहने वाले दो युवकों पर घर में घुसकर अपनी बहन के साथ छेड़छाड़व व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि कस्बा जेवर के एक मोहल्ला के रहने वाले युवक ने शिकायत में बताया कि मोहल्ले के ही रहने वाले दो युवक चार दिन पूर्व उसके घर में घुस गए व उसकी बहन के साथ छेड़छाड़व की। युवती के कपड़े फाड दिए। शोर सुनकर युवती का भाई व अन्य लोग वहां पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपित कासिम व जुनैद भाग गए। भागते हुए आरोपितों ने धमकी दी कि उसकी बहिन की फोटो व वीडियो रिकार्डिंग उनके पास है अगर किसी से शिकायत की तो उसकी बहन के ऊपर तेजाब डाल देंगे।

सोहना में सरिया, हथौड़े और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वारकर युवक की हत्या, रंजिश का बताया जा रहा मामला

सोहाना, एजेंसी। पलवल के गांव असावता से सोहना स्थित लाखूवास गांव के फार्म हाउस पर घूमने आए एक युवक की बुधवार को बेरहमी से हत्या कर दी गई। 12 से ज्यादा लोगों ने उस पर सरिया, हथौड़े और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किये। मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आठ नामजद समेत 12 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की तीन टीमें आरोपितों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार पलवल के गांव असावता निवासी 28 वर्षीय ज्ञानेंद्र अपने भाई ललित के साथ सोहना-पलवल रोड पर स्थित लाखूवास गांव के एक परिचित के फार्म हाउस पर घूमने आया था। इनकी रेकी की जा रही थी।

ललित ने बताया कि बुधवार शाम करीब छह बजे फार्म हाउस से बाहर निकले ही थे कि तीन चार गाड़ियां उनके पास आकर रुकीं। वाहनों से 12 से ज्यादा लोग कुल्हाड़ी, सरिया और हथौड़ा लेकर निकले। उन्होंने उतरते ही ज्ञानेंद्र पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। सभी आरोपित ज्ञानेंद्र को अधमरा कर फरार हो गए। ललित ने स्वजनों और पुलिस को इसकी सूचना दी। स्वजन घायल ज्ञानेंद्र को पहले सोहना और फिर गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल लेकर गए। यहां इलाज के दौरान रात में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं स्वजनों ने पोस्टमार्टम में देरी होने पर पुलिस पर लापरवाही का आरोप भी लगाया।

पाकिस्तान में चुनाव के लिए अब अमेरिका की शरण में इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अब अपने देश में चुनाव करवाने के लिए अमेरिका की शरण में पहुंच गए हैं। उनकी पार्टी के मुताबिक इमरान ने अमेरिकी प्रशासन से फन पर बात की है और कहा है कि किसी तरह से निष्पक्ष चुनाव करवा दिए जाएं। अमेरिका के चार सांसदों ने यह बात मानी है कि इमरान खान अपने पुराने बयानों पर माफी मांगना चाहते हैं और संबंध ठीक करना चाहते हैं । पीटीआई चेयरमैन (ओवरसीज) आतिफ खान ने पाकिस्तानी अखबार डॉन को बताया कि देश को स्थिर करने के लिए निष्पक्ष चुनाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की मीडिया, कांग्रेस और प्रशासन तीनों से निवेदन है कि किसी तरह से पाकिस्तान के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की जाए। इमरान खान की पार्टी की तरफ से यह भी कहा गया कि बाइडेन प्रशासन को मौजूदा सरकार के साथ साझेदारी नहीं करना चाहिए। इमरान खान पहले भी कह चुके हैं कि वह अमेरिका के लिए जो कुछ भी बुरा-भला बोलते थे वह पूर्व सेना प्रमुख जनरल बाजवा के इशारे पर कहते थे। वह बार- बार अमेरिका से माफी मांगते हैं। इमरान खान ने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान में सरकार को अस्थिर करने में अमेरिका का हाथ है। अब वह अपने बयान पर माफी मांगते हैं। उनकी पार्टी ने अमेरिका में पेड लॉबिइस्ट हायर किए हैं जिससे कि किसी तरह बाइडेन प्रशासन से उनके संबंध ठीक हो सकें। इमरान खान किसी तरह जताना चाहते हैं कि उनकी पार्टी और इसके नेता अमेरिका के खिलाफ नहीं हैं। इमरान खान कई बार अमेरिकी सांसदों से बात कर चुके हैं। वह बार-बार पाकिस्तान में मानवाधिकारों के हनन और कानून व्यवस्था का हवाला देते रहते हैं। उन्होंने पाकिस्तानी विदेश मंत्री ब्लिंकन से भी गुजारिश की कि अमेरिकी प्रशासन पाकिस्तान कि व्यवस्था में दखल दे।

सेना के दस्तावेज लीक होने के मामले में 'गार्ड्समैन से पूछताछ करना चाहती है एफबीआई

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में गोपनीय सैन्य दस्तावेज लीक होने के सिलसिले में संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) मैसाचुसेट्स एयर नेशनल गार्ड के 21 वर्षीय एक सदस्य से पूछताछ करना चाहती है। इस मामले से जुड़े दो लोगों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मामले की जांच से जुड़े दोनों लोगों ने पहचान नहीं बताने की शर्त पर समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस से बात की क्योंकि वे इस बारे में बोलने के लिए अधिकृत नहीं थे। इससे पहले समाचार पत्र 'न्यूयॉर्क टाइम्स ने एफबीआई की मैसाचुसेट्स एयर नेशनल गार्ड के जवान से पूछताछ करने की रुचि की सूचना दी थी।

पाकिस्तान में टीवी चैनल के मार्केटिंग हेड हिंदू युवक का अपहरण

पेशावर , एजेंसी। पाकिस्तान में एक प्रमुख चैनल बोल न्यूज में काम करने वाले हिंदू युवक का अपहरण कर लिया गया। जानकारी के अनुसार किडनैप किए गए आकाश राम बोल न्यूज के मार्केटिंग हेड हैं जिनको मंगलवार की सुबह उसी वाहन से अगवा किया गया जिसमें अक्सर चैनल के दफ्तर के बाहर देखा जाता था। आकाश की मां ने पाकिस्तान सरकार से बेटे की सुरक्षित रिहाई की गुहार लगाई है। आकाश की मां ने टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि मुझे मेरा बेटा वापस कर दो। उन्होंने बताया, मेरे छोटे बेटे ने मुझे बताया कि आकाश को कोई उठाकर ले गया, हमारा क्या कसूर है..इस मुल्क में ऐसा क्यों होता है। हमने पाकिस्तान के लिए क्या कुछ नहीं किया। आकाश तो गरीबों की मदद करता है, काम करता है। मेहरबानी करके मेरा बेटा लौटा दो। वहीं बोल न्यूज के सीनियर पत्रकार समी अब्राहम ने कहा कि बोल टीवी पर लंबे समय से जुल्म हो रहा है। पहले उनके चैनल के प्रेसिडेंट को अगवा किया गया उसके बाद वाइस प्रेसिडेंट को।

दुनिया के 100 सबसे इंफ्लूएंशल लोगों की लिस्ट जारी, शाहरुख और राजामौली को मिली जगह

न्यूयॉर्क, एजेंसी।
भारतीय अभिनेता शाहरुख खान, फिल्म निर्देशक एस.एस. राजामौली, लेखक सलमान रुश्दी और टेलीविजन प्रस्तोता और निर्णायक पद्मा लक्ष्मी 2023 के दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल हैं। टाइम पत्रिका ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, महाराजा चार्ल्स, सीरिया में जन्मीं तैराक और कार्यकर्ता सारा मर्दिनी और युसरा मर्दिनी, मॉडल बेला हदीद, अरबपति सीईओ एलन मस्क और प्रतिष्ठित गायिका और कलाकार ब्योंसे भी शामिल हैं।

सह कलाकार दीपिका पादुकोण द्वारा लिखे गए खान के परिचय में कहा गया है, किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसे वह बहुत करीब से जानती हैं और जो उनकी तहेदिल से देखभाल करता है, 150 शब्द कभी भी शाहरुख खान के साथ न्याय नहीं करेंगे।

पादुकोण ने कहा, खान को सार्वकालिक महान अभिनेताओं में से एक के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा, लेकिन जो वास्तव में उन्हें अलग करता है, वह उनका दिमाग, उनकी शिष्टता, उनकी उदारता है। फेहरिस्त लंबी है...। खान ने 2023 'टाइम100 रीडर पोल जीता था, जिसमें पाठकों ने उन व्यक्तियों के लिए मतदान किया था जिन्हें वे टाइम की सबसे प्रभावशाली लोगों की वार्षिक सूची में स्थान के लिए सबसे योग्य मानते थे। इस मतदान में डाले गए कुल 12 लाख से अधिक वोटों में से अभिनेता को चार प्रतिशत मत मिले थे। राजामौली के लिए, अभिनेत्री आलिया भट्ट ने लिखा है कि 'आरआरआर निर्देशक उन्हें अपने दर्शकों की नब्ज पता है। वह जानते हैं कि कौन सा तार छेड़ना है, कहां और कैसे कैमरा घुमाना है। भट्ट ने कहा, मैं उन्हें शानदार कहानीकार कहती हूं क्योंकि वह वास्तव में कहानियों की विशिष्ट योग्यता और बेफिक्री से प्यार करते हैं। और वह हमें साथ जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत विविध जनसांख्यिकी, स्वाद और संस्कृति वाला एक विशाल देश है, लेकिन राजामौली ने इसे आत्मसात किया और अपनी फिल्मों के माध्यम से हमें एकजुट किया।

स्वीडन ने पाकिस्तान में बंद किया अपना दूतावास

स्टॉकहोल्म , एजेंसी।
स्वीडन ने इस्लामाबाद में अपने दूतावास को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया है। स्वीडन दूतावास की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति के कारण उसने यह फैसला लिया है। स्वीडन ने कहा कि उसके लिए अपने लोगों की सुरक्षा ज्यादा मायने रखती है। बयान में दूतावास ने कहा, माइग्रेशन सेक्शन फिलहाल किसी भी तरह के आवेदनों को संभालने में सक्षम नहीं है। साथ ही, हम अपने वाणिज्य दूतावास, गेरी, स्वीडन या आपके घर के पते पर कोई डॉक्यूमेंट्स भी नहीं भेज सकते हैं। हम समझते हैं कि इससे आपको असुविधा होगी। लेकिन हमारे आवेदकों और कर्मचारियों के सदस्यों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दूतावास ने आगे कहा, फिलहाल हम फिर से दूतावास खोलने के संबंध में किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे सकते हैं। अगर आपका किसी भी मामले को लेकर कोई सवाल है तो कृपया प्रवासन एजेंसी से संपर्क करें। आपके धैर्य के लिए धन्यवाद। स्वीडन के दूतावास द्वारा उठाए गए कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए, स्वीडन में पाकिस्तानी दूतावास ने ट्वीट किया, कई पाकिस्तानी छात्र जो इस साल स्वीडिश विश्वविद्यालयों के लिए अप्लाई कर रहे हैं वे हमसे स्थिति के बारे में पूछ रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वे जल्द ही वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा हमारे दीर्घकालिक संबंधों का एक महत्वपूर्ण पहलू है और

छात्र दोनों देशों के बीच पुल का काम करते हैं।

एआरवाई न्यूज के मुताबिक, प्रवासी पाकिस्तानी स्वीडन में अपने परिवारों को फोन नहीं कर पा रहे हैं और इधर इस्लामाबाद में दूतावास बंद कर दिया गया है। राजनयिक सूत्रों ने कहा कि आमतौर पर स्वीडिश वीजा जारी करने में 4 से 6 महीने लगते हैं। राजनयिक सूत्रों का हवाला देते हुए, पाकिस्तान स्थित एक समाचार चैनल ने बताया कि संबंधित विदेश कार्यालय के अधिकारियों द्वारा इस मुद्दे को लेकर स्वीडिश दूतावास से भी संपर्क किया गया है। विदेश मंत्रालय के सचिव असद मजीद खान को प्रवासी पाकिस्तानियों और छात्रों द्वारा स्थिति से अवगत कराया गया है। इस बीच, स्वीडन के दूतावास के सूत्रों ने कहा कि वे वर्तमान में दूतावास को फिर से खोलने के बारे में कुछ नहीं कह सकते है। इसी साल स्वीडन में कुछ कट्टरपंथियों ने मुस्लिम धर्म की पवित्र किताब कुरान की प्रति जलाई थी। इसको लेकल दुनिया भर के कई हिस्सों में स्वीडन के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन हुआ। स्वीडन में कुरान की प्रति जलाये जाने के बाद पाकिस्तान ने भी गुस्सा जाहिर किया था। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि यह घटना बेहद दुखद और शर्मानक है।

दो करोड़ साल से भी पहले अफ्रीका में जंगली घास के मैदानों का विकास हुआ : नया अध्ययन

वाशिंगटन, एजेंसी। मानव विकास अफ्रीका के पर्यावरण और परिदृश्य से मजबूती से जुड़ा हुआ है, जहां हमारे पूर्वज पहली बार अस्तित्व में आए थे।

पारंपरिक वैज्ञानिक आख्यान के अनुसार, अफ्रीका कभी तट से तट तक फैले विशाल जंगलों का एक हरा-भरा रमणीय स्थल था। इन हरे-भरे आवासों में, लगभग दो करोड़ 10 लाख वर्ष पहले, वानरों और मनुष्यों के शुरुआती पूर्वजों ने सबसे पहले लक्षण विकसित किए - जिसमें सीधी पीठ होना भी शामिल था - जो उन्हें उनके बंदर भाइयों से अलग करता था। लेकिन फिर, कहानी आगे बढ़ी, वैश्विक जलवायु ठंडी और खुश्क हो गई, और जंगल सिकुड़ने लगे। लगभग एक करोड़ वर्ष पहले, घास और झाड़ियाँ जो शुष्क परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम थीं, ने जंगलों की जगह पूर्वी अफ्रीका में फैलना शुरू कर दिया। सबसे पुराने होमिनिन्स, हमारे दूर के पूर्वज, जंगल के अवशेषों से बाहर निकल आए जो घास से ढके सवाना में रहने लगे। विचार यह था कि इस नए पारिस्थितिकी तंत्र ने हमारे वंश के लिए एक आमूल-चूल परिवर्तन किया- हम द्विपाद बन गए। लंबे समय से, शोधकर्ताओं ने अफ्रीका में घास के मैदानों के विस्तार को कई मानव लक्षणों के विकास से जोड़ा है, जिसमें दो पैरों पर चलना, औजारों का उपयोग करना और शिकार करना शामिल है। इस सिद्धांत की प्रमुखता के बावजूद, पेलियोन्टोलॉजिकल और पेलियोक्लिमेटोलॉजिकल रिसर्च से बढ़ते प्रमाण इसे कमजोर करते हैं। हाल के दो पत्रों में, केन्याई, युगांडा, यूरोपीय और अमेरिकी वैज्ञानिकों की हमारी बहु-विषयक टीम ने निष्कर्ष निकाला कि विकासवादी कहानी के इस संस्करण को त्यागने का समय आ गया है। एक दशक पहले, हमने शुरू किया था, जो उस समय पेलियोएन्थ्रोपोलॉजी में एक अनूठा प्रयोग था-शुरुआती वानरों के विकास और विविधीकरण पर एक क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य बनाने के लिए कई स्वतंत्र शोध दल एक साथ शामिल हुए। पूर्वी अफ्रीकी कैटरहाइन और होमिनोइड इवोल्यूशन पर शोध के लिए लघु परियोजना, जिसे आरईएसीएचई नाम दिया गया, इस आधार पर थी कि कई स्थानों के साक्ष्य से निकाले गए निष्कर्ष व्यक्तिगत जीवाश्म साइटों से व्याख्याओं की तुलना में अधिक शक्तिशाली होंगे।

फ्रांस में लग्जरी ब्रांड्स के शोरूम में तोड़फोड़

पेरिस एजेंसी। पेरिस में नई पेंशन योजना का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार को कई लग्जरी ब्रैंड्स के शोरूम में तोड़फोड़ कर दी। सड़क पर खड़ी गाड़ियों में आग भी लगा दी। प्रदर्शन के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पेरिस समेत कई शहरों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, 3 लाख 80 हजार लोग सड़कों पर उतरे। इनमें से 42 हजार लोगों ने पेरिस में प्रोटेस्ट किया।

दरअसल, फ्रांस में नई पेंशन योजना का विरोध पिछले 3 महीन से जारी है। इसके तहत रिटायरमेंट की उम्र 62 से बढ़ाकर 64 की गई है। मार्च 2023 में रिटायरमेंट एज बढ़ाने वाला बिल संसद में पारित होकर कानून बन गया था। इसका विरोध हुआ, जिसके बाद आज फ्रांस की कॉन्स्टिट्यूशन काउंसिल फैसला सुनाएगी कि आखिर ये कानून संविधान की नजर में सही है या नहीं और क्या इसे लागू किया जाना चाहिए या नहीं। जनवरी 2023 में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेंशन सुधार की बात कही। इसको लेकर बनाई गई योजना के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन शुरू हुए। इसमें कहा गया कि योजना से जुड़ा एक बिल संसद में पारित होने के बाद रिटायरमेंट की उम्र को 62 से बढ़ा कर 64 कर देगा। साथ ही पूरी पेंशन के लिए जरूरी न्यूनतम सेवा काल की अवधि को भी बढ़ा देगा। यानी 2027 से लोगों को पूरी पेंशन लेने के लिए कुल 43 साल काम करना होगा। अभी तक ये न्यूनतम सेवा काल 42 साल था। ये बिल 11 मार्च 2023 को सीनेट (फ्रांस की संसद का अपर हाउस) में पास हो गया। इसके बाद 16 मार्च को एक जॉइंट कमेटी ने इसे रिव्यू करके अप्रूव कर दिया। 17 मार्च को संसद को दोनों सदनों में इस पर फाइनल वोटिंग होनी थी। लेकिन नेशनल असैंबली में प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने संवैधानिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए बिना वोटिंग के ही बिल पास करवा दिया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555